

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद
रविवार, 22 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष 07 संवत 2081
रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित
वर्ष : 2, अंक : 251
मूल्य ₹ 3 पृष्ठ संख्या : 12



भारतीय बैडमिंटन के लिए निराशाजनक रहा यह साल ▸ 10

खैबर पख्तूनख्वा में 16 सैनिकों की मौत, 8 घायल ▸ 12


# बकाये की राशि विकास में सहायक होगी

संडे खास

**अयोध्यानाथ मिश्र**

संसाधन अभिवृद्धि को लेकर राज्य सरकार की चिंता एवं सचेष्टता इस दिशा में प्रयास की महत्वपूर्ण कड़ी है. चुनावी राजनीति ने बड़ी तेजी से मांगों में वृद्धि की है, जिसे लोकहित में संतुलित करना दुष्कर नहीं तो कठिन जरूर है. सरकार द्वारा केंद्रीय सरकार या केंद्रीय पब्लिक सेक्टर इकाईयों से बकाये की पुरजोर मांग समय सापेक्ष कहा जाएगा. किसी भी राज्य के समक्ष समग्र विकास के लिए संसाधनों की सर्वाधिक अपेक्षा होती है. यह संसाधन केवल स्वकर राजस्व या गैरकर राजस्व ही नहीं होते अपितु विभिन्न प्रकार से राज्य को मिलने वाले करांश समर्थन सहायक अनुदान ऋण आदि भी उसी के अंग हैं. प्रत्येक राज्य की सामाजिक -आर्थिक स्थिति समरूप हो और अर्थोपाय उसी के आलोक में हों यह भी संभव नहीं है. यही कारण है कि संतुलित क्षेत्रीय विकास की अवधारणा के आलोक में देश की आर्थिक -भौतिक नीतियां, योजनाएं एवं कार्यक्रम बनायी जाती हैं. देश के समक्ष विकास की अवधारणा और चेतना में सारे प्रक्रम एक अदद नागरिक के चारों ओर घूमते हैं. राज्यों के संसाधन सीमित हैं और क्षेत्रीय आधार पर उनमें भिन्नता भी है. जीएसटी और करों के व्यापक सरलीकरण के प्रसंग में उत्पादक और उपभोक्ता दो प्रमुख श्रेणियां तो बनती ही हैं, राज्यों की इकोनॉमी को इसी आलोक में देखा जाता है और आर्थिक समर्थन भी देना प्रासंगिक होता है.



> अगर राज्य का उचित देय बरसों तक लंबित या विलंबित रहे, तो इसे क्षेत्रीय संतुलित विकास के आईने में समीचीन नहीं कहा जाएगा. राज्य सरकार विगत कई वर्षों से खनिज संपदा के उत्खनन पर लंबित करांश एवं कतिपय अन्य आर्थिक -वित्तीय विषयक 1. 36 लाख करोड़ लंबित मांग होने का प्रश्न उठा रही है. यह बकाया 2022 तक की बतायी जा रही है. संभव है इनमें कुछ और वृद्धि हुई हो. इसमें लंबित या बिलंबित मांग को अलग-अलग ढंग से समेकित रूप से व्याख्यायित किया गया है. इस समेकित राशि में कौन-कौन से मांग समाहित हैं, इसको मुख्यमंत्री ने भलीभांति रखा है.

राज्यों के अपने संसाधन को शिक्षा,स्वास्थ्य, कृषि ,बिजली ,पानी, ढांचागत विकास ,रोजी- रोटी,रोजगार आदि के लिए पर्याप्त या अनुकूल मान लिया जाए तो फिर असंतुलन समाप्त नहीं हो सकता . इसीलिए फेडरल सिस्टम ऑफ़ गवर्नेंस में देश के सभी राज्यों को समग्रता के साथ देखा जाता है और उसी के अनुरूप आर्थिक- वित्तीय ताना- बाना बुना जाता है.



साढ़े तीन करोड़ आबादी एवं प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर झारखंड ने 25 वर्षों के कालखंड में समग्र विकास की दिशा में कुल कितने कदम बढ़ाये हैं, यह अब समीक्षा का विषय नहीं रह गया है. सामाजिक आर्थिक मानदंड इसकी पुरजोर वकालत कर रहे हैं. इसलिए जीवन निर्वाह और प्रगति के सार्थक प्रश्न अगर कुछ लंबित हैं और निरंतर दस्तक दे रहे हैं, तो यह विषय आज के संदर्भ में सर्वथा विचारणीय हैं और चुनौती भी. राज्य सरकार विगत कई वर्षों से खनिज संपदा के उत्खनन पर लंबित करांश एवं कतिपय अन्य आर्थिक -वित्तीय विषयक 1. 36 लाख करोड़ लंबित मांग होने का प्रश्न उठा रही है. यह बकाया 2022 तक की बतायी जा रही है.संभव है इनमें कुछ और वृद्धि हुई हो.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा एतद विषयक प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र इसे खुलासा करने के लिए पर्याप्त है.
इसमें लंबित या बिलंबित मांग को अलग-अलग ढंग से समेकित रूप से व्याख्यायित किया गया है. इस समेकित राशि में कौन-कौन से मांग समाहित हैं, इसको मुख्यमंत्री ने भलीभांति रखा है.
कोयला कंपनियों द्वारा अधिग्रहित भूमि के मुआवजे की राशि एवं उस पर वर्धित सूद की रकम, मिनरल कंसेशन रूल्स 1960( 64 बीसी ) के आलोक में धुले कोयले की रॉयल्टी बकाया जैसे विषय इनमें महत्वपूर्ण हैं . इसी के साथ मुख्यमंत्री के प्रसंगाधीन पत्र में भू- अधिग्रहण से संबंधित मुआवजे का भी मामला बड़ा विषय है.
प्राकृतिक संसाधन बहुल राज्यों में खनिज उत्खनन- उत्पादन आय के मूल स्रोत होते हैं.साथ ही इनके आस-पास या चारों ओर फैले सहायक उद्योग राज्य या क्षेत्रीय विकास तथा संसाधन के आधार होते हैं. झारखंड ऐसी स्थिति में खड़ा है, जहां कारण चाहे जो भी रहे हों, संसाधनों और विशेष कर खनिज संसाधनों का क्षेत्रीय हित में बेहतर वैल्यू एडिशन नहीं हो पाया है. दूसरी और कोयला, लौह अयस्क, अबरक आदि के उत्खनन क्षेत्र में पर्यावरण संतुलन भूगर्भीय स्थिति और रेडिएशन के परिणाम आसपास में दिखाई देते हैं. क्षेत्रीय आबादी को लाभ कम नुकसान अधिक झेलना पड़ता है. रोजगार सेवायोजन के साथ- साथ अन्य लोकोपयोगी सुविधाओं की दशा भी दयनीय ही कही जाएगी. झारखंड के किसी भी प्रमुख खनिज क्षेत्र में जहां से अकूत संसाधन पृथ्वी के गर्भ से निकलता है, वहां कम से कम बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, पानी, आवास आदि की भी सुविधा उपलब्ध नहीं करायी जा सकी है. राज्य में पसरी खदानों के आसपास जनजीवन इस बात की गवाही देता है .सुरक्षा की तो दुर्घटनाएं मुंह चिढ़ाती हैं. दूसरी ओर अनेक प्रकार के अपराध माफियागिरी की और भ्रष्टाचार की बातें सुनायी पड़तीं हैं. हमारे संसाधनों के बाहुल्य का वैश्विक उपयोग होता है , राष्ट्रीय समृद्धि एवं समग्र उत्थान में इनकी भूमिका है, पर अगर राज्य का उचित देय बरसों तक लंबित या विलंबित रहे, तो इसे क्षेत्रीय संतुलित विकास के आईने में समीचीन नहीं कहा जाएगा.

राज्य के समक्ष प्रति व्यक्ति आय, निवेश, जीएसडीपी को समृद्ध राज्यों को छोड़ दीजिए, देश के औसत स्तर तक पहुंचाना चुनौती है. एक भी शिक्षा, स्वास्थ्य संस्थान देश स्तर पर उल्लेखनीय नहीं हैं. कृषि उपज और किसानों की दशा, रोजगार, स्वरोजगार के साथ ही अनुसूचित जनजाति जाति बहुल समाज जीवन के लिए कल्याण एवं संरक्षण का मामला बड़ा विषय है.ऐसे में केंद्र और राज्य सरकार सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर कल्याणकारी समाधान का मार्ग निकालें तो बेहतर. मुख्यमंत्री ने इस दिशा में सहभागी प्रयास की अपील की है जो राज्य हित में है. सार्थक पहल परिणामी होगा ऐसा विश्वास है, पर अपेक्षा यह भी है कि इसके विनियोजन का रोड मैप उत्पादक हो, उत्कृष्ट आर्थिक प्रबंधन आधारित राज्य के उत्कर्ष के लिए हो, न कि अनुत्पादक मदों में बहा दिया जाए.

---

## न्यूज इन ब्रीफ



### ओपी चौटाला का अंतिम संस्कार

**गुरुग्राम ।** हरियाणा के पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई. उनका शनिवार को अंतिम संस्कार हो गया. इस दौरान उनके अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे. चाहे राजनेता हो या फिर पार्टी कार्यकर्ता या आम लोग. सभी अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे थे. इसके पहले उनका पार्थिव शरीर गुरुग्राम के तेजा खेड़ा लाया गया, जहां हजारों लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए. केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने सिरसा में हरियाणा के पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि दी.

### एएसआई की टीम कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची

**लखनऊ ।** यूपी के संभल में लगातार दूसरे दिन शनिवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) टीम का सर्वे जारी रहा. एएसआई टीम सुबह सबसे पहले कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची. इसके बाद टीम ने मंदिर के पास स्थित कृष्ण कूप का निरीक्षण किया. ऊंची-ऊंची दीवारों से घिरा हुआ कृष्ण कूप विवादित जामा मस्जिद से कुछ दूरी पर स्थित है. कूप के अंदर झाड़ियां और गंदगी फैली होने के कारण नगर पालिका की टीम के द्वारा साफ-सफाई की जा रही है. संभल के डीएम राजेंद्र पैंसिया ने एएसआई को पत्र लिखकर जिले में स्थित प्राचीन तीर्थ स्थलों और कूपों का निरीक्षण करने की मांग की थी.

## कार्टून कोना




---

**जीएसटी काउंसिल की बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड की रखी बात कहा-**

# झारखंड बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा...

**विशेष संवाददाता । रांची**

जीएसटी काउंसिल की राजस्थान के जैसलमेर में आयोजित बैठक में शनिवार को झारखंड ने अपनी बातों को प्रमुखता से उठाया. राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि वर्ष 2017 से 2022 तक झारखंड ने मुआवजा कर के रूप में देश को 41 हजार करोड़ रुपए का योगदान दिया. वहीं राज्य को केंद्र से करीब14 हजार करोड़ रुपए मुआवजे के रूप में प्राप्त हुए. केंद्र को 2023-24 में दो हजार 18 लाख करोड़ मिले, जिस में राज्य का योगदान 34.734 करोड़ है. जीएसटी में झारखंड के योगदान के अनुरूप मुआवजा नहीं मिलता. हमारी मांग है कि जीएसटी से झारखंड को मिलने वाली राशि की अवधि अगले पांच साल तक बढ़ायी जाए.

- चालू वित्तीय वर्ष में 2 हजार 18 लाख करोड़ में झारखंड का योगदान 34 .734 करोड़

किशोर ने पांच वित्तीय वर्षों का लेखा-जोखा रखते हुए बताया कि पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय अनुदान की राशि में कमी आती गयी. इसके कारण राज्य की माली हालत खराब होती चली गयी. अपने संसाधन और स्रोत पर निर्भरता बढ़ती गयी. उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2019-20 में 12,302.67 करोड़, 2020-21 में 11,993.41 करोड़, 2021-22 में 10,666.85 करोड़, 2022-23 में 10,893.54 करोड़, 2023-24 में 9,146.26 करोड़ और 2024-25 में यह घट कर 4,642.30 करोड़ आ गया. मतलब साफ है कि राज्य में हेमंत सरकार के गठन के साथ ही केंद्रीय राशि में कमी की जाती रही है.

### 2019 में हेमंत सरकार बनने के बाद से लगातार पांच सालों में केंद्रीय अनुदान की राशि घटती गयी, यह चिंता का विषय



### 5 59.81 करोड़ में महज 35.74 करोड़ ही मिले

वित्त मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-2023 के जून 2022 तक केंद्र सरकार के पास लगभग 559.81 करोड़ रुपए की राशि बकाया थी, जिसमें वर्तमान वित्तीय वर्ष में मात्र 35.74 करोड़ रुप्ए का मुआवजा मद में प्राप्त हुए. इसलिए शेष 524.07 करोड़ बकाया राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाए.

**जीएसटी में संरचनात्मक बदलाव से अंतर्राज्यीय आपूर्ति पर राज्यस्व शून्य हो गया :** किशोर ने कहा कि झारखंड छोटा विनिर्माता राज्य है, माल और सेवा कर प्रणाली के क्रियान्वयन से इसके आंतरिक राजस्व संग्रहण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. औद्योगिक उत्पादन एवं खनिजों की अधिकांशतः अंतर्राज्यीय आपूर्ति होती है. वैट अवधि में अंतर्राज्यीय आपूर्ति पर राज्य को सीएमटी के रूप में राजस्व संग्रहण की प्राप्ति होती है. परंतु जीएसटी के संरचनात्मक बदलाव से अंतर्राज्यीय आपूर्ति पर राजस्व की प्राप्ति शून्य हो गई है. वैट में चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 16 प्रतिशत थी, जबकि जीएसटी में यह गिर कर 10 प्रतिशत हो गई.

**मुआवजा उपकर को अगले पांच वर्ष तक बढ़ाया जाए :** मंत्री ने बताया कि मुआवजा उपकर जुलाई 2022 से समाप्त हो गया, पर इसकी अवधि 31 मार्च 2026 तक बढ़ायी गई है. वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में प्रोजेक्टेड रेवन्यू के अनुसार केंद्र से मुआवज़े का भुगतान होने से राज्य को 4 हजार 339 करोड़ एवं 5 हजार 8 सौ 8 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होती. ऐसे में इसके बाद भी राज्यों के लिए मुआवज़ा उपकर को अगले 5 वर्षों के लिए बढ़ाने की कृपा करें.

## पुरानी कारों की बिक्री पर अब 18% जीएसटी

**एजेंसियां । जैसलमेर**

देश में पुराने और यूज्ड वाहनों का मार्केट काफी बढ़ गया है. तमाम कंपनियां पुराने वाहनों को कम दाम पर सेल कर रही है, लेकिन इन ओल्ड व्हीकल्स की बिक्री पर लगने वाले टैक्स को लेकर शनिवार को जीएसटी काउंसिल की राजस्थान के जैसलमेर में आयोजित 55वीं बैठक में बड़ा फैसला लिया गया.
दरअसल, जीएसटी काउंसिल की बैठक में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स समेत पुराने वाहनों की बिक्री पर टैक्स में इजाफा किए जाने पर सहमति बन गई है. इसे 12 फीसदी से बढ़ा कर अब 18 फीसदी करने पर सहमति बनी है.
**काउंसिल की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर :** बदले गए जीएसटी कंपनियों या फिर डीलर्स द्वारा बेची गई पुरानी कारों से जुड़े लेन-देन पर लागू होंगे. मतलब काउंसिल द्वारा ये संशोधित रेट्स मार्जिन के साथ बेचे जाने वाले और इससे सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों द्वारा खरीदे जाने वाले वाहनों पर लागू होते हैं. हालांकि, पुराने वाहन बेचने या खरीदने वाले व्यक्तियों पर 12 फीसदी की दर से ही टैक्स लागू रहेगा. यानी इंडिविजुल खरीदारों और विक्रेताओं पर कोई असर नहीं होगा.

---

# पीएम मोदी पहुंचे कुवैत, तुरही बजाकर भारतीय समुदाय ने किया भव्य स्वागत



**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय आधिकारिक दौरे के लिए शनिवार को कुवैत पहुंच गए. इस दौरे के दौरान पीएम मोदी खाड़ी देश के नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे. पीएम मोदी कुवैत पहुंचते ही भारतीय प्रवासियों से मुलाकात की है. इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी ने कुवैत सिटी में 101 वर्षीय पूर्व आईएफएस अधिकारी मंगल सेन हांडा से भी मुलाकात की. **पीएम मोदी के दौरा से भारतीय प्रवासियों में खुशी की लहर :** मोदी के कुवैत पहुंचने के बाद वहां रह रहे प्रवासियों में खुशी की लहर है. एक भारतीय प्रवासी ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, पीएम नरेंद्र मोदी ने हमारा प्रदर्शन देखा. यह बहुत गर्व का क्षण है. यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है. अपनी पूरी टीम की ओर से हम पीएम मोदी के शुक्रगुजार हैं. उन्होंने हमसे हमारे नाम पूछे. हम बहुत खुश हैं.

### कांग्रेस का अंबेडकर सम्मान सप्ताह आज से

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस ने अंबेडकर के मुद्दे पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर देशव्यापी आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है. प्रमुख विपक्षी पार्टी अगले सप्ताह को अंबेडकर सम्मान सप्ताह के रूप में मनाएगी. कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को यहां एक वक्तव्य में कहा कि गृह मंत्री के इस्तीफ़े की मांग को लेकर हमारा आंदोलन जारी रहेगा. हम मनुस्मृति के उपासकों के खिलाफ बाबासाहेब की विरासत की रक्षा के लिए लड़ेंगे. कांग्रेस पार्टी आगामी सप्ताह को डॉ. अंबेडकर सम्मान सप्ताह के रूप में मनाएगी.

**इंस्टेंट लोन ऐप्स पर सरकार का बड़ा कदम**

## 7 साल की सजा और एक करोड़ का जुर्माना

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

केंद्र सरकार ने एक नया प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत रिजर्व बैंक या अन्य नियामक एजेंसियों की मंजूरी के बिना लोन देना या किसी तरह का कोई ट्रांजैक्शन करना गैर जमानती अपराध माना जाएगा और इसके लिए जुर्माने के साथ दस साल तक की जेल होने की भी बात कही गई है. इसके पीछे सरकार का मकसद उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए अनियमित लोन देने की गतिविधियों पर रोक लगाना है.
डिजिटल लोन को लेकर आरबीआई की वर्किंग ग्रुप ने नवंबर 2021 में अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए अनियमित लोन पर रोक लगाने के लिए कानून पेश करने सहित कई उपाय सुझाए थे. इनमें रिजर्व बैंक या अन्य रेगुलेटेड बॉडी में रजिस्ट्रेशन के बिना पब्लिक लेंडिंग में सक्रिय रहने वालों पर प्रतिबंध लगाए जाने की बात कही गई थी. हालांकि, इसमें अपने रिश्तेदार या जान-पहचान वालों से लोन लेने वालों को शामिल नहीं किया गया था.



### कानून का उल्लंघन करने पर होगी सजा

सरकार ने अपने प्रस्ताव में कहा कि अगर कानून का उल्लंघन करते हुए कोई डिजिटली या अन्य तरीके से लोन देता है, तो उसे कम से कम दो साल कैद की सजा हो सकती है, जिसकी अवधि सात साल तक बढ़ाई जा सकती है. इसके साथ ही दो लाख रुपये से एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी हो सकता है. विधेयक में यह भी कहा गया कि अगर ऋणदाता, उधारकर्ता या संपत्ति कई राज्यों या केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित है या कुल राशि इतनी बड़ी है कि जिससे सार्वजनिक हित महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित हो तो जांच सीबीआई को सौंप दी जाएगी.

**इंस्टैंट लोन ऐप बना सिरदर्द :** दरअसल, बीते कुछ सालों में मोबाइल के जरिए इंस्टैंट देने के मामले में तेजी आई है. अक्सर इन पर इंटरेस्ट रेट अधिक होता है, कई अघोषित शुल्क जुड़े होते हैं, लोन की वसूली भी आक्रामक तरीके से की जाती है. कई बार इन सबसे इंसान इतना परेशान हो जाता है कि वह खुदकुशी कर लेता है. इसे देखते हुए सितंबर 2022 से अगस्त 2023 तक गूगल ने अपने प्ले स्टोर से 2,200 से ज्यादा ऐसे ऐप हटा दिए हैं.

---

**आतंकवाद** रूस के कजान में भी हुआ अमेरिका की तरह 9/11 जैसा हमला

# कई इमारतों से टकराए ड्रोन, लगी आग, भारी तबाही

**एजेंसियां । कजान**

रूस के कजान शहर में बड़ा ड्रोन हमला हुआ है. रूसी मीडिया के अनुसार, कजान में कई बहुमंजिला इमारतों से ड्रोन्स टकराए हैं. यह हमला अमेरिका में साल 2001 में हुए 11 सितंबर जैसे हमले की तरह किया गया है.

इस हमले में हुए नुकसान की अभी जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन जिस तरह से ड्रोन्स रिहायशी इमारतों से टकराए हैं और इमारतों में धमाके हुए और आग लगी, उससे भारी तबाही की आशंका है. हमले के वीडियो भी सामने आए हैं. वहीं रूस के कुर्स्क क्षेत्र में रिलस्क शहर में यूक्रेन के मिसाइल हमले में एक बच्चे समेत 10 लोगों की मौत की खबर है. हमले में 10 अन्य लोग घायल भी हुए हैं. यूक्रेन पर लगे ड्रोन हमले के आरोप मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ये हमले यूक्रेन की तरफ से किए गए हैं. ड्रोन्स हमलों के बाद कजान एयरपोर्ट पर हवाई सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं. कजान शहर रूस की राजधानी मॉस्को से करीब 800 किलोमीटर पूर्व में स्थित है. कजान की छह रिहायशी इमारतों पर ये ड्रोन हमले हुए हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कजान शहर यूक्रेन की सीमा से करीब 900 किलोमीटर पूर्व में स्थित है और पूर्व में भी यूक्रेन की तरफ से कजान में ड्रोन हमले किए गए हैं. रूसी रक्षा मंत्री ने दावा किया है कि उनके बलों ने 12 यूक्रेनी ड्रोन्स को तबाह किया है. यूक्रेनी मीडिया का दावा है कि बीती रात रूस के रोस्तोव में भी दो तेल डिपो में आग लगने की घटना हुई. यह आग भी कथित यूक्रेनी ड्रोन हमले के चलते लगी.




रूस का आर्थिक पावर हाउस है कजान शहर बीते अक्तूबर में ही कजान शहर ब्रिक्स सम्मेलन के चलते दुनिया भर में चर्चा में रहा था. रूस ने कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया था. भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उस ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे. कजान का रूस के इतिहास में अहम स्थान है और ये शहर रूस के उद्योग, संस्कृति और धर्म का प्रमुख केंद्र है. इसे रूस की तीसरी राजधानी या खेल राजधानी भी कहा जाता है.

## झारखंड में विधि व्यवस्था को लेकर सरकार गंभीर

# कई आइपीएस की स्थानांतरण की चल रही तैयारी

संवाददाता। रांची




राज्य में विदि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सरकार गंभीर है. सरकार ने पुलिस अदिकारियों को हर हाल में विधि-व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है. इसके मद्देनजर सरकार कुछ आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थपान करने का विचार कर रही है. राज्य में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये सरकार द्वारा तेज तर्रार आईपीएस अधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपने को मंथन किया जा रहा है.जल्द ही कई अधिकारियों का ट्रांसफर-पदस्थापन किया जा सकता है.

मिली जानकारी के अनुसार, विभाग ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है. बैठकों का दौर भी जारी है. जिलों केएसपी , रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी को बदले जाने की तैयारी है. उम्मीद जतायी जा रही है कि सरकार जनवरी 2025 के पहले सप्ताह में अफसरों का तबादला करेगी. मिली जानकारी के मुताबिक, सरकार की तरफ से विधानसभा चुनाव के बाद किये जाने वाले तबादले की चर्चाओं के बीच कई अधिकारियों ने अभी से ही मनचाही पोस्टिंग के लिए जुगाड़ लगाना शुरू कर दिया है.

बताया जा रहा है कि झारखंड सरकार राज्य में विधि व्यवस्था को बेहतर करने के लिए अच्छे परिणाम नहीं देने वाले कई आईपीएस अफसर का तबादला करेगी. सरकार द्वारा ऐसे अधिकारियों के काम की समीक्षा की जा रही है. साथ ही जिले में कप्तान बदलने के लिये अपराध का ग्राफ भी देखा जा रहा है. जिन जिलों में आपराधिक घटनाओं में इजाफा हुआ है, उन जिलों के एसपी के कामकाज की समीक्षा की जा रही है. अपराध पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो रहे जिलों के एसपी को बदला जा सकता है.

### जनवरी 2025 में आईएस अफसरों की हो सकती है प्रोन्नति

वहीं, मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार रांची के डीआई अनूप बिरथरे, हजारीबाग के डीआईजी सुनील भास्कर और जैप के डीआईजी पटेल मयूर कन्हैयालाल को जनवरी 2025 में आईजी रैंक में प्रोन्नति मिल सकती है. इसके साथ ही रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग, विशेष शाखा के एसपी चंदन कुमार झा, झारखंड जगुआर के एसपी प्रियदर्शी आलोक, सीआईडी के एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा और जैप-3 के कमांडेंट अंबर लकड़ा को भी जनवरी में डीआईजी रैंक में प्रोन्नति मिल सकती है.

## झारखंड में हर दिन 16 लोगों की जा रही जान

संवाददाता। रांची

झारखंड के अलग-अलग जिलों में सड़क हादसे में लोगों की मौत हो रही है. साथ ही हत्या की वारदातों में भी लोगों की जान जा रही है. हत्या व सड़क हादसे में मौत का सिलसिला लगातार जारी है. औसतन राज्य में हर दिन में सड़क दुर्घटना में 11 लोग जान गवां रहे हैं, तो वहीं विभिन्न मामलों को लेकर हत्या में औसतन हर दिन पांच लोगों की जान जा रही है. झारखंड पुलिस की रिपोर्ट में ही इसका खुलासा हुआ है. झारखंड पुलिस की जारी रिपोर्ट के अनुसाल झारखंड में वर्ष 2024 में जनवरी से नवंबर महीने तक सड़क हादसे में 3700 लोगों की जान गयी, वहीं दूसरी तरफ जनवरी से अक्टूबर महीने तक राज्य के अलग -अलग जिले में 1400 लोगों की अलग -अलग वजहों से हत्या कर दी गयी है.

**हर दिन सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की हो रही मौत**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चाईबासा: | 168 | रामगढ़: | 183 |
| लोहरदगा: | 79 | खूंटी: | 110 |
| चतरा: | 104 | पलामू: | 190 |
| जामताड़ा: | 49 | कोडरमा: | 69 |
| जमशेदपुर: | 210 | साहेबगंज: | 58 |
| पाकुड़: | 68 | देवघर: 1 | 32 |
| रांची: | 485 | गिरिडीह: | 214 |
| सराइकेला: | 159 | गोड्डा: | 74 |
| गुमला: | 188 | दुमका: | 190 |
| बोकारो: | 200 | लातेहार: | 93 |
| गढ़वा: | 130 | धनबाद : | 190 |
| सिमडेगा: | 111 | कुल: | 3700 |
| हजारीबाग: | 246 | | |

**हर दिन पांच लोगों की हो रही हत्या**

| | |
|---|---|
| जनवरी: 1 | 41 |
| फरवरी: | 147 |
| मार्च: | 146 |
| अप्रैल: | 146 |
| मई: | 143 |
| जून: | 178 |
| जुलाई: | 125 |
| अगस्त: | 108 |
| सितंबर: | 118 |
| अक्टूबर: | 148 |
| कुल: | 1400 |

### शिक्षकों का प्रमोशन 15 जनवरी तक नहीं तो आंदोलन : शिक्षक संघ

**रांची** । अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शनिवार को कचहरी स्थित शिक्षा परिसर में हुई. संघ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि सर्वसम्मति से तय किया गया कि प्रदेश के प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षकों के ग्रेड 4 में प्रमोशन 15 जनवरी तक जिला द्वारा संपन्न नहीं किया गया तो एक बार फिर आंदोलन का परारूप सामने आयेगा. कार्मिक विभाग के निर्देशानुसार उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद के प्रमोशन के लिये वरीयता तय की जाए. चुनाव के पूर्व शिक्षक को एमएसपी लाभ देने के लिए आगे की कार्रवाई की संचिका बढ़ाई जाए.

### पति की हत्यारी पत्नी और उसके प्रेमी को उम्रक़ैद

**रांची**। अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने की दोषी अजंली देवी और उसके प्रेमी राज मुंडा को रांची सिविल कोर्ट ने उम्रक़ैद की सजा सुनाई है. दोनों को कोर्ट ने शुक्रवार को दोषी करार दिया था. दोनों दोषियों को अपर न्याययुक्त मनीष रंजन की कोर्ट ने सजा सुनाई है. हत्या की यह घटना वर्ष 2021 में खेलगांव थाना क्षेत्र के गाड़ीगांव पाहन टोली में हुई थी. राजू मिर्धा की पत्नी अपने बच्चे के साथ गाड़ीगांव पाहन टोली में किराए के मकान में रहती थी. जबकि राजू गुजरात में रहकर नौकरी करता था. इस बीच राजू मिर्धा की पत्नी अंजली देवी का राज मुंडा से अवैध संबंध शुरू हो गया. राजू मिर्धा की गैरमौजूदगी में राज मुंडा अक्सर उनके घर आना जाना करता था और वह दोनो शादी करना चाहते थे.

#### राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने लगाया एक दिनी प्रशिक्षण शिविर

## आंकड़ों का देश के विकास में है महत्वपूर्ण योगदान : विनीत





**▸ नए साल से होगा असमाविष्ट सेक्टर के उद्यमो का होगा सर्वेक्षण**

संवाददाता। रांची

शहरों और गांवों में रोजी-रोजगार के लिए लाखों तरह के छोटे-छोटे कारोबारों चल रहे हैं, जिनका कहीं कोई लेखा-जोखा या निबंधन नहीं है, जबक़ि सबसे अधिक रोजगार इसी सेक्टर से आता है, जो देश की जीडीपी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है. ऐसे ही अनइनकापरिटेड (असमाविष्ट) सेक्टर के उद्योगों का सर्वेक्षण भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से किया जा रहा है. वार्षिक सर्वेक्षण (आसूस) एक जनवरी 2025 से पूरे साल चलेगा. इसको लेकर सप्तऋषि सेवा सदन, टुपूदाना में शनिवार को प्रशिक्षण शिविर लगाया गया. दिन के दस बजे इसका उद्घाटन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के झारखंड राज्य प्रमुख उप महानिदेशक विनीत कुमार ने किया. मौके पर बड़ी संख्या में अधिकारी और संविदा कर्मी उपस्थित थे. कार्यालय प्रभारी सी सत्यम ने अहम भूमिका निभाते हुए सभी का मार्गदर्शन किया.

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उप महानिदेशक विनीत कुमार ने सर्वेक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला. कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से एकत्रित किए जाने वाले आंकड़ों का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है, क्योंकि किसी भी तरह की योजना जो सरकार के द्वारा चलाई जाती है, उसके लिए सटीक आंकड़ों का होना जरुरी है, ताकि समाज के किसी वर्ग तक और किसी स्थान पर किस प्रकार की योजना लागू की जानी चाहिए, इसका सटीक आकलन हो सके. सटीक आकलन का कार्य राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा किया जाता है. इसके लिए यहां के अधिकारियों और कर्मचारियों के योगदान की सराहना की जानी चाहिए. उन्होंने बताया कि यह कार्य सूचना प्रणाली सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा. आंकड़े सीधे टेबलेट पर एकत्रित किए जाएंगे. सर्वेक्षण अंडमान और निकोबार के दुर्गम इलाकों को छोड़कर संपूर्ण भारत में किया जाएगा. झारखंड राज्य में इसके नमूनों का आकार लगभग 808 प्रतिदर्शो का होगा. यह सर्वेक्षण देश के सतत् विकास के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा. विनीत ने राज्य के लोगो से इसमें सहयोग की अपील की है.

#### किसी वरिष्ठ आंदोलनकारी को चिन्हितीकरण आयोग का अध्यक्ष बनाया जाये

## आयोग गैरआंदोलकारियों का अड्डा, दुर्गा उरांव को अध्यक्ष पद से हटा जाए : सूरज मंडल

- आंदोलकरायियों को 15 हजार रु पेंशन देने की मांग

संवाददाता। रांची



पूर्व सांसद और झारखंड मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. सूरज मंडल ने कहा है कि झारखंड आंदोलन से गहराई से जुड़े किसी वरिष्ठ आंदोलनकारी को ही झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग का अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए. झारखंड आंदोलनकारी क्रांति मोर्चा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल ने कहा कि दुर्गा उरांव जैसे पूर्व पुलिस अफसर के चिन्हितीकरण आयोग का अध्यक्ष बनाने से ही आयोग भ्रष्टाचारी, गैर आंदोलनकारी और जड़ से कटे लोगों का अड्डा बना है. दुर्गा को अध्यक्ष पद से अविलंब हटाने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने और उन्हीं के कारण कुछ लोगों ने अपने स्तर पर लेन-देन कर और आयोग के कुछेक अधिकारियों-कर्मचारियों को पैसा देकर किसी को आंदोलनकारी घोषित करने को धंधा बना लिया है, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हो गयी है.

**पांच वरिष्ठ आंदोलनकारियों को चिह्नित करने की जिम्मेवारी मिले :** डॉ. मंडल ने कहा कि राज्य सरकार को अविलम्ब पांच वरिष्ठ आंदोलनकारियों को आंदोलनकारियों की पहचान के लिये अधिकृत करना चाहिए, ताकि कुछेक लोगों के झूठ-फरेब और पैसे लेकर किसी को झारखंड आंदोलनकारी के रूप में घोषित करने के धंधे पर रोक लगे. कहा कि अबतक जितने लोगों को झारखंड आंदोलनकारी घोषित किया गया है, उन सभी की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन कर अपेक्षित अहर्ता पूरा नहीं करनेवालों को सूची से हटाया जाना चाहिए.

डॉ मंडल ने आंदोलकारियों को 15 हजार रु पेंशन देने की मांग सरकार से की. कहा कि अगले जनवरी महीने में झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें नये सिरे से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष आदि के चुनाव के साथ ही मोर्चा को संगठनात्मक स्तर पर बेहद मजबूत किया जायेगा. दोहराया कि झारखंड आंदोलनकारी क्रांति मोर्चा का आंदोलन केवल झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानजनक पेंशन एवं अन्य सुविधायें देने के साथ ही उनके परिवार के सदस्यों के हितों का ध्यान देने के लिये नहीं है. बल्कि इसका उद्देश्य झारखंडियों की अस्मिता की रक्षा और प्रदेश के सभी लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने में जुटे रहने के लिये निरंतर संघर्ष करना ही है.

## रांची सिविल कोर्ट का डीआईजी ने किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। रांची




डीआईजी अनूप बिरथरे ने शनिवार को रांची सिविल कोर्ट का औचक निरीक्षण किया. डीआईजी दोपहर में अचानक सिविल कोर्ट पहुंचे और सुरक्षा इंतजामों का मुआयना करने लगे.

जैसे ही कोर्ट सुरक्षा प्रभारी व दूसरे जवानों को इसकी सूचना मिली, वैसे ही वे फौरन डीआईजी के पास पहुंचे. डीआईजी ने कोर्ट रूम से लेकर सिविल कोर्ट की बाहरी सरंचना का जायजा लिया. सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को बुलाकर उनसे हर चीज की जानकारी ली. कोर्ट में तैनात सुरक्षा कर्मियों को जो सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये गये हैं, उनकी जांच भी डीआईजी ने की. इस दौरान सुरक्षा को लेकर कई खामियां डीआईजी ने पकड़ी है, जिसे दूर करने का निर्देश दिया.

बता दें कि झारखंड के सभी जिलों में कोर्ट परिसर, जजों के आवासीय परिसर की सुरक्षा की समीक्षा डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की थी. इस दौरान डीजीपी ने रेंज डीआईजी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में जितने भी कोर्ट, आवासीय परिसर व जज हैं, उनकी मॉनटरिंग करेंगे, साथ ही सुरक्षा संबंधी प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराएंगे.

## आर्च बिशप से मिलकर सुबोधकांत सहाय ने दी क्रिसमस की शुभकामनाएं

संवाददाता। रांची



पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शनिवार को आर्च बिशप विंसेंट आइंद सहित कई बिशप से भेंट कर उन्हें क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं. सहाय ने आर्च बिशप हाउस पहुंचे आर्च बिशप विंसेंट आइंद को गुलदस्ता व केक देकर क्रिसमस एवं नए वर्ष की शुभकामनाएं दीं. बिशप आइंद ने उपस्थित सभी को केक खिलाकर क्रिसमस की खुशियां साझा कीं. उन्होंने राज्य और यहां के लोगों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की. इसके बाद सहाय ने कांटाटोली स्थित एजी चर्च के पास्टर जॉन और सीएनआई चर्च के बिशप बी बास्के से भी मिलकर उन्हें गुलदस्ता और केक भेंट कर क्रिसमस तथा नववर्ष की शुभकामनाएं दीं. बिशपों ने भी शुभकामना देते हुए कहा कि क्रिसमस के अवसर पर ईश्वर से प्रार्थना कर झारखंड और यहां के लोगों की खुशहाली और विकास की कामना करते हैं. ईश्वर से प्रार्थना है कि आने वाला वर्ष सभी के लिए खुशियां लेकर आए. कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि क्रिसमस हमें भाईचारा और समाज में एकजुटता का संदेश देता है. सहाय के साथ सुंदरी तिर्की, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार रवि, दीपक लाल, रवि चंद कपूर और दीपक प्रसाद सहित अन्य शामिल थे.

### सड़कों पर रात को गिराया जाता है रसायनयुक्त कचरा

**रांची**। राउरकेला से जमशेदपुर तक आयरन ओर का कचरा ढोन वाले कुछ ट्रकों के जरिए सड़क पर रसायनयुक्त गिला कचरा गिरा दिये जाने से क्षेत्र के लोगों का जीना मुहाल हो गया है. गीला कचरा तो परेशानी का सबब बन ही रहा है, जब कचरा सूख जाता है, तो उसकी रसायनयुक्त धूल से लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कचरे में रसायन मिला होने के कारण लोगों खासकर बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका काफी बुरा असर पड़ रहा है. कचरा ढोने का यह सिलसिला पिछले कई महीनों से जारी है. ट्रकों का कचरा गिरने से और धूल के कारण सड़क किनारे की दुकानों में धूल की मोटी परत जम जाती है. इससे परेशान तोरपा के लोगों ने शनिवार को कचरा ढोने वाले वाहन को पकड़ कर तोरपा थाने के हवाले कर दिया.

#### आदिवासी कल्याण आयुक्त ने आवासीय विद्यालयों का किया निरीक्षण

## कहा-15 अगस्त तक निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण करें

विशेष संवाददाता। रांची



आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को ओबीसी बालिका आवासीय स्कूल के छात्रावास निर्माण कार्य, बुंडू में कल्याण गुरुकुल की महिला प्रशिक्षुओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण एवं बुंडू में बिरसा मुंडा डीएवी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया.

झा ने छात्रों को मिलने वाले भोजन की शुद्धता एवं गुणवत्ता का जायजा लिया. उन्होंने भंडार गृह का निरीक्षण करते हुए खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की. शिक्षकों को निर्देश दिया कि बच्चों की पढ़ाई, परिसर की सफाई एवं बच्चों को मिलने वाली सुविधा में कोई कोताही न बरतें. एसटी, एससी बच्चे अपने घरों से निकल कर अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए आवासीय विद्यालयों में रहकर पढ़ाई कर रहे. इसलिए बच्चों को अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायें. साथ ही बच्चों को यहां पर किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो, इसका विशेष ध्यान रखें. मालूम हो कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने आदिवासी कल्याण आयुक्त सहित क्षेत्रीय अधिकारियों को शुक्रवार एवं शनिवार के दिन क्षेत्र में रहने और विभाग की योजनाएं, आवासीय विद्यालय और छात्रावासों का स्वयं निरीक्षण करने का निर्देश दिया है.

झा ने निरीक्षण के दौरान रांची में बन रहे पिछड़ी जाति बालिका आवासीय विद्यालय के छात्रावास निर्माण कार्य हरहाल में 15 अगस्त 2025 तक पूरा करने का निर्देश दिया.

### बुंडू में संचालित कल्याण गुरुकुल आदर्श

आदिवासी कल्याण आयुक्त ने कहा कि प्रेझा फाउंडेशन के बुंडू कल्याण गुरुकुल का प्रशिक्षण, अनुशासन और साफ़ सफ़ाई अनुकरणीय एवं आदर्श है. इस संस्थान में प्रशिक्षण लेने वाले महिला प्रशिक्षुओं में सीखने की ललक प्रभावित करती है. मौके पर एक महिला ने आदिवासी कल्याण आयुक्त से कहा कि मुझे अपने लिए नहीं अपने गांव को आगे बढ़ाने के लिए सीखना है और आगे बढ़ना है. मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने निर्देश दिया कि आगामी 5 जनवरी को विद्यालय खुलते ही बुंडू स्थित बिरसा मुंडा डीएवी आवासीय विद्यालय में भोजन, छात्रावास की साफ़ सफ़ाई एवं विद्यालय संचालन के समय-सारणी में सुधार को लेकर आदेश का सख्ती से अनुपालन करें.

**कार्यक्रम** | नामकुम में डालसा का विधिक जागरूकता विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन

## मानव तस्करी की शिकायत के लिए रांची में अरगोड़ा, हटिया व चुटिया थाने

संवाददाता। रांची



**मानव तस्करी की शिकायत के लिए रांची में तीन थाने हैं : मनीषा रानी**
अधिवक्ता मध्यस्थ मनीषा रानी ने बच्चियों को जब बहला-फुसला कर मानव तस्करी का शिकार बनाया जाता है उसकी शिकायत करने के लिए जो थाने बनाये गये है, उसे एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग यूनिट कहते है. अरगोड़ा, हटिया और चुटिया में है. सीडीपीओ सविता सिंह ने कहा कि महिलाएं अब किसी से कम नहीं हैं. पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं.

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार और न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, डालसा के मार्गदर्शन में राजधानी रांची के नामकुम ब्लॉक में जागरूकता कार्यक्रम विधान से समाधान का आयोजन किया गया. एलएडीसीएस अधिवक्ता शिवानी सिंह ने दहेज प्रथा पर फोकस करते हुए कहा कि दहेज लेना और देना दोनों कानूनन अपराध है. दहेज प्रथा के लिए कानून बना हुआ है. दहेज मांगने पर छह माह से दो वर्ष तक की सजा का प्रावधान है. दहेज लेने पर पांच साल की जेल और 15 हजार का जुर्माना है. महिलाओं के साथ छेड़खानी पर बनाये गये कानून के संबंध में बताया कि किसी भी प्रकार से महिला की गरिमा को भंग करने का प्रयास किया जाता है, तो वह कानूनन अपराध है, जिसके लिए पांच वर्ष तक सजा की व जुर्माने का प्रावधान है.

### डायन-बिसाही केवल अंधविश्वास है और कानून अपराध है : कविता

डिप्टी एलएडीसीएस कविता कुमारी खाती ने डायन प्रथा, बाल तस्करी एवं बाल विवाह पर लोगों को जानकारी दी. उन्होंने कहा कि डायन-बिसाही अंधविश्वास है, किसी भी महिला को डायन कहकर मारना या प्रताड़ित करना कानून अपराध है. बाल विवाह पर फोकस करते हुए कहा कि अभिभावक अपने कन्याओं की विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें, उनकी पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान दें. बाल तस्करी पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चियों को लालच देकर झारखंड से दूसरे राज्य में ले जाकर उससे वैश्यावृत्ति का काम कराते हैं या फिर उन्हें भिखारी बनाकर भीख मांगने पर मजबूर करते हैं.

### बालाजी मंदिर में चला खिचड़ी भंडारा

**रांची**। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में शनिवार को खिचड़ी भंडारा वृहत रूप में चलाया गया. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बालाजी का दर्शन-पूजन कर प्रसाद पाया. ओम प्रकाश गाड़ोदिया ने पूजा-अर्चना कर पहले भगवान को भोग निवेदित किया. फिर महाप्रसाद में उसे मिश्रित कर आम भक्तों के बीच बांटा गया. मंदिर के रंजन सिंह ने बताया कि यहां धनुर्मास महोत्सव चल रहा है. इस क्रम में नित्य विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है. सुबह से देर शाम तक भक्तगण भगवान का दर्शन-पूजन कर स्वयं को धन्य कर रहे हैं. रविवार को भी मंदिर में विशेष अनुष्ठान होंगे.

## पैनम कोल के खिलाफ पीआईएल में खनन विभाग ने जवाब दाखिल नहीं किया

**हाईकोर्ट ने नाराजगी जतायी**

संवाददाता। रांची



झारखंड हाईकोर्ट में पैनम कोल माइंस द्वारा अवैध खनन की सीबीआई जांच और विस्थापितों के पुनर्वास की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने खनन विभाग की ओर से जवाब दाखिल नहीं किये जाने पर नाराजगी जतायी. कोर्ट ने मामले की सुनवाई की जनवरी में करने का निर्देश दिया है. अदालत ने कहा है कि उस दिन तक अगर जवाब दाखिल नहीं होता, तो अदालत खुद आदेश पारित कर देगा. हाईकोर्ट में न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है.

दरअसल पैनम माइंस कंपनी को वर्ष 2015 में सरकार ने पाकुड़ और दुमका जिले में कोयला खनन का लीज दिया था. कंपनी पर आरोप है कि उसने लीज से ज्यादा खनन किया, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है. मामले में हाईकोर्ट के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने जनहित याचिका दाखिल की है. जिसपर अदालत ने राज्य सरकार और खनन विभाग के आला अधिकारियों को कई बार जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया.लेकिन सरकार और विभाग की ओर से अब तक कोई जवाब नहीं आया.

मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.6 | 9.2 |
| डालटनगंज | 26.2 | 8.2 |
| धनबाद | 24.8 | 11.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, रविवार 22 दिसंबर 2024, पौष कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत 2081





## ब्रीफ खबरें

### चौकीदार बहाली के लिए लिखित परीक्षा 29 को

**धनबाद।** धनबाद जिला अंतर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक की गई. इस दौरान उपायुक्त ने चौकीदार बहाली के परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड के वितरण करने के लिए सभी अंचल कार्यालय में व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया. साथ ही बैठक में सभी परीक्षा केंद्रों में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की नियुक्ति के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

### सेवानिवृत्त कोल अधिकारियों ने मांगा स्मार्ट मेडिकल कार्ड

**धनबाद।** सेवानिवृत्त कोयला अधिकारियों का संगठन कोल इंडिया रिटायर्ड एग्जीक्यूटिव वेलफेयर एसोसिएशन ने बीसीसीएल प्रबंधन से आग्रह किया है रिटायर्ड अधिकारियों को अविलंब स्मार्ट मेडिकल कार्ड उपलब्ध कराया जाए. स्मार्ट मेडिकल कार्ड के बिना सीपीआरएमएस-ई योजना के तहत चिकित्सा सुविधा में परेशानी हो रही है. एसोसिएशन के सचिव भवानी बंदोपाध्याय ने कहा कि प्रबंधन सेवानिवृत्त अफसरों पर ध्यान नहीं दे रहा है. स्मार्ट मेडिकल कार्ड के साथ साथ कोल इंडिया के तमाम इंपैनल अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान करने की मांग की गई.

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**झरिया।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जोड़ापोखर एक नंबर रेलवे फाटक के पास आद्रा भागा सवारी गाड़ी के चपेट में आकर 65 वर्षीय राज किशोर प्रसाद की मौत शनिवार को पोल संख्या 3 22 / जेबी 14 एवं 322 / जेबी 14 के बीच हो गई है. घटना के बाद जोड़ापोखर और जीआरपी पुलिस पहुची. मगर दो घंटे बीत जाने के बाद भी शव को नही उठाया गया था. जिसके बाद घटना सूचना वहां के स्थानीय लोगों ने पुलिस के उच्च अधिकारियों को दिया जिसके बाद पुलिस हरकत में आई.

### ट्रक की चपेट में आने से बीसीसीएल कर्मी की मौत

**तेतुलमारी।** शनिवार की रात नया मोड़ के समीप ट्रक के चपेट में आने से कोल कर्मी महेशपुर बस्ती निवासी मनसा बाउरी की मौत हो गयी. प्रत्यक्षदर्शियों की बात माने तो कोल कर्मी बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 के मोदीडीह से ड्यूटी कर वापस लौट रहा था तभी नया मोड की गोलाई के समीप वह ट्रक के चपेट में आ गया जिससे उक्त घटना घटी. सूचना पाकर जोगता व तेतुलमारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी को उठाकर इलाज के लिए सेन्ट्रल हॉस्पिटल धनबाद भेज दिया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ट्रक को जब्त कर थाना ले गई.

## अच्छी खबर : 76 करोड़ की लागत से एक लाख 33 हजार वर्ग मीटर एरिया होगा डेवलप

# तोपचांची झील का होगा कायाकल्प, ब्लूप्रिंट तैयार : नगर विकास मंत्री





संवाददाता। धनबाद/तोपचांची

नए साल में तोपचांची झील का कायाकल्प होगा जिसकी पूरी ब्लूप्रिंट तैयार कर ली गई है. करीब 76 करोड़ की लागत से तोपचांची झील को आधुनिक सुविधाओं से लैश पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा. इस योजना की राशि 100 करोड़ तक भी हो सकती है. उक्त बातें शनिवार को नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने तोपचांची झील के निरीक्षण के दौरान कही। मंत्री निर्धारित कार्यक्रम के तहत तोपचांची झील का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो तथा नगर आयुक्त सह माडा एमडी रविराज शर्मा भी मौजूद थे. मंत्री सुदिव्य कुमार ने तोपचांची झील के चारों तरफ भी निरीक्षण किया। एक सुविधा संपन्न पर्यटन स्थल के लिए सुविधाएं कहां और कैसे विकसित की जा सके इसकी जानकारी ली. उन्होंने कहा कि झील में स्थानीय लोगों की रोजगार के लिए भी अवसर खुलेंगे. मुख्य अभियंता अनुप कुमार सामंता, कार्य पालक अभियंता मयंक कुमार भगत, सहायक अभियंता अखिलेश यादव ने मंत्री को बताया कि झील के चारों तरफ आधुनिक स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। डीपीआर भी तैयार कर ली गई है.

### 18 करोड़ की लागत से बनेगा रिसोर्ट

झील को पर्यटन के दृष्टिकोण से आकर्षित बनाने के लिए एक लाख 33 हजार 350 वर्ग मीटर क्षेत्र को डेवलप किया जाना है. इसकी प्राक्कलित राशि 76 करोड़ 81 लाख 24 हजार 848 है. यह राशि बढ़कर 100 करोड़ तक जा सकती है. जिसमें वेसाइड प्लाजा, लेक हाउस एक एवं दो, रिसोर्ट, जंक्शन, एक्टिविटी पार्क, सेंट्रल पार्क, नेचर पार्क, मोटर स्पोर्ट्स पार्क, सड़क, शौचालय एवं पार्किंग स्थल बनाई जाएगी. बाहर से आने वाले पर्यटकों को लुभाने के लिए यहाँ एक भव्य रिसोर्ट बनाया जाएगा. इस रिसोर्ट की अनुमानित लागत 17 करोड़ 96 लाख 41 हजार रुपए हैं. स्विमिंग पूल और पर्यटकों के रहने के लिए आधुनिक व्यवस्था की जाएगी. झील में पुराने पड़े भवन को तोड़कर नया भवन निर्माण करवाया जाएगा.

### पर्यटकों को लुभाएंगे चार तरह के पार्क

तोपचांची झील को उन्नत करने के लिए तैयार डीपीआर में चार तरह के पार्क बनाए जाएंगे. सेंट्रल पार्क में 9 दुकानें बनाई जाएगी. वाटर स्पोर्ट के साथ टिकट काउंटर लॉबी रहेगी. सेंट्रल पार्क में रेस्टोरेंट, शौचालय, पार्किंग, 10,600 वर्ग मीटर में फूलों का पार्क एव ग्लास ब्रिज होगा. नेचर पार्क में टिकट काउंटर, 6 दुकानें, बटरफ्लाई हाउस, पार्किंग, शौचालय, 4300 वर्गर मीटर में फूलों का पार्क एव ग्लास ब्रिज होगा. वहीं एक्टिविटी पार्क में लॉबी, इटरी, इनडोर गेम्स, शौचालय एवं 3580वर्ग मीटर में फूलों का पार्क होगा. मोटर स्पोर्ट्स पार्क में कैफ़े के साथ ही एक वर्कशॉप होगा. इसके साथ ही शौचालय, पार्किंग एव 38200वर्ग मीटर में फूलों का पार्क होगा.

### नये साल में शुरू होगा कार्य : मथुरा

टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि तोपचांची झील को विकसित बनाने में 100 करोड़ तक की राशि हो सकती है. नए साल में झील का कायाकल्प के लिए कार्य शुरू कराए जाएंगे. मौके पर तोपचांची सीओ संजय कुमार सिंह, बीडीओ एजाज हुसैन अंसारी, तोपचांची थाना प्रभारी डोमन रजक, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी व माडा के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे.

## गोविंदपुर हाईवे पर नहीं थम रहा है दुर्घटनाओं का सिलसिला

# कंटेनर ने बाइक सवार को कुचला, एक की मौत

संवाददाता। गोविंदपुर/धनबाद



1. जीटी रोड पर नहीं थम रहा हादसा, जा रहा था ईलाज कराने सामने आ गयी मौत
2. गोविंदपुर जीटी रोड पर अधेड़ की मौत, मां-बहन की हालत गंभीर
3. अवैध क्रॉसिंग पर कंटेनर की चपेट में आये मोटरसाइकिल सवार

गोविंदपुर- बरवाअड्डा जीटी रोड पर शनिवार की सुबह बाइक कंटेनर के नीचे आ गया. घटना में बाइक चालक लक्ष्मण साव (46 वर्ष), उसकी मां पार्वती देवी तथा बहन चिंता देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गए. घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए तथा कंटेनर में फंसे लोगों को निकाला. गोविंदपुर थाना के एवं निरीक्षक शैलेंद्र कुमार भी पहुंचे. पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने लक्ष्मण को मृत घोषित कर दिया. जबकि पार्वती व चिंता इलाजरत हैं. बाइक सवार तीनों कपुरिया ओपी क्षेत्र के बांसकपुरिया के रहने वाले हैं. घटना के बाद चालक कंटेनर को घटनास्थल पर ही छोड़कर भाग निकला. मृतक लक्ष्मण के भाई रामप्रसाद साव की लिखित शिकायत पर गोविंदपुर पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. शिकायत में कहा है कि तीनों बाइक से इलाज कराने गोविंदपुर जा रहे थे. गोविंदपुर में निर्मला अस्पताल के पास कट पार करने के क्रम में कंटेनर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया.

### एनएचएआई की लापरवाही से हुई घटना : एजाज

घटना के प्रत्यक्षदर्शी झामुमो के जिला संगठन सचिव एजाज अहमद व माथुर अंसारी सहित लोगें ने बताया कि यह घटना एनएचएआई की लापरवाही से हुई है. गोविंदपुर बाजार क्षेत्र के अवैध क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया, इससे दुर्घटनाएं थमी है परंतु निर्मला अस्पताल पुल के पास के अवैध क्रॉसिंग को अब तक बंद नहीं किया गया है. यही कारण है कि अवैध क्रॉसिंग पार करने के दौरान आज की घटना हुई . उन्होंने दुर्गापुर के परियोजना निदेशक से इस अवैध कटिंग को तत्काल बंद करने की मांग की है. कहा कि इस तरह कई स्थानों पर अवैध क्रॉसिंग के कारण दुर्घटनाएं हो रही है. परियोजना निदेशक से विभिन्न स्थानों पर फुट ओवर ब्रिज की मांग की है ताकि लोगों को सड़क पार करने में सहूलियत हो दुर्घटनाएं ना हो और लोगों की जान बचे.

### कॉलेज क्रॉसिंग भी है जानलेवा

गोविंदपुर-निरसा जीटी रोड पर आरएस मोड़ कॉलेज क्रॉसिंग भी जानलेवा हो गई है. इस क्रॉसिंग को पहले बंद कर दिया गया था परंतु लोगों ने इसे खोल दिया है. कभी भी दुर्घटनाएं हो सकती है. एनएचएआई के अधिकारी इस मोड़ से होकर गुजरते रहते हैं, परंतु अभी तक इस अवैध क्रॉसिंग को बंद नहीं किया गया है.

### डीसी ने की थी बैठक

गोविंदपुर में सड़क हादसों पर रोकथाम को लेकर डीसी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गई थी, जिसमें डीसी ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं. डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश के बाद ट्रैफिक पुलिस की ओर से अवैध कट को चिन्हित कर उन्हें बंद करने के साथ ट्रैफिक नियमों से जुड़े साइन बोर्ड लगाए गए.

## पुनर्वास के सवाल पर कोल अपर सचिव से रैयतों ने कहा

# नहीं जाएंगे बेलगड़िया

संवाददाता। झरिया/लोयाबाद



पीएमओ मिनिस्ट्री आफ कोल के अपर सचिव विस्मिति तेज शनिवार को झरिया व आस-पास के अग्निप्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे. बस्ताकोला क्षेत्र के मोहरी बांध, घनुडीह, बेलगिड़या, लोयाबाद आदि स्थानों पर गये. भूमिगत आग और विस्थापित होने वाले परिवारों के बारे में जानकारी ली. विस्मिता तेज ने इन स्थानों पर बने आग के ऊपर जो ओवरबर्डन के बारे में पूछा. कोल सचिव झरिया मास्टर प्लान के तहत पुनर्वास को लेकर आ रही दिक्कतों एवं समस्याओ से रैयतों एवं इंक्रोचमेंट लोगो से मामले को समझने आई थी. टीम के साथ संयुक्त सचिव बेलगड़िया गए. वहां रह रहे लोगों के बारे में जानकारी ली.

शेष पेज - 11 पर

# मारपीट में आंख जख्मी, मामला दर्ज

संवाददाता। झरिया



चिल्ड्रन पार्क मोड़ पर शुक्रवार को दो युवकों में मारपीट हुई थी, जिसमें पीड़ित के भाई की शिकायत पर शनिवार को झरिया पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. मामले को लेकर बताया जाता है कि शुक्रवार को ऊषा टॉकीज के समीप रहने वाले महेश दत्ता का किसी बात को लेकर शिव मंदिर रोड आरएस पैलेस के समीप रहने वाले बंटी सिंह व घंटु सिंह से झगड़ा हो गया था. मारपीट में महेश दत्ता को एक आंख में गंभीर चोट आई है और आंख क्षतिग्रस्त हो गया है. हाथ-पांव में भी चोट हैं. घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को स्थानीय नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया. मामले को लेकर पीड़ित महेश दत्ता के भाई रमेश दत्ता ने शनिवार को झरिया थाना में बंटी सिंह घंटू सिंह समेत चार युवकों के खिलाफ नामजद शिकायत की है. रमेश के अनुसार उसके भाई का एक आंख में चोट है. डॉक्टर ने आँख के लिए कुछ जांच लिखे हैं. जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में स्पष्ट रूप से बताया जा सकता है कि आंख की स्थिति क्या है. मामले को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों से संपर्क नहीं हो सका जिस कारण उनका बयान नहीं दिया जा सका है.

## निर्णय 64 लाख 62 हजार में से 53 लाख 65 हजार 345 लाभुकों को मिलेगी सहायता राशि

# 28 को रांची में जुटेंगी मंईयां सम्मान योजना की लाभुक



संवाददाता। धनबाद

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की महिलाओं के खातों में 1000 देने का काम विधानसभा चुनाव के कुछ माह पहले शुरू किया था। चुनाव में उसे बढ़ाकर 2500 रुपए करने का वादा किया गया था। विधानसभा के विशेष सत्र में जो अनुपूरक बजट पास किया गया है, उसमें इस राशि की व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि अब तक मंईयां योजना के तहत लाभुकों की संख्या 64 लाख 62 हजार है। इसमें से 53 लाख 65 हजार 345 लाभुकों को सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति मिली है। इस पर सदन की मंजूरी के बाद राज्यपाल की भी स्वीकृति मिल गई।

### धनबाद की 7 हजार महिलाएं 140 बसों से जाएंगी रांची

28 दिसम्बर को खोजाटोली, आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड, नामकुम, रांची में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों को मुख्यमंत्री चेक प्रदान करेंगे. कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धनबाद से 7 हजार महिलाएं 140 वाहनों से रांची रवाना होंगी. इन्हें ले जाने और सकुशल वापस लाने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की हैं. इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को लगाया गया है. बीडीओ और सीओ की अगुवाई में लाभुक धनबाद से रांची जाएंगे. लाभुकों के खाने-पीने, वाहन, ईंधन इत्यादि की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा की जाएगी. पूरे कार्यक्रम के लिए डीडीसी सादात अनवर को नोडल अधिकारी एवं सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक नियाज अहमद को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है. कार्यक्रम के मंच पर प्रत्येक प्रखंड से पांच लाभुक ही स्टेज पर जाएंगे. स्टेज पर जाने वाले लाभुकों का चयन बीडीओ द्वारा किया जाएगा.

#### किस प्रखंड/अंचल से जाएंगे कितने लाभुक

| | | | |
|---|---|---|---|
| बाघमारा प्रखंड | 1000 | ग्यारहकुंड प्रखंड | 100 |
| बाघमारा अंचल | 100 | ग्यारहकुंड अंचल | 100 |
| बलियापुर प्रखंड | 500 | कलियासोल अंचल | 100 |
| धनबाद प्रखंड | 200 | निरसा प्रखंड | 400 |
| धनबाद अंचल | 800 | टुंडी प्रखंड | 200 |
| झरिया अंचल | 800 | पूर्वी टुंडी प्रखंड | 100 |
| पुटकी अंचल | 600 | तोपचांची प्रखंड | 1000 |
| गोविंदपुर प्रखंड | 1000 | कुल | 7000 |

# लहसुन-प्याज की माला पहन किया महंगाई का विरोध

संवाददाता। धनबाद



कांग्रेसी नेता इजहार बिहारी ने एक बार फिर शनिवार को बढ़ती महंगाई का अनोखे अंदाज में विरोध किया. महात्मा गाँधी के वेश में इजहार बिहारी लहसुन, प्याज़ और आलू की माला पहनकर सड़कों पर निकले. महात्मा गांधी के वेश में इजहार बिहारी का यह लुक लोगों का ध्यान खींच रहा था. गाँधी जी के देश में, गाँधी जी के वेश में नारे के साथ महंगाई का विरोध करते हुए नगर भ्रमण के दौरान धनबाद के गाँधी सेवा सदन पहुंचे. मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज आम जनता के लिए इस महंगाई में लहसुन आलू प्याज़ खाना जैसे उनके औकात से बाहर होते जा रहा है. यह महंगाई किस्तों में गरीब जनता का खून चूसने का काम कर रही है. पिछले 10 वर्षो में महंगाई डायन बन चुकी है. आम जनता महंगाई से त्रस्त है. प्याज़ आलू जहाँ 40 रु किलो बिक रही है तो वही लहसुन की क़ीमत 400 रु किलो तक पहुंच चुका है. बावजूद इसके केंद्र सरकार महंगाई नियंत्रण को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है. केंद्र सरकार से मांग है कि अविलम्ब महंगाई और बेरोजगारी पर बिल लाएं और जनता को महंगाई से निजात दिलाने का काम करें.

भौरा नॉर्थ कोलियरी के 29/30 वर्कशॉप में सशस्त्र अपराधियों का उत्पात

## हथियार के बल पर कर्मियों को बंधक बनाकर की लूटपाट

**खास बातें**

- पुलिस दल को देखकर लूट का सामान छोड़कर भागे अपराधी

संवाददाता। झरिया

भौरा नॉर्थ कोलियरी के 29/30 वर्कशॉप में शुक्रवार की देर रात दर्जनों सशस्त्र अपराधियों ने धावा बोलकर जमकर उत्पात मचाया. रात्रि पाली में कार्यरत कर्मियों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया. उनके मोबाइल छीन लिये. शोर मचाने पर जान से मार देने की धमकी दी. अपराधियों के डर से वहां तैनात कर्मी चुपचाप बैठे रहे. उसके बाद अपराधियों ने कई कार्यालय और गोदाम में लगे तालों को को तोड़ दिया. उसमें रखे स्क्रैप लौह सामग्री लूट कर भाग गये. जाते समय अपराधियों ने कर्मियों का मोबाइल वापस कर दिया. संयोग ठीक था कि इसी बीच भौंरा ओपी पुलिस और सीआईएसएफ की पेट्रोलिंग पार्टी अचानक वहां पहुंच गई. जिन्हें देखकर अपराधियों को भौंरा साउथ कोलियरी के ऑटो गैराज के पीछे तालाब के पास जंगल में छोड़कर भागना पड़ा. कर्मियों ने घटना की सूचना अभियंता अर्जुन राम को दी और बताया कि लूटे गए लौह सामग्री जंगल में पड़ा है. जिसके बाद अभियंता मौके पर पहुंच कर कर्मियों से सभी लौह सामग्री को जंगल से उठवाकर पुनः गोदाम में रखवाया. कर्मियों ने बताया कि अपराधी एक दर्जन से अधिक संख्या में थे. सभी हरवे हथियार से लैस थे. सभी अपने चेहरे को गमछा से ढक रखे थे. कर्मियों ने बताया कि उस समय वे लोग वर्कशॉप में थे. तभी अपराधी वहां आ धमके और सभी को बंधक बना लिया.

**कर्मियों ने मांगी सुरक्षा :** रात्रि पाली के कर्मियों ने प्रबंधन से सुरक्षा की मांग की है. कर्मियों का कहना है कि रात्रि पाली में मात्र तीन चार गार्ड ही ड्यूटी में रहते हैं. अपराधियों का भय बना रहता है.

## मुखिया के नेतृत्व में लोगों ने रोका एनएचएआई का काम



संवाददाता। मैथन

क्षेत्र के संजय चौक के समीप एनएच दो पर चल रहे एप्रोच रोड व अंडरपास निर्माण कार्य को मेढ़ा पंचायत के मुखिया मनोज राउत के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने शनिवार को रोक दिया. लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने वैकल्पिक रास्ते का व्यवस्था किए बिना ही रोड को जहां-तहां काट दिया है. जिससे वाहनों को आने-जाने में भारी असुविधा हो रही है. जाम और धूल से लोग परेशान हैं. मुखिया मनोज राउत ने कहा कि कंपनी कछुए की गति से काम कर रही है और बिना कोई रास्ता का वैकल्पिक व्यवस्था किये ही रोड को अवरुद्ध कर दिया है. जिससे मैथन के आसपास के लोगों को भारी दिक्कत हो रही है. इसलिए निर्माण कार्य को रोक दिया गया है. जब तक कंपनी के लोग इसे सही तरीके से नहीं करेंगे, निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा. मालूम रहे कि मैथन स्थित संजय चौक में पिछले एक साल से एप्रोच रोड एवं अंडरपास का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसे कंपनी अब तक पूरा नहीं कर पाई है. इस कारण मैथन से कुमारधुबी जाने आने में स्थानीय लोगों को भारी परेशानी होती है.

## कतरास में रेल चौड़ीकरण कार्य को बंद करने के लिए आंदोलन

आंदोलनकारी नेता को जान मारने की धमकी, कतरास पुलिस से शिकायत

संवाददाता। कतरास

झारखंडी रैयत रेल विस्थापित समिति के बैनर तले पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रैयतों की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में निचितपुर से गोमो तक रेल चौड़ीकरण के कार्य को बंद कर दिया. इधर बंदी से नाराज कतिपय लोगों ने आंदोलन के नेतृत्वकर्ता दीपनारायण सिंह को जान मारने की धमकी दी है. दीपनारायण सिंह ने फहीम खान एवं कंपनी के गुंडों पर जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कतरास पुलिस को शिकायत दी है. मालूम हो कि डीएफसीसी द्वारा पूर्व मध्य रेलवे डिवीजन में रेल चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है. आंदोलनकारियों के अनुसार निचितपुर से गोमो तक विस्थापित और प्रभावित रैयत इस योजना में काम मांग रहे हैं. लेकिन जो कम्पनी इस कार्य को कर रही है उस कंपनी में किसी भी विस्थापित और प्रभावित रैयत को काम पर नहीं रखा जा रहा है. पिछले तीन माह से कंपनी के लोग विस्थापित और प्रभावित रैयतों को ठगने का काम कर रही है. आंदोलनकारियों ने कहा कि कंपनी गुंडों के बल पर काम करवाना चाह रही है, जो किसी कीमत पर ग्रामीण रैयत होने नहीं देंगे. अगर कंपनी हमलोगों की मांग को नहीं मानती है तो हम गांव के लोग अपने अधिकार को छिन कर लेंगे. रैयतों की मांग के समर्थन एवं कंपनी का अड़ियल रवैया के विरुद्ध आंदोलन जारी रहेगी. इधर मामले को लेकर दीप नारायण सिंह ने स्थानीय थाना को लिखित शिकायत देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है. दीप नारायण सिंह ने कहा कि आंदोलनकारी अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हैं. लेकिन कंपनी फहीम खान के गुंडे गोली -बम के बल पर ग्रामीणों के हक अधिकार को छीनना चाह रही है, जो किसी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा. श्री सिंह ने कहा कि आज करीब 12:30 बजे दिन को मेरे श्यामहीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स कार्यालय में घुस कर फहीम खान के गुर्गों ने आंदोलन खत्म नहीं करने पर मुझे जान मारने की धमकी दी है.

### ब्रीफ खबरें

### अशर्फी अस्पताल ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर

**मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र के सिनिडीह पंचायत सचिवालय में शनिवार को अशर्फी अस्पताल धनबाद की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य एवं कैंसर स्कैनिंग जांच शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें आसपास के लगभग 50 लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया. हेल्थ चेकअप में लोगों का मधुमेह, रक्तचाप की जांच की गई. साथ ही मुंह के कैंसर की स्क्रीनिंग भी की गई. अशर्फी अस्पताल की ओर से डॉक्टर जफर, कैंपकॉर्डिनेटर विवेक कुमार, नर्स मर्सिला, नर्स कोमल, नर्स जूलियट आई हुई थी. जिन्होंने लोगों का स्वास्थ्य जांच किया.

### इसीएल कर्मी का घर में मिला शव

**निरसा बाजार।** इसीएल मुगमा अंतर्गत लखीमाता कोलियरी में कार्यरत 30 वर्षीय राजकुमार नोनियां बेलचढ़ी स्थित अपने घर में मृत पाया गया. घर में वह अकेले ही रहता था और अविवाहित था. बताया जा रहा है कि मृतक के पिता का हाल ही में हार्ट अटैक के कारण मौत हो गया था. पिता की जगह में उसकी नौकरी हुई थी. पुलिस ने शव को जप्त कर मामले की छानबीन में जुट गई है.

### इंस्पेक्टर ने की लंबित कांडों की समीक्षा

**मधुबन।** महुदा सर्किल इंस्पेक्टर ममता कुमारी लंबित मामलों की जांच पड़ताल करने मधुबन थाना पहुंची. सबसे पहले पेंडिंग पड़ी सभी लंबित कांडों की समीक्षा की तथा पुराने लंबित मामलों को निपटारे के लिए मधुबन थाना प्रभारी पिक्कू प्रसाद को कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए. महुदा सर्किल इंस्पेक्टर ममता कुमारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी लंबित मामले हैं उन्हें जल्द से जल्द निपटारा किया जाए. मधुबन थाना क्षेत्र में जो अवैध कारोबार से जुड़े हैं, उन सभी पर लगाम लगाया जाए और थाना क्षेत्र में जितने भी वारंटी पुलिस की पकड़ से बाहर है उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए.

### लखनपुर रेल फाटक आज रहेगा बंद

**महुदा।** महुदा तालगडिया रेल खंड पर स्थित लखनपुर रेल फाटक बीजी 19 आवश्यक रख रखाव एवं मरम्मत कार्य के लिए रविवार को प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक बंद रहेगा. इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे महुदा के वरिष्ट अनुभाग अभियंता (रेल पथ) ने महुदा थाना, पदुगोड़ा पंचायत एवं सिंगड़ा पंचायत के मुखिया को पत्र देकर सूचित किया है. पत्र में उन्होंने सहयोग करने की अपील करते हुए कहा है कि कार्य के दौरान समय में थोड़ा बहुत अंतर हो सकता है.

### सड़क दुर्घटना में जीजा साला घायल

**पुटकी।** धनबाद-बोकारो सड़क के करकेन्द कांटा घर के समीप एक बाईक अनियंत्रित होकर गिर गया. जिससे बाइकसवार जीजा-साला गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना शनिवार देर शाम की है. घायल युवक को स्थानीय लोगों पुटकी के एक नर्सिंग होम में इलाज कराया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि बेगूसराय(बिहार) के 24 वर्षीय रॉकी कुमार व ढाकों बस्ती फुसरो निवासी 35 वर्षीय बिनोद साहनी धनबाद से फुसरो आने के क्रम में करकेन्द काटा घर के समीप सड़क पर कोयले की रेत व जल छिड़काव के कारण सड़क फिसलन भरी हो गई थी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई. बिनोद साहनी के सिर, चेहरा व पैर में चोट है. उनको पांच टाका लगा है. जबकि रॉकी कुमार अंशिक रूप से घायल है.

## हैवी ब्लास्टिंग को लेकर जीएम कार्यालय में हंगामा



संवाददाता। झरिया

बढ़ते प्रदूषण व हैवी ब्लास्टिंग से आक्रोशित भौंरा कुम्हार पट्टी के सैकड़ों महिला, पुरूष व युवाओं ने शनिवार को भौंरा क्षेत्रीय कार्यालय में जमकर हंगामा किया. प्रबंधन विरोधी नारे लगाये. कार्यालय में जीएम के नहीं होने पर उनके सचिवालय में घुस कर वहां कार्यरत कर्मचारियों को जमकर खारी कोठी सुनाई. इसके बाद जीएम के नाम मांग पत्र सौंप कर वापस लौट गई. उनका कहना था कि कुम्हार पट्टी के पीछे ही आउटसोर्सिंग प्रबंधन द्वारा ओबी डंप किया जा रहा है. जिससे भारी मात्रा में धूलकण उड़ कर घरों में घुस रहा है. यहां तक खाना में धूलकण गिर जाता है. प्रदूषण से क्षेत्र के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है. वहीं आउटसोर्सिंग परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग होने से उनके घरों में दरार पड़ रही है. 13 दिसंबर को आंदोलन करने पर प्रबंधन ने मोहल्ला में जाकर वहां की स्थिति को देखा था.पांच दिनों में समस्या का समाधान करने की बात कही गई थी. लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ. जिससे बाध्य होकर आज लोगों को जीएम कार्यालय आना पड़ा. लोगों ने भौंरा पीओ और भौंरा ओपी प्रभारी को भी मांग पत्र दिया है. जिसमें 24 दिसंबर से प्रदूषण के खिलाफ अनशन करने की चेतावनी दी गई है.मौके पर सुंदरा देवी, चंपा देवी, उषा देवी, फुलमनी देवी, प्रतिमा देवी, शांति देवी, रीना देवी, कल्पना देवी, संध्या देवी, रूमा देवी, भैरवी देवी, ललीता देवी, होलिका देवी, श्यामोली देवी, रेणुका देवी, रंजीत पाल, आनंद कुम्हार,भक्ति कुम्हार, प्रदीप पांडेय, निमाई कुम्हार, घोलटू सरकार, रामपदो कुम्हार, अभिषेक कुम्हार, राहुल,करण, अजय,आकाश आदि थे.

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

**पुटकी.** बच्चों व महिलाओं के बीच झगड़े के बाद शनिवार की रात करकेंद ग्वाला पट्टी व पासी धौड़ा मुहल्ले के लोग आमने सामने आ गए. दोनो पक्षों की ओर से जमकर पथराव हुआ. रात करीब सात बजे 30-35 की संख्या में ग्वाला पट्टी के लोग लाठी डंडे से लैस होकर पासी धौड़ा में घुस कर हंगामा मचाने लगे. झमेले में पासी धौड़ा के बद्री पासी व बुधन चौहान के घर पर हमला कर दिया. मोटरसाइकिल तोड़ दिया. सूचना पाकर पासी धौड़ा के लोग भी जूट गए. पुटकी पुलिस के पहुंच जाने से एक बड़ी घटना टल गयी. बताया जाता है कि शाम पांच बजे करकेंद पानी टंकी के निकट दो बच्चे आपस मे उलझ गए. तब एक विवाहिता के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया.

### इंदु के 16 सीम के मजदूरों ने दी हड़ताल की चेतावनी

**पुटकी.** मुनीडीह प्रोजेक्ट अधीनस्थ कार्यरत इंदु जेडएमजे कम्पनी के 16 सीम कार्यरत दर्जनों ठेका मजदूरों ने पश्चिमी झरिया क्षेत्र के महाप्रबंधक को हस्ताक्षर युक्त पत्र लिखकर 6 सूत्री मांगो के समर्थन में 23 दिसम्बर से कार्य बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है. पत्र में कहा कि 16 सीम के सभी मजदूरों का पेमेन्ट से 10 प्रतिशत राशी कटौती करके सीएमपीएफ में कम्पनी द्वारा जमा करायी गई थी. 01 मार्च 2024 से 16 सीम के सभी मजदूरों का इंदु जेडएमजे से इंदु कुरी कर दिया गया है और हमलोगों का सीएमपीएफ से आईपीफ कर दिया गया. मजदूरों ने मांग कि जेएमजे में हमलोगो जो भी बकाया राशि उसे जल्द से जल्द पंद्रह दिन के अंदर भुगतान किया जाए अन्यथा हम सभी ठेका मजदूर कार्य का बहिष्कार कर 23 दिसम्बर से कार्य पूर्णरूप से बंद करके अनिश्चितकालीन हड़ताल करने पर विवश होंगे.

### न्यूज अपडेट

### डीवीसी प्रबंधन की सकारात्मक वार्ता के बाद विस्थापितों की भूख हड़ताल समाप्त



**मैथन।** डीवीसी मैथन परियोजना के प्रशासनिक भवन के समक्ष दामोदर वैली वास्तुहारा संग्राम समिति के बैनर तले चल रहा विस्थापितों का भूख हड़ताल शनिवार को डीवीसी प्रबंधन के सकारात्मक वार्ता के बाद समाप्त हो गया. नौकरी या नौकरी के बदले एकमुश्त 15 लाख रुपये मुआवजा की मांग को लेकर विस्थापितों ने डीवीसी मैथन में गुरुवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू किया था. भूख हड़ताल के तीसरे दिन शनिवार दोपहर एक बजे डीवीसी मैथन के उप महाप्रबंधक अनूप पुरकायस्थ के साथ विस्थापितों की सकारात्मक वार्ता हुई. वार्ता में प्रबंधन द्वारा मांगों को पूरा करने के लिए एक माह का समय मांगा गया, जिसपर विस्थापितों ने अपना सहमति जताई. इसके बाद उप महाप्रबंधक श्री पुरकायस्थ ने भूख हड़ताल पर बैठे विस्थापितों को जूस पिलाकर अनशन तोड़वाया और आंदोलन समाप्त हुआ. समिति के अध्यक्ष वासूदेव महतो ने कहा कि प्रबंधन के विशेष आग्रह पर एक माह का समय दिया गया है. यदि इस एक माह के अंदर विस्थापितों की मांग पूरा नहीं किया गया तो डीवीसी का चक्का जाम कर जोरदार आंदोलन शुरू किया जाएगा. वहीं डीवीसी प्रबंधन की ओर से कहा गया कि विस्थापितों की अधिकतर मांगे पूरी कर दी गई है. कुछ मांगें तकनीकी कारणों से विलंब हो गया है, जिसे जल्द पूरा कर दिया जाएगा.

### ब्लास्टिंग का पत्थर गिरने से ग्रामीणों ने किया हंगामा



**मधुबन।** बीसीसीएल एरीया वन क्षेत्र के फुलारीटांड स्थित संजय उद्योग आउटसोर्सिंग परियोजना में शनिवार की दोपहर हुई हैवी ब्लास्टिंग की वजह से पत्थर उड़कर फुलारीटांड मोहली बस्ती के ग्रामीणों के घर पर गिरे. ग्रामीण राजेन्द्र मोहली के घर पर पत्थर गिरने से एस्बेस्टस सिट में छेद हो गया. कुछ स्थानों पर दरार भी हो गई है. बाथरूम का दरवाजा भी क्षतिग्रस्त हो गया. विरोध में ग्रामीणों ने हो हंगामा किया. बीसीसीएल अधिकारी को मौके पर बुलाने की जिद्द पर अड गए. वही घटनाक्रम की खबर पाकर फुलारीटांड निवासी राजकुमार यादव ने ग्रामीणो को समझा बुझा कर मामले को शांत करवाया व ग्रामीणो को आश्वासन दिया की बीसीसीएल प्रबंधन व आउटसोर्सिंग प्रबंधन से बातचीत कर समस्या का हल जल्द निकालने का प्रयास करेंगे.

### आम जनता को उनका अधिकार मिलने तक जारी रहेगी लड़ाई : अरूप चटर्जी

**निरसा/निरसा बाजार।** यह वर्चस्व की लड़ाई नहीं बल्कि आमजनों की लड़ाई है. हम ग्रामीणों एवं निरसा की जनता के लिए धरना पर बैठे है. आम जनता को उनका अधिकार मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी. उक्त बातें इसीएल मुगमा क्षेत्र के गोपीनाथपुर कोलियरी में चल रहे इंडिया गठबंधन समर्थित निरसा बेरोजगार संघर्ष समिति के बैनर तले द्विपक्षीय विवाद के सन्दर्भ में शनिवार को भाकपा माले द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक अरूप चटर्जी ने कही. विधायक ने भाजपा नेता मनोज सिंह का उल्लेख करते हुए कहा की यहां उनकी ठिकेदारी चलती है. वह कंपनी से मजदूरों का पूर्ण भुगतान लेते हैं किन्तु मजदूरों को सिर्फ 10 हज़ार रुपए महीना देते हैं जो की सरकार द्वारा तय की गयी न्यूनतम मजदूरी दर से काफी काम है. प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार की वार्ता की पहल न करना प्रबंधन की हठधर्मिता को दर्शाता है. विपक्ष के लोगों द्वारा हमारे झंडे को जला देना, पंडाल को आग लगा देना, पत्थरबाजी करना तथा पुलिस प्रशासन के सामने गोलीबारी करना निंदनीय है एवं यह विपक्ष की घृणित मानसिकता को दर्शाता है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक अरुप चटर्जी, लखी सोरेन जिला अध्यक्ष झामुमो, लखि देवी, गुलाम कुरैशी, अपर्णा देवी, बादल चंद्र बाउरी, संतोष राय, श्रीकांत सिंह, गोपाल दास तथा सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे.

### पुलिस की सक्रियता से बची एक्सिस बैंक के एटीएम में लूट

**निरसा/निरसा बाजार।** पुलिस की सक्रियता के चलते शुक्रवार देर रात निरसा सिनेमा हॉल जीटी रोड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से लूट की घटना होते-होते बच गई. पुलिस सीसीटीवी कैमरा खंगालने में जुट गयी है. पुलिस जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने का दावा कर रही है. जीटी रोड पर एक्सिस बैंक की एटीएम है. शुक्रवार रात करीब एक बजे कुछ बदमाश वहां पहुंचे और एटीएम से छेड़छाड़ करने लगे. इसी दौरान रात में मुंबई हेडक्वार्टर से निरसा थाना के सरकारी मोबाइल पर सूचना मिली कि एक्सिस बैंक के एटीएम में कुछ लोग छेड़छाड़ कर रहे हैं. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मंजीत कुमार सिंह दल बल के साथ छापेमारी के लिए एक्सिस बैंक के एटीएम में पहुंचे. लेकिन पुलिस आने की सूचना बदमाशों को मिल चुकी थी, इसलिए पुलिस के आने के पूर्व ही बदमाश एटीएम से भाग निकले. इधर पुलिस ने बदमाशों की तलाश में रातभर कांबिग की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा. पुलिस का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है.

### लोयोला स्कूल में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम

**चिरकुंडा।** लोयोला स्कूल तालडांगा में क्रिसमस के पूर्व संध्या एवं नववर्ष के आगमन का भव्य स्वागत हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें स्कूल के छात्र एवं छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. इसमें बच्चों ने यीशु के जन्म से लेकर उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं को जीवंत चित्रण को बहुत ही मनोहर एवं मनमोहक रूप में दर्शाया. बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक का चित्रण एवं समाज में प्रभु यीशु का संदेश, जिसमें एकता, भाईचारा, आपसी प्रेम एवं शांति का प्रतीक के रूप में दर्शाया गया. बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को देखकर अभिभावकगण, शिक्षकगण एवं अन्य बच्चे मंत्र मुगध हो गए. कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य फादर जॉनी पी दिवसीय ने अपने संदेश में कहा कि क्रिसमस एक पवित्र एवं प्रेम का त्योहार है. यह हमें आपसी प्रेम, विश्व शांति एवं शिक्षा का अलग जगाने हेतु प्रयास करने एवं बिना किसी भेदभाव के समाज में प्रत्येक वर्ग को हर्षोल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत का पाठ पढ़ाता है. उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि समाज के सभी वर्ग का कल्याण हो एवं प्रत्येक व्यक्ति रोग मुक्त, चिंता मुक्त एवं आर्थिक एवं सामाजिक संपन्नता प्राप्त करें.

## राजगंज-महुदा फोरलेन पर अनियंत्रित ऑल्टो दुर्घटनाग्रस्त

**मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत राजगंज महुदा फोरलेन सड़क मार्ग के नारायणधोड़ा के समीप शनिवार की शाम लगभग 4 बजे एक चार पहिया वाहन मारुति ऑल्टो संख्या JH10F-1161अनियंत्रित हो कर फोरलेन सड़क के किनारे लगभग 500 मीटर की दूर जा कर क्षतिग्रस्त हो गई।घटना के संम्बध में बताया जा रहा है कि सभी लड़के फुलरीटांड आशाकोठी खटाल के रहने वाले है और महुदा से अपने घर काफी तेज गती से जा रहे थे।इसी बीच उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से नीचे चली गई। जिस समय यह घटना घटी उस समय अल्टो सवार सभी लड़के शराब के नसे मे थे।घटना की सूचना मिलते ही मधुबन पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर चारों युवकों को अपने साथ थाना ले आई है।

## 20 टन अवैध कोयला जब्त

**झरिया।** खनन टास्क फोर्स के तहत वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार गुप्त सूचना के अधार पर शनिवार को पांडेय बेड़ा बस्ती के समीप सीआईएसएफ व घनुडीह ओपी पुलिस ने संयुक्त रुप से छापामारी कर लगभग 20 टन अवैध कोयला जप्त कर बीसीसीएल प्रबंधन को सौप दिया. इधर छापामारी की भनक लगते ही उक्त स्थल से कोयला चोर भागने में सफल रहे. मौके पर पुलिस टीम का नेतृत्व कर रहे घनुडीह ओपी के एएसआई चूमना उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध कारोबारियों द्वारा अवैध रूप से कोयले की भंडारण पांडेय बेड़ा बस्ती के समीप किया जा रहा है. जिसके आलोक में सीआईएसएफ व ओपी पुलिस ने संयुक्त टीम बनाकर छापामारी की. जहां लगभग 20 टन कोयला प्लास्टिक की बोरियों में पैंक कर रखा गया था. जिसे रात के अंधेरे में अवैध कारोबारियों द्वारा ठिकाने लगाने के फिराक में थे.

## कपुरिया मोड़ में ट्रक की टक्कर से मोबाइल कंटेनर क्षतिग्रस्त

### दो दीवार के साथ पीएचईडी पाइप लाइन टूटी, जलापूर्ति बाधित

संवाददाता। महुदा

कपुरिया मोड़ के समीप शुक्रवार की देर रात एक खड़ी मोबाइल कंटेनर वाहन को ट्रक द्वारा पीछे से टक्कर मारने से कंटेनर वाहन पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. घटना में चालक मामुली रूप से जख्मी हो गया. चालक को स्थानीय चिकित्सक से प्राथमिक उपचार करवा कर छोड़ दिया गया. घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि रात्री करीब 3 बजे बोकारो की और से आ रही एक ट्रक ने कपुरिया चौक के समीप खड़ी मोबाइल केबल बिछा रही कंटेनर को पीछे से टक्कर मार दी. इससे कंटेनर वाहन पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इसके अलावे कल्याण चंद्रा का बाउंड्री दीवार, सुरेश महतो के गेरेज का दीवार भी गिरा दिया. पीएचईडी विभाग का पाइप लाइन का स्वीच वॉल्व भी टूट गया है. स्वीच वॉल्व टूटने से आदिवासी टोला और महतो टोला में पेयजल आपुर्ति बाधित हो गया है. सुचना पाकर कपुरिया ओपी प्रभारी प्रमोद लकड़ा घटना स्थल पर पहुंचे और दोनो वाहनों को जब्त कर ओपी ले गये. ओपी प्रभारी ने बताया कि ट्रक चालक ने बताया कि ट्रक में ट्रांसपोर्ट का सामान लेकर राँची से धनबाद जा रहा था. कपुरिया मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी. ओपी प्रभारी दोनों वाहनों के कागजात की जांच कर रही है.

## सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

संवाददाता। मधुबन



सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में शनिवार को प्रसिद्ध गणितज्ञ एस रामानुजन की जयंती के पावन अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि सौरभ सुमन, प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा, उत्तम गयाली, अजय कुमार पांडेय ने दीप प्रज्वलन कर किया. इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, प्रश्न मंच प्रतियोगिता एवं गणित मेला का आयोजन हुआ. मुख्य अतिथि ने कहा कि रामानुजन हमारे देश की धरोहर हैं. गणित हमारी राष्ट्रीय पहचान है. विश्व में गणित को विशिष्ट पहचान दिलाने में एस रामानुजन की प्रसिद्धि को भुलाया नहीं जा सकता. प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा ने अपने उद्बोधन के क्रम में कहा कि श्री एस रामानुजन के जीवन से हमें प्रेरणा लेकर गणित के क्षेत्र में सदैव नूतन प्रयोग करते रहना चाहिए. गणित मेला में गणित के प्रदर्श के साथ-साथ फूड स्टॉल भी लगाया गया. इसका उद्देश्य भैया -बहनों के अंदर कैलकुलेशन की क्षमता को विकसित करना एवं गणित की विभिन्न आकृतियों से परिचय कराना है. प्रश्न मंच प्रतियोगिता में उत्तर देने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. इस अवसर पर विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन कक्षा तृतीय से द्वादश तक के भैया- बहनों के लिए किया गया.

## बंद आवास से 15 लाख के जेवरात उड़ाये

गृहस्वामी अपनी मां का ईलाज कराने गया था वेल्लोर





संवाददाता। गोविंदपुर

नेताजी सुभाष कॉलोनी निवासी राजीव कुमार के घर से अज्ञात अपराधियों ने 15 लाख रुपए के जेवरात चुरा कर फरार हो गया. राजीव कुमार 14 दिसंबर को मां का इलाज कराने वेल्लोर गए थे. एक सप्ताह बाद लौटे तो पाया कि अपराधियों ने उनके घर से 15 लाख के जेवरात समेत सभी समानों पर हाथ साफ कर दिया. गृहस्वामी राजीव कुमार ने इसकी लिखित सूचना गोविंदपुर थाना में दी है. गोविंदपुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है. प्राथमिकी में कहा गया है कि घर में ताला बंद कर वह अपनी मां का इलाज कराने गत 14 दिसंबर को बेंगलुरु एवं वेल्लोर गए थे. 20 दिसंबर को लौटने पर चाहरदीवारी में ताला लगा पाया, लेकिन दरवाजा अंदर से लॉक था. बांस की सीढ़ी से अंदर जाने पर देखा कि सभी कमरे के ताले तथा अलमीरा टूटे हुए हैं एवं कपड़े व सभी सामान बिखरे पड़े थे. चोर अलमीरा में रखे करीब 15 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए. चोरी गए आभूषणों में सोने का हार एक पीस, चूड़ी दो पीस, सेंटर लॉक एक पीस, ढोलना एक पीस, चेन एक पीस, अंगूठी एक पीस, कर्णफूल एक पीस, टीका एक पीस, नथ दो पीस, नथला एक पीस, नथना एक पीस, मंगलसूत्र तीन पीस तथा चांदी के जेवरातों में बिछिया 6 पीस, पायल पांच जोड़ी, कटोरी एक, गिलास एक तथा सिक्का चार शामिल है. सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल जाकर निरीक्षण किया. आवेदन के आधार पर गोविंदपुर थानाप्रभारी ने कांड दर्ज कर अवर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार को अनुसंधान सौंपा है.

### एसजीडी मॉडर्न स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह

**चिरकुंडा।** एसजीडी मॉडर्नस्कूल के वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह में शनिवार की संध्या मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के वाइस चेयरमैन प्रणेश सोलोमन स्कूल पहुंचे, जहां उनका स्वागत बुके देकर किया गया. वहीं वार्षिकोत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथि सोलोमन द्वारा दीप प्रज्वलित और स्वर्गीय बिहारी अग्रवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया. इधर वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर दर्शक दीर्घा में बैठे सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. स्वागत गान के साथ-साथ नाटक का मंचन, साक्षात्कार एवं रीमिक्स गानों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किए गए. वहीं नन्हें मुन्ने बच्चों ने देश के विभिन्न राज्यों के स्थानीय नृत्य की प्रस्तुति कर एकता का परिचय दिया.

ब्रीफ खबरें

### कांग्रेस, भीम आर्मी ने गृहमंत्री का जलाया पुतला

**कथारा।** बेरमो में कांग्रेस एवं भीम आर्मी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया. बीते दिनों शाह की ओर से लोकसभा सदन में दिए बयान को लेकर देश सहित बेरमो में भी विरोध देखी जा रही है. पुतला दहन के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि बाबा साहेब फैशन नहीं देश के एक ब्रांड एंबेसडर हैं. संविधान के महत्व को नहीं मानने वाले लोग समझ भी नहीं सकते हैं कि वंचित शोषित और समाज के आवाज देने का काम बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने किया था.

### संपकोकसं की कार्य समिति की बैठक

**ललमटिया।** ललमटिया स्थित सिद्धो कान्हो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में शनिवार को भारतीय मजदूर संघ (संथाल परगना कोलयरी कर्मचारी संघ) के तत्वावधान में झारखंड प्रदेश का 95वां कार्य समिति की बैठक की गई. कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के सभी जिलों के अध्यक्ष महामंत्री शामिल हुए. कार्यक्रम के पूर्व सभी अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई.

### बीएसएल ने शौचालय को कराया दुरूस्त

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर तय समय में बोकारो स्टील सिटी (बीएसएल) के नगर सेवाएं प्रबंधन द्वारा नया मोड़ स्थित बस पड़ाव के सार्वजनिक शौचालय को दुरूस्त किया गया. शौचालय के मरम्मत कार्य के साथ ही रंग-रोगन का कार्य भी पूरा किया गया है. शौचालय के दुरूस्त होने से यहां आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को सुविधा होगी. जानकारी हो कि, पिछले दिनों समाहरणालय में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) को बस पड़ाव पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं/शौचालय आदि की व्यवस्था को सुदृढ़ करने को कहा था.

### कथारा प्रबंधक के साथ वेलफेयर कमेटी की बैठक

**कथारा।** सीसीएल कथारा कोलियरी परियोजना कार्यालय सभागार में शनिवार को सीसीएल प्रबंधन ने परियोजना वेलफेयर कमेटी के साथ बैठक किया. बैठक में समिति के सदस्यों ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन मजदूर कॉलोनी व मजदूरों के साथ दोहरी नीति लागू कर रखा है, जिसके कारण कथारा कोलियरी के अंतर्गत पड़ने वाले कॉलोनियों में दुर्गापूजा, काली पूजा व छठ में एक भी लाइट नहीं लगया गया, जो काफ़ी चिंतनीय विषय है. प्रबधन सिर्फ आईवाश कर रही है, कोलियरी के पीट कार्यालय व कॉलोनियों में शुद्ध पेयजल नहीं मिलने के कारण मजदूरों को पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है.

### दी ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद

**जरीडीह।** दि ओरिएंटल पब्लिक स्कूल, जैनामोड़ में शनिवार को वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चिन्मया विद्यालय के प्रिंसिपल सूरज शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि रेनबो पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल बिपुल के सिंह मौजूद थे. कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करके की गई. इसके बाद खुशी ग्रुप द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया.

## संत जेवियर्स स्कूल बोकारो स्टील सिटी में क्रिसमस महोत्सव सम्पन्न

# क्रिसमस का अर्थ है ईश्वर को अपना बनाना : मिंज

संवाददाता। बोकारो




संत जेवियर्स स्कूल, बोकारो स्टील सिटी में क्रिसमस महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का श्रीगणेश विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने फीता काटकर पवित्र जल से नवीन मंच का उद्घाटन करते हुए किया. उन्होंने ईश्वर का आशीर्वाद लेकर इस उत्सव को आरंभ किया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता का संचार हुआ. इसके बाद विद्यालय के क्वायर ग्रुप ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत कर ईश्वर से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की. इस मधुर आरंभ के पश्चात कैरोल गायन प्रतियोगिता में विजयी रही. जेवियर हाउस की टीम ने एक तारा गीत प्रस्तुत किया, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल को और भी रोमांचक बना दिया. प्राइमरी खंड के बच्चों ने यीशु मसीह के जन्म पर आधारित एक सुंदर नाटिका प्रस्तुत की. उनकी मासूमियत और अभिनय ने दर्शकों के चेहरों पर मुस्कान ला दी, जैसे मुरझाए फूलों में नमी की तरह उनकी मासूमियत ने सबको छू लिया. इसके बाद, मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने जोशीले नृत्य से दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया. संगीत क्लब के प्रतिभाशाली गायकों ने मधुर क्रिसमस कैरोल गाए, जिनकी धुनों ने श्रोताओं को दिलों में गूंजती रागिनी सा समाहित कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से भर दिया. कार्यक्रम में सहायक कर्मचारियों को भी शामिल किया गया, उनके लिए खेल आयोजन किया गया था. इसके बाद विद्यालय के हिंदी मीडियम के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया. एक रोचक पल तब आया जब क्रिसमस क्विज का आयोजन हुआ. इसमें प्रत्येक हाउस से तीन-तीन प्रतिभागियों ने भाग लिया. बॉक्सन्स (पूर्व ज़ेवियर्स छात्र) ने मंच पर आकर सभी को क्रिसमस और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन से कार्यक्रम में एक नई ऊर्जा भर दी. साथ ही उन्होंने बच्चों के संग क्रिसमस के कुछ गीत गुनगुनाए. अंत में, फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने क्रिसमस संदेश देते हुए कहा कि क्रिसमस का अर्थ है ईश्वर को अपना बनाना. उन्होंने प्रेम, शांति और सौहार्द का महत्व समझाया और सभी को खुशियों की बौछार बांटने का संदेश दिया. उन्होंने पूरे कार्यक्रम में बच्चों और उपस्थित जनसमूह की भागीदारी और उत्साह की सराहना की. कार्यक्रम के समापन पर, विद्यालय की टीम को इंटर स्कूल कैरोल प्रतियोगिता में विजेता बनने पर सम्मानित किया गया. इस भव्य आयोजन में विद्यालय प्रांगण विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति से खचाखच भरा हुआ था. विद्यार्थियों के बीच केक वितरण हुआ. संत जेवियर्स स्कूल का यह क्रिसमस महोत्सव न केवल सांस्कृतिक और आध्यात्मिकता का प्रतीक बना, बल्कि यह सभी के हृदय में प्रेम, शांति और सौहार्द का संदेश छोड़ गया.

## जंगली हाथियों ने कच्चा घर तोड़ा

संवाददाता। कथारा



पेटरवार वन क्षेत्र के अंतर्गत चांपी पंचायत के केशवारी गांव में बीते रात्रि को दो जंगली हाथियों ने बिरेन्द्र कुमार मांझी के कच्चा मकान को तोड़ते हुए घर में रखे धान को खा गया. बिरेन्द्र मांझी ने बताया कि लगभग एक बजे रात्रि को हमलोग सभी परिवार सो रहे थे. अचानक घर में धड़ाम-धड़ाम आवाज आने लगी. हल्ला करते हुए दूसरे में कमरे चले गये. दोनों हाथियों ने घर घुसकर एवं आंगन में रखे लगभग 11 क्विंटल धान खा चट गये. उन्होंने बताया कि यदि हमलोग वहां से नहीं भागते तो हाथी के द्वारा हम परिवार के साथ कोई बड़ी घटना घट सकती थी. हम गरीब परिवार से आते हैं, खेती बाड़ी कर सालों भर गुजर बसर करते थे. इसी कच्चा मकान में रहते थे. यहां तक सरकार द्वारा न तो पीएम आवास मिला और ना ही अबुआ आवास. हमलोग इसी कच्चे के मकान में रहा करते थे. घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. वहीं चमन गंझू एवं दुखलाल हेम्ब्रम के बाड़ी में आलु लगे फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया. वार्ड सदस्य बुधन गंझू ने वन विभाग को दूरभाष पर सूचना दिया. सूचना मिलते ही वनकर्मी टीम ने हाथियों को भगाने में सफल रहे. केशवारी के गांव वालों में भय की स्थिति बना हुआ है. कभी भी हाथी हमारे गांव में घुस सकता है, ये स्थिति बनी हुई है. इस मौके में मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि इन सभी को क्षतिपूर्ति के लिए आपदा विभाग एवं वन विभाग से वरीय पदाधिकारी से मिलकर क्षतिपूर्ति दिलाने का काम करेंगे.

# फायर ब्रिगेड की गाड़ी जमीन धंसने से गंगा नदी में समाई



### वाहन को बैक करने के दौरान मिट्टी धंसी

इसी क्रम में मिट्टी धंस गई और दमकल वाहन गंगा में समा गया. इस दौरान अग्निशमन वाहन के चालक अरुण कुमार बाहर नहीं निकल पाए. सूचना मिलते ही राजमहल एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, सीओ यूसुफ शेख, अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार शुक्ला गंगा तट पर पहुंचे.

**खास बातें**

- अग्निशमन वाहन के चालक अरुण कुमार लापता

संवाददाता। साहिबगंज

जिले के राजमहल अनुमंडल में शनिवार को सुबह-सुबह एक बड़ा हादसा हो गया. फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी गंगा में पानी भरने के लिए गई थी. इसी दौरान गाड़ी डूब गई. सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ कि गाड़ी का ड्राइवर लापता है. घटना राजमहल अनुमंडल स्थित गंगा तट पर शनिवार सुबह करीब 7:45 बजे हुई. राधानगर में तैनात दमकल वाहन में पानी की कमी हो जाने पर गाड़ी गंगा से पानी भरने के लिए तट पर गई थी. अग्निशमन वाहन के चालक अरुण कुमार बैक करके गंगा तट पर पहुंचे थे.

### चालक का पता लगाने गंगा में उतरे गोताखोर

तत्काल गोताखोर को बुलाया गया. गोताखोर गंगा में उतरे और नदी में समाये दमकल वाहन के लापता चालक की खोजबीन में जुट गए. वहीं अभी फायर ब्रिगेड के चालक अरुण कुमार मेहता पलामू जिला का निवासी था. करीब दो माह पूर्व राधानगर थाना में थे तैनात.सूत्रो से जानकारी प्राप्त हुआ है कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना में फायर ब्रिगेड के चालक अरुण कुमार मेहता की हुई मौत.फायर ब्रिगेड को बड़ा किराण के माध्यम से गंगा नदी से निकला गया है.

### पूर्व विधायक ने किया गरीबों में कंबल वितरण

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के आनंद मार्ग आवासीय उच्च विद्यालय खैराचातर की ओर से शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता और मद्य तथा निषेध मंत्री योगेंद्र महतो के प्रतिनिधि सह गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी के हाथों 310 कंबलों का वितरण जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया. इस दौरान पूर्व विधायक बबीता देवी ने कहा कि निहायत गरीब, असहाय, लाचार, वृद्ध तथा विकलांगों के बीच कड़ाके की ठंड व शीतलहरी को देखते हुए आनंद मार्ग के सौजन्य से कंबल का वितरण करना गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है. उन्होंने कहा कि आज के समय में भी कई ऐसे जरूरतमंदों के पास पैसों के अभाव में इस कड़ाके व कनकनी की ठंड में भी तन ढंकने के लिए गर्म वस्त्र नहीं है. मौके पर विद्यालय के सचिव आचार्य देव प्रकाशानंद अवधूत, प्राचार्या रजनी रंजना, शिक्षाविद विगन प्रसाद जायसवाल, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, नागेश्वर चौधरी, आनंद महतो, तुलसीदास जायसवाल, मनोज कुमार, आशिष जायसवाल, शिक्षक प्रतिनिधि कुमारी रेशमी, भोला साव, सुरेश महली, राजेन्द्र ठाकुर, सुरज पाण्डेय, दिलीप महतो, योगेश महतो, राहुल शर्मा, तपस्या, कुलदीप, रघु, ललिता, मोना, किरण, दीपिका के अलावे वीणा देवी, सुरेन्द्र नाथ महतो, लालदेव महतो, छत्रु महतो, हरजीवन महतो, मनोज सिंह, जितेन्द्र पाहन आदि मौजूद थे.

### श्री कृपा प्रभात फेरी समिति ने निकाली प्रभात फेरी

**बोकारो।** श्री कृपा एवं प्रभात फेरी समिति के संस्थापक शिव अग्रवाल सहित अनिल मालानी, महेंद्र सोमानी, अतुल अग्रवाल, अशोक मिश्र तथा अनेक धर्म प्रेमियों ने लगातार 13वें वर्ष शनिवार को प्रातः 6.30 बजे चेक पोस्ट, हनुमान मंदिर में महाराज जी के सम्मान एवं उनको स्मरण करते हुए प्रभात फेरी निकाली. द्वितीय युग में प्रवेश के शुभ अवसर पर जन्मदिन के रूप में महोत्सव मनाया व दीपदान किया गया. इस अवसर पर प्रसाद वितरण भी किया गया. प्रभात फेरी में वरिष्ठ सदस्यों छविनाथ सिंह, ऊषा मोहंती, राहुल, अंजू बहन, मंजू बहन, सीता बहन, गीता बहन, पूनम झा, सनिया देवी, मीना, रूपा वर्णवाल, ऊषा बियानी, राजू जायसवाल, मंडल तथा अनेक भक्तजनों ने शिरकत की और नये युग वर्ष में प्रवेश करते हुए भजनों के माध्यम से पूरे माहौल को भक्तिमय बनाया.

## न्यूज अपडेट

### लंबित एलपीसी को 7 दिनों में निष्पादित करें सीओ : एसी

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता (एसी) मो. मुमताज अंसारी ने शनिवार को जिले में संचालित ओएनजीसी एवं गेल इंडिया के परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण को लेकर विधि व्यवस्था से संबंधित मामलों के प्रगति आदि की समीक्षा बैठक की. मौके पर चास एसडीओ प्रांजल ढ़ांडा, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, सीटी डीएसपी आलोक रंजन, चंदनकियारी एवं गोमिया अंचल के अंचल अधिकारी दोनों कंपनियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे. बैठक में गेल इंडिया के चंदनकियारी अंचल क्षेत्र में गैस पाइपलाइन अधिष्ठापन एवं ओएनजीसी कंपनी के गैस पाइपलाइन एवं कुआं अधिष्ठापन को लेकर जारी भू-अधिग्रहण की प्रगति की जानकारी ली. अपर समाहर्ता ने चंदनकियारी अंचल अधिकारी एवं गोमिया अंचल अधिकारी को संबंधित अधिग्रहित भूमि का लैंड पोजिशनिंग सर्टिफिकेट (एलपीसी) संबंधित कंपनी को 07 दिनों में निष्पादित करते हुए निर्गत करने का निर्देश दिया.

### जमीन अधिग्रहण को लेकर किसानों ने जताया विरोध

**साहिबगंज।** भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय कोर कमेटी उपाध्यक्ष राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता व बिहार-झारखंड प्रदेश प्रभारी के कुशल निर्देशन में भाकियू हलधर के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गोप की अध्यक्षता में डिहारी गोचर में एक किसान पंचायत का आयोजन किया गया. इस बैठक में भाकियू हलधर के सुनील यादव, जिला मुख्य संगठन मंत्री व उतरी पश्चिमी प्रदेश महासचिव ने सभाध्यक्ष लक्ष्मण गोप की अनुमति से कार्यक्रम चला. भारतीय हलधर किसान यूनियन के बैनर तले डिहारी जैतपुर, हाजीपुर आसपास के लगभग पांच गांवों के पीड़ित किसानों की बैठक में शामिल हुए. किसानों की मुख्य समस्या है कि एनएच 80 से सीधे आने के पर्याप्त जगह होने के बावजूद यू टर्न लेना पड़ता है, जिससे अधिक से अधिक किसान विस्थापित हो जाएंगे.

### युवा महोत्सव में आदर्श कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**धनवार (गिरिडीह)।** चतरा कॉलेज चतरा में आयोजित विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय 28वें युवा महोत्सव झूमर 2024 में आदर्श कॉलेज राजधनवार के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. महाविद्यालय के छात्र करन कुमार राय ने मिमक्री में पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया. महाविद्यालय की छात्रा कुमारी सिमरन ने कोलाज में सिलवर मेडल एवं पोस्टर मेकिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीत कर पूरे विश्वविद्यालय में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. समूह गान में महाविद्यालय की छात्रा सोनाली कुमारी, ज्योति भारती, प्रिंसी कुमारी, नेहा कुमारी, रंजू कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल अर्जित कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया.

### केबी कॉलेज में मना राष्ट्रीय गणित दिवस

**कथारा।** केबी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गणित दिवस दीप प्रज्ज्वलित करके मनाया गया . जिसकी शुरुआत भारतीय गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन की प्रतिमा पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण एवं प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया और सभी शिक्षकों ने श्रद्धा सुमन प्रकट किया. प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने बताया कि राष्ट्रीय गणित दिवस हम रामानुजन जयंती के रूप में मनाते हैं. यह दिन गणित के जादूगर व देश के महान गणितज्ञ को समर्पित है.

### सरस्वती शिक्षा वाहिनी का पुनर्गठन

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखंड के पुरनी चितरडीह उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का शनिवार को सरस्वती शिक्षा वाहिनी का चुनाव किया गया. जिसमें अध्यक्ष सरताज परवेज एवं संयोजिका पिंकी कुमारी शर्मा को सर्वसम्मति से चयन किया गया. बैठक की अध्यक्षता वार्ड सदस्य भुपाल महतो ने किया. जबकि पर्यवेक्षक के रूप में जिबरेल अंसारी की भूमिका अहम रहीं. ग्रामीणों के अलावे सरस्वती शिक्षा वाहिनी के सभी सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति रही. मौके पर प्रधानाध्यापक रविन्द्र कु यादव, सहायक शिक्षक मो मुस्तकीम अंसारी, सुल्तान अंसारी, लालु यादव, आमना खातुन, खुशबू खातुन, रिंकी कुमारी, संजय शर्मा, मो खलील अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

### भाकपा माले ने निकाली आक्रोश रैली

**धनवार (गिरिडीह)।** बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर पर गृह मंत्री अमित शाह के कथित अपमानजनक बयान से आक्रोशित भाकपा माले प्रखंड कमिटी धनवार ने धनवार के गांधी चौक पर शनिवार को पुतला दहन कर विरोध जताया. कार्यक्रम की अगुवाई प्रखंड सचिव क्यूम अंसारी ने की. माले ने गृह मंत्री से देश से माफी मांगने की मांग की तथा सरकार से उन्हें हटाने और समुचित कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत बताई. इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई. कार्यक्रम में जयंती चौधरी, कौशल्या दास, रामेश्वर चौधरी, बाली यादव, मनाव दास, राजेश दास, कैलाश सिंह, राजकुमार दास आदि ने भाग लिया.

### बैंक ऑफ इंडिया इप्लाइज यूनियन की दो दिवसीय बैठक

**बोकारो।** बैंक ऑफ़ इंडिया इप्लाइज यूनियन, झारखंड स्टेट के कार्यकारिणी समिति की दो दिवसीय बैठक स्थानीय ऑल हेवनस, चीरा चास में पहले दिन की बैठक यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष जीसी सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई. इस दो दिवसीय बैठक में मुख्य रूप से बैंकों में स्टाफ की कमी के कारण कामकाज पर प्रभाव, ग्राहक सेवा ढंग से नहीं होने पर चर्चा की गई. साथ ही झारखंड के पांचों अंचलों यथा बोकारो, हजारीबाग, धनबाद, जमशेदपुर एवं रांची के प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के हितार्थ किए जाने वाले वैध कामों को भी नहीं करने की प्रवृत्ति, पूर्णतया कर्मचारी विरोधी मानसिकता के तहत कर्मचारियों को देय वाजिब हकों के प्रति नकारात्मक रवैया आदि पर विस्तार से चर्चा की गई.

### उपकारा तेनुघाट में बंदियों ने सीखे ध्यान के तरीके

**कथारा।** उपकारा तेनुघाट में शनिवार को प्रथम विश्व ध्यान दिवस पर झारखंड सरकार एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया. जहां जेल अधीक्षक अरुणाभ ने बताया कि उपकारा तेनुघाट में प्रथम विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर कारा निरीक्षालय (गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग) झारखंड सरकार एवं आर्ट ऑफ लिविंग झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में बंदियों को ध्यान के तरीके के बारे में जानकारी दी गई. आगे बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक दीपक कुमार महतो के द्वारा बंदियों को ध्यान दिवस के अवसर पर ध्यान को लेकर कई तरह के योग कराए गए.

### मेमू पैसेंजर ट्रेन में लगेगा आईसीएफ कोच

**साहिबगंज।** मालदा रेल मंडल के द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 03132/31 जमालपुर-साहिबगंज मेमू पैसेंजर ट्रेन में आईसीएफ कोच लगाया जाएगा. इसको लेकर पूर्व रेलवे के डिप्टी चीफ ऑपरेशन मैनेजर के राजकुमार ने सूचना जारी की है. जमालपुर-साहिबगंज पैसेंजर शनिवार से बदले रैक के साथ चलेगी. ट्रेन में इस समय 12 मेमू रैक के कोच लगे हैं. इसे हटाकर 12 आईसीएफ श्रेणी का कोच लगाया जाएगा.

## सांसद ढुल्लू ने चन्दनकियारी के प्रथम विधायक की जयंती मनाई



संवाददाता। बोकारो

स्वतंत्रता सेनानी चास चन्दनकियारी रघुनाथपुर पाड़ा विधानसभा के प्रथम विधायक स्व. हरदयाल शर्मा की 121वीं जयंती के अवसर पर चन्दनकियारी मोड़ स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन नमन कर उनकी जयंती मनाकर उन्हें याद किया. इस अवसर पर सांसद ने कहा कि हरदयाल बाबू स्वतंत्रता सेनानी के साथ युगदृष्टा थे. 1952 में हुए प्रथम चुनाव में उन्होंने काशीपुर के महाराजा शंकरी प्रसाद सिंह देव जी को चुनौती दी थी, हालांकि वे चुनाव हार गए और छह महीने बाद शंकरी प्रसाद का निधनोपरांत हुए उप चुनाव में हरदयाल बाबू ने उनके पुत्र भुनेश्वरी प्रसाद सिंह देव को पराजित कर विधायक बने. उस समय यह क्षेत्र पश्चिम बंगाल के मानभूम जिले में हुआ करता था. हरदयाल बाबू लम्बे समय तक पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ आंदोलन कर इस क्षेत्र को बिहार में मिलाया. आज उन्हीं का परिणाम है कि बिहार-झारखंड विभाजन के बाद आज हमलोग झारखंड में हैं. 1952 में उन्होंने शिक्षा का अलख जगाते हुए कार्तिक चंद्र उच्च विद्यालय की स्थापना कराया था.

# चोरी की बाईक का पाट्‌र्स खोलकर बेचने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## मामले को मैनेज करने के आरोप में थाना प्रभारी निलंबित

संवाददाता। गोड्डा



मोटरसाइकिल की चोरी कर उसके पाट्‌र्स को अलग-अलग करके बिक्री करने के धंधे में शामिल दो गैरेज मिस्त्री समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. जबकि इसी मामले में थाना प्रभारी को एसपी ने घटना को मैनेज करने एवं लापरवाही बरते के आरोप में निलंबित कर दिया. मामला गोड्डा जिला के बलबड्डा थाना क्षेत्र का है. बलबड्डा पुलिस को यह सूचना मिली कि चोरी के मोटरसाइकिल का पाट्‌र्स खोलकर उसे टेंपो से बलबड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत छगराहा रोड होते हुए महगामा मोहनपुर ले जाया जा रहा है. इस सूचना पर बलबड्डा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गझंडा फाटक के पास उक्त टेम्पो को रोका तो उसपर मोटरसाइकिल लदा हुआ मिला तथा खुले पाट्‌र्स भी बड़ी मात्रा में मिला. पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पहले तो टेंपो पर सवार व्यक्ति ने झूठ बोला कि गाड़ी की मरम्मत कराने ले जा रहे है. बाद में पुलिस ने जोर देकर पूछताछ किया तो सारा मामला खुलता चला गया. आरोपियों ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी की थी जिसका पाट्‌र्स खोलकर ले जाया जा रहे थे ताकि कोई शक ना हो. पुलिस ने इस मामले में गैरेज मिस्त्री दो भाई मो जिब्राइल और मो छोटू दोनों पिता अजीम अहमद, ग्राम बास्कीकित्ता बलबड्डा एवं अशोक शर्मा, पिता रामवचन शर्मा, ग्राम छगराहा बलबड्डा को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया. कांड के उद्भेदन में इंस्पेक्टर हरि किशोर मंडल, पुअनि शिव कुमार, मुक्तेश्वर राम एवं सशस्त्र जवान शामिल थे. जबकि इसी मामले में लापरवाही करने एवं घटना को मैनेज करने में संलिप्ता पाए जाने पर थाना प्रभारी को पुलिस अधीक्षक द्वारा निलंबित कर दिया गया है.

## डीपीएस बोकारो के क्रीड़ा उत्सव समागम में विद्यार्थियों ने दिखाए जलवे

# समग्र विकास के लिए खेलकूद जरूरी : आईजी

- झेलम हाउस बना ओवरऑल चैंपियन

संवाददाता। बोकारो



खेल हमें असफलता से सफलता पाने की सीख देता है, चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देता है और जीत का जज्बा सिखाता है. शारीरिक और मानसिक समन्वयन तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए खेलकूद अत्यंत ही आवश्यक है. यह हमें टीम-भावना, अनुशासन तथा सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है. जीवन में सफलता के लिए कठिन परिश्रम, सकारात्मक दृष्टिकोण, निरंतरता और लगन अत्यंत आवश्यक है. ये बातें उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) डॉ. माइकल राज एस. (भापुसे) ने कहीं. शनिवार को डीपीएस बोकारो में आयोजित 35वें वार्षिक क्रीड़ा उत्सव समागम को वह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छह सदनों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उमंग के साथ भाग लिया और विभिन्न स्पर्धाओं में जमकर अपनी प्रतिभा व अपने दमखम का परिचय दिया. एक मैदान में सैकड़ों प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का समागम एवं कलात्मक शैली में क्रीड़ात्मक स्पर्धाओं में उनकी भागीदारी विशेष आकर्षण का केन्द्र रही. विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए मुख्य अतिथि ने खेल-भावना से प्रतिभागिता का संदेश दिया. समारोह के सम्मानित अतिथियों में डॉ. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो के उपाध्यक्ष एवं जीजीपीएस बोकारो के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती, महासचिव एवं एआरएस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विश्वजीत पात्रा, जिला प्रशिक्षण समन्वयक एवं चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, जीजीपीएस चास के प्राचार्य अभिषेक कुमार, आदर्श विद्या मंदिर, चास के प्राचार्य रंजीत कुमार एवं रेनबो पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विपुल सिंह उपस्थित रहे. विद्यालय के प्राचार्य एवं डॉ. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो के अध्यक्ष डॉ. ए. एस. गंगवार ने सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, मर्यादा, टीम भावना, आपसी तालमेल तथा चुनौतियों से लड़ना सिखाता है. खेल में हार-जीत से ज्यादा प्रतिभागिता महत्वपूर्ण है. उन्होंने खेल में बढ़ती भारत की वैश्विक ताकत को रेखांकित करते हुए बच्चों के क्रीड़ात्मक विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो के प्रयासों की चर्चा की. इसके पूर्व, आरंभ में बच्चों ने पौधा भेंटकर और स्वागत गान के साथ अतिथियों का स्वागत किया. 'इको ऑफ एक्सीलेंस' यानी उत्कृष्टता की गूंज विषय वस्तु पर आधारित इस समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि ने विद्यालय का ध्वज फहराकर, मशाल प्रज्ज्वलित कर तथा गुब्बारे उड़ाकर किया. आईजी डॉ. माइकल द्वारा परेड निरीक्षण के उपरांत गंगा, चेनाब, झेलम, रावी, जमुना एवं सतलज के विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया. मास ड्रिल में प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने कपड़े की रंग-बिरंगी पट्टिकाओं के साथ संगीतमय समन्वयन की मनोरम प्रस्तुति दी. विद्यालय द्वारा अभिवंचित वर्ग के बच्चों के शिक्षार्थ संचालित दीपांश शिक्षा केन्द्र के छात्र-छात्राओं ने शंकरा रे शंकरा... गीत पर महादेव-नृत्य की प्रस्तुति से सबकी भरपूर सराहना बटोरी. कराटे और जुम्बा डांस का प्रदर्शन भी आकर्षक रहा. इस अवसर पर अतिथियों ने खेल दिवस के उपलक्ष्य में प्रकाशित विद्यालय की पत्रिका जेनिथ का विमोचन किया.

### केपी चौबे की 44वीं पुण्यतिथि मनी

**कसमार (बोकारो)।** कसमार स्थित काशीश्वर वाटिका में शनिवार को स्वतंत्रता सेनानी काशीश्वर प्रसाद चौबे की 44वीं पुण्यतिथि समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर नमन किया. इस दौरान श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीपीआई नेता दिवाकर महतो ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी केपी चौबे एवं उनके अनुज शिक्षाविद बीएस चौबे ने कसमार समेत आसपास के क्षेत्र में समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कसमार हाई स्कूल, सरकारी अस्पताल, प्रखंड कार्यालय, थाना समेत विकास के कई महत्वपूर्ण संस्थानों की स्थापना की. इस दौरान बताया कि उनके आदर्शों को अपना कर हमें हर समय समाजहित में कार्य करने की जरूरत है, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी. मौके पर मकीम अहमद, दिवाकर महतो, अविनाश कुमार चौबे समेत अन्य लोग मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### राज्यपाल ने की पहला कदम स्कूल के कार्यों की सराहना

**धनबाद।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम की टीम ने शनिवार को झारखण्ड के राज्यपाल संतोष गंगवार से औपचारिक मुलाकात की. इस अवसर पर पहला कदम की सचिव अनिता अग्रवाल, प्रतिक अग्रवाल और कौशल अग्रवाल ने राज्यपाल को पहला कदम स्कूल के द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र मे किये जाने वाले कार्यो के बारे में बताया. राज्यपाल के द्वारा पहला कदम स्कूल के दिव्यांगों के हित में होने वाले प्रयासों की सराहना की. यह मुलाकात दिव्यांग बच्चों के सुनहरे भविष्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने का अवसर प्रदान करेगा.

### यूको बैंक के अधिकारियों ने किया पौधरोपण

**धनबाद।** यूको बैंक के 83वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को यूको बैंक के मैनेजर समेत अन्य पदाधिकारियों ने नगर निगम परिसर में पौधरोपण किया. नगर आयुक्त रविराज शर्मा की मौजूदगी में बैंक के अधिकारियों ने निगम कार्यालय परिसर में कई पौधे लगाए. मौके पर नगर आयुक्त ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधरोपण ही सबसे बेहतर कदम है. निगम द्वारा लगातार पौधरोपण किया जा रहा है. जिससे वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखा जा सके. पौधरोपण कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, निगम के पदाधिकारी एवं कर्मी और यूको बैंक के जोनल मैनेजर भावना सिंह, यूको बैंक के ब्रांच मैनेजर अनामिका कुमारी एवं बैंक के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे.

### अभाविप के 25वें प्रदेश अधिवेशन का उद्घाटन करेंगे राज्यपाल

धनबाद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश का 25वाँ प्रदेश अधिवेशन आगामी 3, 4 व 5 जनवरी 2025 को धनबाद में आयोजित होने जा रहा है. इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के राज्यपाल संतोष गंगवार उपस्थित होंगे. साथ ही साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर मनोज तिवारी भोजपुरी गायक व सांसद एवं विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा शामिल होंगे.

# लिंडसे क्लब में पौष पार्बन उत्सव पर संगीत और स्वाद का संगम




**संवाददाता। धनबाद**

लिन्डसे क्लब एवं लाइब्रेरि की ओर से पौष पार्बन उत्सव के अवसर पर आयोजित मेला का लोगों ने शनिवार को भरपुर आनंद लिया. इस अवसर पर लोगों ने गीत संगीत के साथ स्वाद का अनोखा संगम देखने को मिला. विशेष कर बंगाली समुदाय के लोग कई साल से हिरापुर लिन्डसे क्लब के प्रांगन में ही मेला का आनन्द लेते आ रहे है. मेले में तरह-तरह के व्यंजन जैसे मिठाई, पायेस, गुड के संदेश,पुलि पिठे,गुड के रसगुल्ला, वैगनी, फिश फिंगार, मटन चप, कटलेट, मटनछोला, ढोकला, भेज रोल, दावेलि, बिरियानी का लुप्त उठाए. सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य मलिका के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किये. लोकगीत का कार्यक्रम एव लिन्डसे क्लब के सदस्यो द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया किया गया. स्नुति नाटक पाठ की प्रस्तुति हुई. शान्तिनिकेतन बोलपुर बंगाल के मशहूर लोकगीत कलाकार जयेन्त दास के समुह के वाउल संगीत ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. सचिव सलिल विश्वास ने कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ता के हार्दिक बधाई दी.

### जमसं बच्चा गुट ने की मुख्य सड़क जाम

**झरिया।** कुजामा लोडिंग पॉइंट पर मैन्युअल लोडिंग की मांग को लेकर जमसं बच्चा गुट की ओर से शनिवार को चौथे दिन भी कुजामा चेक पोस्ट के समीप मुख्य सड़क जाम कर दिया. जिसके कारण कोयला का ढुलाई एवं परियोजना से ट्रांसपोर्टिंग का काम पूरी तरह ठप हो गया. सूचना मिलने पर तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार, आउटसोर्सिंग अधिकारी, कुजामा के पीओ एक पांडेय भी पहुंचे. आंदोलनकारी से वार्ता की लेकिन वार्ता विफल हो गई. आंदोलन कर रहे जमसं समर्थकों ने कहा कि पूर्व में मैन्युअल लोडिंग की मांग को लेकर प्रबंधन को पत्र दिया गया था लेकिन उस पर कोई पहल नहीं हुई. जिसके कारण बंदी में जाना पड़ा. हम लोगों की मांग है कि कुजामा लोडिंग पॉइंट में मैन्युअल लोडिंग कराया जाए ताकि लोगो को रोजगार मिल सके. आंदोलन करने वालों में रविंद्र प्रसाद, प्रीतम रवानी, रत्नेश यादव, दीपक साहू, सिंकु ठाकुर, मंजू देवी,सरस्वती देवी, अमर प्रसाद, संजीव सिंह, कृष्णा पटेल, कुंदन मोदक, राजीव पांडे आदि शामिल थे.

# कृष्णा अग्रवाल बने जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष

- समाज को एक मंच पर लाकर सभी वर्ग का विकास करना प्राथमिकता : कृष्णा



**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन सत्र 2024-2026 के लिए पुनः एक बार कृष्णा अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किये गए. धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन (सत्र 2024-2026) के अध्यक्ष पद का चुनाव सम्पन्न कराने हेतु तीन सदस्यीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था .जिसमें अनिल गुप्ता, राजेश रिटोलिया एवं दीपक रुइया थे. जिला अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में दो सदस्य सुरेंद्र अग्रवाल व कृष्णा अग्रवाल ने नामांकन किया था. 19 दिसम्बर को सम्मेलन के वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता दीनानाथ चौधरी एवं मुख्य चुनाव पदाधिकारी अनिल गुप्ता की पहल पर प्रत्याशी सुरेन्द्र अग्रवाल के आवास पर महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें सुरेन्द्र अग्रवाल ने सर्वसम्मति का मार्ग प्रशस्त करते हुए अपना नामांकन वापस ले लिया. ऐसे परिस्तिथि में कृष्णा अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए. सुरेन्द्र अग्रवाल ने अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल को बधाई एवं शुभकामना देते हुए सत्र 2024-2026 के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया. अध्यक्ष बनने की प्रक्रिया को अंतिम रूप देते हुए शनिवार को संध्या हीरापुर स्थित अग्रसेन भवन में निर्वाचन पदाधिकारी अनिल गुप्ता, राजेश रिटोलिया एवं दीपक रुइया ने संयुक्त रूप से सत्र 2024 -2026 के लिए अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल को प्रमाण पत्र प्रदान किया. प्रमाण पत्र मिलने के बाद अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने मारवाड़ी सम्मेलन के तमाम सदस्यों के साथ साथ पूरे समाज के प्रति आभार व्यक्त किया.

### युवा संघर्ष मोर्चा ने बांटे कंबल

- राज सिन्हा ने दिया सहयोग का आश्वासन

**धनबाद।** जिले में मानव सेवा परिषद व युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के संयुक्त तत्वाधान में असहाय जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया. पुराना बाजार स्थित बाबा शनि मंदिर के समीप एकत्रित हुए गरीब गुर्बो के बीच कंबल और नाश्ता का वितरण किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक राज सिन्हा उपस्थित हुए. विधायक ने संस्था के कार्य की सरहाना की. कहा कि वे अपने स्तर से भी कंबल वितरण एवं जगह - जगह अलाव की व्यवस्था करेंगे. ताकि लोगों को ठंड से राहत पहुंचाई जा सके. समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने कहा कि उन्होंने इस ठंड में एक हजार कंबल बाँटने का लक्ष्य लिया है साथ ही जिले के उपायुक्त से जिले में अविलम्ब अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की. युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह ने कहा कि संस्था की ओर से गरीबों के बीच प्रत्येक शनिवार को भोजन वितरण भी कराती है. शीघ्र ही शहर एवं गांवों में जरूरत मंद लोगों को कंबल वितरण किया जाएगा. मानस प्रसून, श्रवण राय,नगेंद्र सिंह, मनोज मालाकार समेत अन्य शामिल थे.

# बिरहोर समुदाय के नंदलाल को डीसी ने सौंपा नियुक्ति पत्र



**संवाददाता। धनबाद**

आदिम जनजाति के बिरहोर समुदाय के नंदलाल बिरोहर के लिए शुक्रवार का दिन खुशियों भरा रहा. उपायुक्त माधवी मिश्रा ने नंदलाल बिरोहर को अनुकंपा के आधार पर चतुर्थ वर्ग में अनुसेवक के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा. स्व. छोटाशुकर बिरहोर भूतपूर्व अन्न भंडार चौकीदार (जिला कल्याण कार्यालय, धनबाद) पुत्र नंदलाल को अनुकंपा के आधार पर चतुर्थ वर्ग में अनु सेवक के पद पर जिला कल्याण कार्यालय में नियुक्त किया गया है. नियुक्ति पत्र सौंपने के उपरांत उपायुक्त माधवी मिश्रा ने नंदलाल बिरहोर को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की. मौके पर प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद मौजूद रहें.

# असर्फी कैंसर संस्थान में ईलाज के बाद मरीज ने कैंसर से जीती जंग

**संवाददाता। धनबाद**



असर्फी कैंसर संस्थान में ईलाज के बाद कैंसर पीड़ित सामान्य जिंदगी जीने की ओर है. अस्पताल प्रबंधन ने इसे धनबाद में सफलता बताई है. आर्थिक स्थिति से कमजोर कैंसर पीड़ित (60 वर्षीय) का मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत उच्चतम गुणवत्ता का इलाज प्रदान किया गया. प्रबंधक ने बताया कि पीड़ित मरीज, कुछ माह पूर्व असर्फी कैंसर संस्थान के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रमेश कुमार के पास पहुंचे थे, उनका जांच के दौरान 12 सेंटीमीटर का बाएं छाती पर एक घातक गांठ पाई गई थी. शुरुआती जांच में यह हार्मोन पॉजिटिव ब्रेस्ट कैंसर स्टेज IV के रूप में पुष्टि की गई. डॉक्टरों ने त्वरित कदम उठाते हुए रक्त परीक्षण और बायोप्सी जांच करवाई तत्पश्चात उन्हें ओरल टारगेटेड थेरेपी दी गई. एक महीने में ही द्रव्यमान में कमी देखी गई और 3 महीने के बाद दवाई लेने से द्रव्यमान पूरी तरह से कम हो गया. आज, मरीज पूरी तरह स्वस्थ हैं और अपने सामान्य जीवन की ओर वापस लौट चुके हैं. उनके इलाज का सारा खर्च मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत कवर किया गया, जिससे उनके उपचार की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आई. यह सफलता असर्फी कैंसर संस्थान और उनके विशेषज्ञ चिकित्सकों की अथक मेहनत और सरकार की प्रभावी योजनाओं का परिणाम है. असर्फी कैंसर संस्थान के निदेशक उदय प्रताप सिंह ने कहा "हमारे अस्पताल में कैंसर के इलाज में निरंतर सफलता और समर्पण की प्रेरणा से मरीजों को बेहतर उपचार मिल रहा है. अस्पताल की विशेषज्ञ डाक्टर, उनकी टीम, अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) जैसी पहलें, कैंसर के खिलाफ संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं.

# चार अनाथ बच्चों को मिला जिला प्रशासन का साथ

- पॉक्सो विक्टिम दिव्यांग सहित 4 अनाथ बच्चों को मिले शैक्षणिक कीट एवं गर्म कपड़े

**संवाददाता। धनबाद**



उपायुक्त माधवी मिश्रा ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बाघमारा के अनाथ बच्चों को शैक्षणिक कीट, गर्म कपड़े सहित सहायता सामग्री दी। इनके अलावा एक पॉक्सो विक्टिम दिव्यांग को भी शैक्षणिक कीट, गर्म कपड़े सहित सहायता सामग्री प्रदान की गई. इन बच्चों के सुगमता पूर्वक जीवन यापन करने के लिए मिशन वात्सल्य के तहत स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत सहायता राशि की प्रकिया जल्द पूर्ण करने के लिए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को निर्देशित किया. डीसी ने उनके शिक्षा के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर ने बताया कि सभी चार बच्चे एक ही परिवार के हैं, जिनमे से 3 बच्चों को मिशन वात्सल्य के तहत स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत सहायता राशि प्रदान करायी जाएगी जिसकी प्रक्रिया की जा रही है. एक बच्ची को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन कराया जाएगा. मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, प्रोटेक्शन ऑफिसर आनंद कुमार, प्रीति कुमारी, मदन मोहन मेहता, रूपेश महतो, गौरांग नंदी सहित अन्य मौजूद रहे.

## आसनसोल

# फर्जी डॉक्टरी के आरोप में पिता-पुत्र गिरफ्तार

## जांच में पता चला कि दोनों के पास डॉक्टरी की कोई वैध डिग्री नहीं

**संवाददाता। कोलकाता**



बर्दवान शहर में पुलिस ने पिता-पुत्र को फर्जी डॉक्टर होने के आरोप में गिरफ्तार किया है. एक आरोपित के नाम के आगे 'एमबीबीएस' लिखा था, जबकि दूसरे ने खुद को 'जनरल फिजिशियन' बताया. जांच में पता चला कि दोनों के पास डॉक्टरी की कोई वैध डिग्री नहीं है. उनके क्लिनिक में छोटे-मोटे ऑपरेशन भी किए जा रहे थे. लक्ष्मीकपुर मैदान इलाके में एक तीन मंजिला इमारत के निचले तल पर ये क्लिनिक चल रहा था. जब पुलिस वहां पहुंची, तो करीब दस मरीज इलाज के लिए इंतजार कर रहे थे. पुलिस ने जांच में पाया कि क्लिनिक के लिए न तो कोई वैध कागजात थे और न ही डॉक्टरों के पास कोई मेडिकल डिग्री. इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया. **पुलिस और स्थानीय प्रशासन का बयान :** जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमओएच) जयराम हेम्ब्रम ने शनिवार को बताया कि स्थानीय निवासियों ने इस क्लिनिक के खिलाफ शिकायत की थी. पुलिस ने जांच में पाया कि पिता अशोक कुमार प्रसाद ने खुद को 'एमबीबीएस' बताया, जबकि उनके बेटे ने 'जनरल फिजिशियन' के नाम से मरीजों का इलाज शुरू कर दिया. पुलिस के अनुसार, यह परिवार पहले भी 2017 में इसी तरह के मामले में पकड़ा जा चुका है, लेकिन बाद में जमानत पर रिहा होने के बाद उन्होंने फिर से इस काम को शुरू कर दिया. मुर्शिदाबाद से इलाज कराने आई एक महिला ने बताया कि उनकी मां को लकवे का इलाज कराने के लिए यहां लाया गया था. सलमा बीबी नाम की महिला ने कहा, हमें नहीं पता था कि ये लोग फर्जी डॉक्टर हैं. स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पिता-पुत्र ने चिकित्सा जैसे पवित्र पेशे को 'पारिवारिक व्यवसाय' बना दिया है. **क्या कहते हैं आरोपित :** अशोक कुमार प्रसाद ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बिहार में 'सीएमएस' और 'सीडीपी' जैसे कोर्स किए हैं, लेकिन इन डिग्रियों से इलाज करने का अधिकार नहीं है. उन्होंने यह भी बताया कि पहले वह एक चिकित्सा संस्थान में सहायक के रूप में काम करते थे और बाद में बेटे के क्लिनिक में प्रैक्टिस शुरू कर दी. पुलिस ने क्लिनिक से बड़ी मात्रा में चिकित्सा उपकरण बरामद किए हैं और इस मामले में विस्तृत जांच जारी है.

### हत्या के आरोप में पिता पुत्र को आजीवन कारावास

**पुरुलिया।** पुरुलिया जिला न्यायालय की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. जिसमें एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में पिता और पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है. यह मामला 23 अक्टूबर 2020 का है. जब राजेश कुमार कोटशिला थाना क्षेत्र के माझी डी गांव स्थित तालाब के पास प्रातः क्रिया के लिए गये थे और वहां पर बीरेन कुमार और उनके दो बेटे शिवराम कुमार और परमेश्वर कुमार ने उन पर हमला किया था. राजेश कुमार को गंभीर चोटें आईं और बाद में उनकी मौत हो गई. इस मामले में पुरुलिया जिला अदालत में धारा 341/302/034 के तहत मामला चला और न्यायाधीश शर्मिष्ठा घोष ने बीरेन कुमार और शिवराम कुमार को दोषी पाया. इसके बाद, उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई. यह फैसला न्यायिक प्रणाली की एक महत्वपूर्ण जीत है और यह दिखाता है कि अपराधियों को सजा मिलेगी.

# कुल्टी में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

- गृह मंत्री अमित शाह के बयान की निंदा की

**संवाददाता। बराकर**




लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान देश के गृह मंत्री द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर पर दिये गये बयान के खिलाफ पूरे देश में कांग्रेस की ओर से प्रदर्शन किया जा रहा है. शनिवार को कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस कमिटी की ओर से कुल्टी थाना के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया. जहा कांग्रेस की ओर से कुल्टी पुलिस को एक ज्ञापन सौंपा गया. विरोध प्रदर्शन के दौरान कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सुकान्त दास ने कहा कि देश के पहले कानुन मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने जो बयान दिया है. उसकी जितनी निंदा की जाय कम होगी. वही आगे उन्होंने कहा कि तत्काल गृह मंत्री अमित शाह को अपने पद से स्तीफा देना चाहिये. वहीं पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इम्तियाज खान ने कहा कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर गृह मंत्री के बयान के खिलाफ कुल्टी थाना के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि भाजपा डॉ.अंबेडकर की विचारधारा के विरोधी है।भाजपा दलित विरोधी है. उन्होंने कहा कि जब तक गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में दिये गये बयान को लेकर त्याग पत्र नही देते तब तक कांग्रेस की ओर से देश भर में भाजपा के विरोध मे आंदोलन जारी रहेगा. इस अवसर पर आईएनटीयूसी सचिव बाबु बनर्जी, वार्ड अध्यक्ष हुसैन खान, वशीम जुगल किशोर, सलाउद्दीन खान एवं सेराज खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के सभी संगठन के कार्यकर्ता शामिल थे.

# श्री श्री अकादमी में वर्ल्ड मेडिटेशन डे का आयोजन



**संवाददाता। रानीगंज**

श्री श्री अकादमी आसनसोल में वर्ल्ड मेडिटेशन डे के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम एक अद्भुत और प्रेरणादायक अनुभव था, जिसका मुख्य उद्देश्य ध्यान के महत्व को उजागर करना और लोगों को मानसिक शांति एवं आंतरिक संतुलन स्थापित करने के लिए प्रेरित करना था. कार्यक्रम की शुरुआत श्री श्री रविशंकर जी के प्रेरणादायक वीडियो संदेश से हुई, जिसमें उन्होंने ध्यान के माध्यम से सकारात्मकता, मानसिक शांति और तनावमुक्त जीवन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. इस आयोजन में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने अनुभवी ध्यान प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सामूहिक ध्यान सत्र में भाग लिया, जिससे सभी को ध्यान की गहराई का अनुभव हुआ. इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य और ध्यान के प्रभाव पर विशेषज्ञों द्वारा विचार-विमर्श सत्र आयोजित किया गया, जिसमें ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की तकनीकों पर प्रकाश डाला गया.

### रानीगंज में स्वास्थ्य जांच शिविर

**रानीगंज।** रानीगंज में सुभदर्शनी अस्पताल के सहयोग से रानीगंज चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप में विभिन्न राज्यों के नामी चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की. इस आयोजन में ऑर्थोपेडिक सर्जन अंकित राय, न्यूरो विशेषज्ञ डॉक्टर सूर्यनारायण नायडू, और गैस्ट्रोलॉजी चिकित्सक काफिल अहमद नवाब ने मरीजों की जांच की. चेंबर के पदाधिकारी अरुनामय कुंडू ने कहा कि इस आयोजन से रानीगंज के लोगों को दक्षिण भारत के अस्पतालों के तर्ज पर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा. सुभदर्शनी अस्पताल में प्रतिदिन 2 बजे से 5 बजे तक ओपीडी में आने वाले रोगियों के लिए मात्र 50 में चिकित्सक मरीजों की जांच कर रहे हैं और विभिन्न तरह के जांच में भी छूट है. ईसीजी, शुगर, और प्रेशर की जांच भी की गई. चेंबर की तरफ से डॉक्टर अरूपानंदपाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रानीगंज के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था.

# गढ़ पंचकोट स्कूल में वार्षिक खेलकूद

**संवाददाता। नीतुरिया**




नितुरिया के सरबड़ी मोड़ के करीब स्थित गढ़ पंचकोट इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद मीट 'उड़ान' का आयोजन किया गया. जिसमे वर्ष 2023-24 के विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. मौके पर अंतरराष्ट्रीय मैराथन विजेता प्रकाश बनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में तथा हेल्थ वर्ल्ड के एसोसिएट वाईस प्रेसिडेंट कमलेन्दु मिश्र विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे. इनके अलावा अवकाश प्राप्त सहायक प्रधान शिक्षक पल्लव कुंडू, ग्रीन पॉइंट अकादमी के प्राचार्य एस एस राय, गढ़ पंचकोट स्कूल के प्राचार्य जयंत भट्टाचार्य सहित अन्य उपस्थित थे. जानकारी के अनुसार शनिवार को आयोजित कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई. बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता की अच्छी शुरुआत की. अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन किया. उपस्तिथ अभिभावकों व अन्य लोगों ने खेलकूद का आनंद उठाया. इस दौरान गढ़ पंचकोट के प्रिंसिपल जयंत भट्टाचार्य ने जीवन में खेलकूद के महत्व को बताया कहा कि हम पढ़ाई लिखाई के साथ खेलकूद को भी अहमियत देते हैं. क्योंकि इससे मन की नीरसता दूर होती है. कहा कि मनको निरस नहीं होने देना चाहिए क्योंकि इससे मन की क्रियशीलता प्रभावित हो जाती है और व्यक्ति में सक्रियता कुंठित होकर हिनमासिकता जन्म लेने लगती है. अतः पढ़ाई के साथ साथ इसकी भी बहुत आवश्यकता है. उन्होंने छात्र छात्राओं को खेलकूदों में प्रदर्शन के लिए बधाई और प्रोत्साहन दिया.

# रानीगंज के एसकेएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह

**संवाददाता। रानीगंज**



रानीगंज के एसकेएस पब्लिक स्कूल मंगलपुर में वार्षिक समारोह का आयोजन हुआ. जिसमें जिला शासक पोनाब्लम एस ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की. उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में काफी प्रतिस्पर्धा है, इसलिए विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई में ध्यान देना चाहिए. उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को न डांटें और उन्हें प्रोत्साहित करें. साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल न करने की सलाह दी, क्योंकि इससे नुकसान होने की संभावना बनी रहती है. स्कूल के ट्रस्टी उत्कर्ष गौतम, रानीगंज के बीडियो पंजाबी मोड पुलिस फाडी करतार सिंह ने दीप प्रज्वलित किया. रानीगंज के विधायक तापस बनर्जी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी अरुण भारतीया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. अतिथियों ने स्कूल के टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया. कार्यक्रम में नर्सरी फैशन शो, के जी डांस, क्लास डांस, हिंदी ड्रामा, बंगाली ड्रामा, लाइट डांस फेस्टिवल ऑफ पंजाब एवं अन्य कई तरह के नृत्य संगीत की प्रस्तुति की गई. स्कूल के प्रिंसिपल संदीप सिंन्हा ने कहा कि विद्यार्थियों के प्रतिभा को निखारने का काम स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं कर रहे हैं. स्कूल के कई विद्यार्थी अभी शीर्ष स्थान पर हैं.



# इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर

## बन कॅरियर को दें नई दिशा

**आज के समय में इंटरनेट का इस्तेमाल तो सभी लोग करते हैं, लेकिन अगर सोच-समझकर इंटरनेट का इस्तेमाल किया जाए। तो यह कमाई का एक बेहतरीन जरिया बन सकता है। हालांकि आपने भी देखा होगा कि आज के समय में बहुत से लोग सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के तौर खूब शोहरत हासिल कर रहे हैं। वहीं इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन लोग लाखों कमा रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।**

इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर अपना कॅरियर बना शानदार कमाई कर सकते हैं। वर्तमान समय में अपनी नौकरी के साथ लोग सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी काफी अच्छे से हैंडल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अच्छी रीच और ज्यादा एक्टिव रहने वाले अकाउंट्स को ब्रांड प्रमोशन आदि को अच्छा खासा-पैसा मिलता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर आप अपने कॅरियर की शुरूआत कैसे करें।

### टाइम मैनेजमेंट है जरूरी

जब भी आप नौकरी करते हैं, तो इसमें आपके काम करने का रूटीन फिक्स होता है। लेकिन जब बात सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की होती है, तो इसमें आपको अपने काम की सीमा खुद तय करनी होती है। फोन व लैपटॉप के जरिए आपको अपना काम करना होता है। ऐसे में आपको भी अपने काम की सीमा खुद तय करनी होगी। जिससे कि आप सोशल मीडिया के अलावा अन्य कामों को भी पर्याप्त समय दे सकें।

### फिक्स्ड इनकम

जब आप कोई नौकरी करते हैं, तो हर महीने के आखिरी में आपके बैंक अकाउंट में एक फिक्स्ड इनकम आ जाती है। लेकिन बतौर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आपको कोई फिक्स्ड सैलरी नहीं मिलती है। आपकी इनकम ब्रांड प्रमोशन आदि पर निर्भर करती है। इसलिए शुरूआत में आपको नौकरी के साथ इस काम को करना चाहिए। ताकि आपका खर्चा आसानी से चलता रहे। वहीं सोशल मीडिया पर हर इंफ्लुएंसर का एक-दूसरे से अलग होना जरूरी है। इसलिए आपको ओरिजिनल आइडिया पर काम करने के साथ एडिटिंग आदि भी सीखनी चाहिए।



# पाइथन सीख कॅरियर को दें नई उड़ान

**अगर आपको भी कंप्यूटर प्रोग्रामिंग भाषा सीखने में इंट्रेस्ट हैं, तो आप इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। बता दें कि पाइथन सर्टिफिकेट कोर्स करने वाले छात्रों के सामने कई अच्छे कॅरियर ऑप्शन मौजूद होते हैं।**

आज के समय में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग समय की जरूरत बन गया है। कंप्यूटर और उससे संबंधित कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को आगे कई अच्छे कॅरियर विकल्प मौजूद हैं। कप्यूटर प्रोग्रामिंग की बढ़ती मांग को देखते हुए आज के समय में लोग ज्यादा से ज्यादा इस क्षेत्र में ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में आप सभी ने पाइथन का नाम सुना ही होगा। पाइथन कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का एक अहम हिस्सा है। पाइथन की जानकारी बढ़ाने के लिए लोग कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का बेसिक सीखने के लिए सर्टिफिकेट कोर्स कर रहे हैं। जिसके जरिए उन्हें प्रोग्रामिंग की भाषा का ज्ञान मिलने के साथ ही कॅरियर के तौर पर भी अच्छे ऑप्शन मिलेंगे। जब भी कोई आपको सामने कप्यूटर प्रोग्रामिंग या इससे संबंधित किसी भाषा में बात करेगा। तो आप बिना झिझके बड़ी आसानी से उसका जवाब दे पाएंगे। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पाइथन कोर्स की जानकारी देने जा रहे हैं।

### पाइथन सर्टिफिकेट कोर्स

- कोडिंग सीखने के इच्छुक उम्मीदवार इस कोर्स को कर सकते हैं।
- अगर आप भी प्रोग्रामिंग की भाषा में बेहतर बनना चाहते हैं, तो यह एक अच्छा कोर्स है।
- इस कोर्स को आप एक अच्छे भविष्य के लिए कर सकते हैं।

### क्वालिफिकेशन

- कक्षा 10वीं पास उम्मीदवार पाइथन सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं।
- आप बेसिक से उच्च स्तर के कोर्स की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

### पाइथन सर्टिफिकेट कोर्स में क्या सिखाया जाएगा

- इस कोर्स में डेटा एनालिटिक्स का प्रयोग का समस्याओं का समाधान करना सिखाया जाएगा।
- इसके अलावा तमाम वेब एप्लिकेशन बनाना सिखाया जाएगा।
- सॉफ्टवेयर और वेबसाइट की कोडिंग सिखाई जाएगी।
- डाटा सुरक्षा सुनिश्चित करना सिखाया जाएगा।
- डाटा एल्गोरिदम को सु-व्यवस्थित करना सिखाया जाएगा।



# दिलकश आवाज और शानदार भाषाई कौशल के दम पर बनें वॉइस ओवर आर्टिस्ट

**वॉइस ओवर आर्टिस्ट या डबिंग आर्टिस्ट बनने के लिए किसी विशेष क्वॉलिफिकेशन की जरूरत नहीं होती। दिलकश आवाज और शानदार भाषाई कौशल के दम पर कोई भी इस क्षेत्र में आ सकता है। वैसे हाल ही में कुछ ऐसे कोर्स भी शुरू हुए हैं, जो डबिंग आर्टिस्ट की प्रतिभा को संवारने में मदद करते हैं। इनमें प्रवेश के लिए 10वीं पास होना जरूरी है।**

### योग्यता

किसी डबिंग आर्टिस्ट के लिए पहली जरूरत तो इसी बात की है कि उसकी आवाज अच्छी हो और भाषा पर उसकी अच्छी पकड़ हो। आप चाहे फिल्मों, विज्ञापनों के लिए डबिंग कर रहे हों या फिर रेडियो, टीवी के लिए अपनी आवाज दे रहे हों, आपकी आवाज 'ब्रॉडकास्ट क्वॉलिटी' की होनी चाहिए। आवाज की गुणवत्ता तो प्रकृति देती है लेकिन वॉइस मॉड्यूलेशन आपको सीखना होगा। आखिर आवाज का सही उतार-चढ़ाव ही तो डबिंग की जान है! साथ ही आपका गला साफ होना चाहिए और उच्चारण बिल्कुल स्पष्ट। यदि आप डबिंग आर्टिस्ट के रूप में करियर बनाना चाहते हैं, तो मॉक डबिंग प्रेक्टिस करते रहें। साथ ही अपने भाषाई हुनर को भी मांजते रहें। जिस तरह अभिनेता अलग-अलग लोगों के हाव-भाव का बारीकी से अध्ययन करता है, उसी तरह डबिंग आर्टिस्ट को अलग-अलग लोगों के बोलने के अंदाज का अध्ययन करते रहना चाहिए। ध्यान रहे, डबिंग आर्टिस्ट के रूप में आपको विभिन्न किरदारों की आवाज बनना होगा। इसलिए यह जरूरी है कि आप ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिलें-जुलें, उनसे 'कनेक्ट' करें।

### अवसर

डबिंग आर्टिस्ट के लिए आज अवसरों की तो कोई कमी ही नहीं है। विभिन्न रेडियो तथा टीवी चैनलों, प्रोडक्शन हाउसेज, विज्ञापन उद्योग, डॉक्यूमेंटरी फिल्म्स, एनिमेशन जगत, ऑनलाइन एजुकेशन (ऑडियो बुक डबिंग) आदि में वॉइस-ओवर आर्टिस्ट्स की भारी मांग है। इस फील्ड में शुरूआत में स्ट्रगल तो करना पड़ता है लेकिन एक बार इंडस्ट्री में आपकी आवाज की पहचान बन जाए, तो फिर कमाई कई गुना बढ़ती जाती है। डबिंग आर्टिस्ट को आम लोगों के बीच अभिनेताओं जैसी शोहरत तो नही मिलती लेकिन मनोरंजन जगत के भीतर प्रतिभाशाली आर्टिस्ट्स का खासा नाम होता है।

### कोर्स

इस क्षेत्र में कोई डिग्री या डिप्लोमा कोर्स नहीं होता। हां, कुछ संस्थाएं इसके सर्टिफिकेट कोर्स संचालित करती हैं, जिनकी अवधि एक महीना होती है।




# बेहतर करियर अवसरों की तलाश में हैं बनें इन्वेस्टमेंट बैंकर

**ग्रेजुएशन या पोस्टग्रेजुएशन से पहले अक्सर विद्यार्थियों में कंफ्यूजन होता है कि वे अपनी रुचि से मैच करता हुआ कौन-सा कोर्स चुनें। जिन उम्मीदवारों की रुचि बैंकिंग या इन्वेस्टमेंट के क्षेत्र में होती है, वे इन्वेस्टमेंट बैंकर के रूप में करियर बनाने पर विचार कर सकते हैं।**

अगर आप उम्दा वर्किंग इन्वायर्नमेंट, आकर्षक सैलेरी पैकेज और बेहतर करियर अवसरों की तलाश में हैं, तो इन्वेस्टमेंट बैंकिंग का करियर आपके लिए आदर्श हो सकता है। जानते हैं इस बूमिंग करियर के बारे में।

इन्वेस्टमेंट बैंकर जिस संस्थान या कंपनी के लिए काम करता है, उसे वहां के वित्तीय पहलुओं से जुड़ी ड्यूटीज को हैंडल करना होता है। इन्वेस्टमेंट बैंकर किसी कंपनी की कैपिटल, फंड्स, लोन, स्टॉक्स के साथ डील करते हैं। इन्हें कंपनी के क्लाइंट्स को लोन प्राप्त करने और इन्वेस्टमेंट करने के लिए सहयोग भी करना होता है।

### कैसा होता है करियर?

किसी भी प्राइवेट या सरकारी संस्था में इन्वेस्टमेंट बैंकर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उसे संस्थान के आर्थिक लेनदेन से जुड़े रेकॉर्ड्स का मेंटेनेंस, मॉडिफिकेशन, टेस्टिंग और डेवलपमेंट करना होता है। इन्वेस्टमेंट बैंकर्स की मांग हर संस्थान में होती है और इनका करियर भी काफी आकर्षक माना जाता है।

### क्या होती हैं जिम्मेदारियां?

- विभिन्न मेथडोलॉजीस का इस्तेमाल करते हुए वैल्यूएशन एनालिसिस करना।
- विभिन्न कैपिटल स्ट्रक्चर्स और पोटेंशियल ट्रांसैक्शंस को एनालाइज करना।
- फाइनेंशियल मॉडल्स बिल्ड करना।
- क्लाइंट मीटिंग्स के लिए प्रेजेंटेशन तैयार करना, जिसमें कैपिटल मार्केट एक्टिविटीज जैसे विषय कवर होते हों। न अपने टीम मेंबर्स के साथ डील करना।

### कौन-सी स्किल्स जरूरी?

- टेक्निकल स्किल्स
- प्रेशर में काम को हैंडल करना
- अच्छी मैथमैटिकल और कैल्कुलेशन स्किल्स
- फाइनेंशियल स्किल्स में पूरी तरह से परफेक्टहोना
- बिजनेस को विकसित करने के लिए नए अवसर उत्पन्न करना और उनकी पहचान करना।

### सैलेरी और करियर स्कोप

जिनके पास इन्वेस्टमेंट बैंकिंग में बैचलर की डिग्री होती है, उनका असिस्टेंट या जूनियर एनालिस्ट की पोजिशन पर वार्षिक सैलेरी पैकेज सात से आठ लाख तक का होता है। बैंक्स और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट्स में ऐसे ही स्किल्ड और प्रतिभाशाली बैंकर्स की जरूरत है, जो संस्थान की ग्रोथ में योगदान कर सकें। इसलिए इस फील्ड में करियर को आगे बढ़ाने का काफी स्कोप है।



# इन क्षेत्रों में महिलाओं के लिए बेहतरीन कॅरियर ऑप्शन

महिलाओं ने किचन से केबिन तक का रास्ता तय करने में अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया है। खेतों में काम करने से लेकर आसमान में हवाई जहाज उड़ाने तक का काम महिलाएं कर ली हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अपना नाम बना रही हैं। पुराने भारत से लेकर नए भारत तक की महिलाओं की तस्वीर दिन प्रति दिन बदलती जा रही है।

एक समय तक महिलाओं को घर की चारदीवारी के लिए बेहतर माना जाता था। लेकिन अब महिलाएं घर की दहलीज पार कर काम करने लगी हैं। महिलाओं ने किचन से केबिन तक का रास्ता तय कर लिया है। खेतों में काम करने से लेकर आसमान में हवाई जहाज उड़ाने तक का काम महिलाएं कर ली हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अपना नाम बना रही हैं।

इतना ही नही हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी योग्यता का भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे क्षेत्रों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर महिलाएं अपना बेहतर कॅरियर बना सकती हैं। यह टॉप 3 फील्ड महिलाओं को बेहतरीन कॅरियर के साथ स्मार्ट सैलरी भी देंगी।

### टीचिंग

महिलाओं के लिए टीचिंग हमेशा से ही बेस्ट कॅरियर रहा है। इस प्रोफेशन में जाने के लिए परिवार का भी कोई ऑब्जेक्शन नहीं होता है। टीचिंग फील्ड में अच्छा पैसा होने के साथ ही रुतबा भी है। इस क्षेत्र में कॅरियर बना कर आप लोगों की जिंदगी में अहम रोल निभा सकती हैं। हमारा देश शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। इस जॉब के साथ समय भी अच्छे से मैनेज हो जाता है। एक दशक से इस फील्ड में नौकरी के अवसर भी बढ़े हैं। प्राइमरी हो या डिग्री हर जगह अच्छी सैलरी मिलती है। इस फील्ड में आपको 55,000 से 2,25,000 रुपए तक प्रतिमाह पा सकती हैं।

### न्यूट्रिशन या फिटनेस

आज के समय में स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ी है। हर कोई फिट और सेहतमंद रहना चाहती है। इस क्षेत्र में कॅरियर की अपार संभावनाए हैं। अगर आप योग, न्यूट्रिशन व एक्सरसाइज एक्सपर्ट्स हैं। तो इस फील्ड में अपना शानदार कॅरियर बना सकती हैं। आप इसकी शुरूआत डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए भी कर सकती हैं। इस फील्ड में महिलाएं साल भर में 3-4 लाख रुपए सालाना कमा सकती हैं।

### ह्यूमन रिसोर्स

कॉर्पोरेट सेक्टर में नौकरी की चाह रखने वाली महिलाओं के लिए यह क्षेत्र काफी अच्छा है। आप ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में MBA या PGDM करने के बाद इस फील्ड में नौकरी कर सकती हैं। जो महिलाएं लोगों की समस्या को सॉल्व करने करने में दिलचस्पी रखती हैं। यह जॉब उनके लिए बेस्ट है। ह्यूमन रिसोर्स में कैंडिडेट्स को शॉर्टलिस्ट करने के बाद उनका इंटरव्यू करना, उन्हें ट्रेंड करना, सैलरी, विश्लेषण, पॉलिसी बनाना साथ ही साथी कर्मियों की देखभाल करना होता है। इस फील्ड में 3-4 लाख रुपए साला कमा सकती हैं। वहीं एक्सपीरियंस के बाद सैलरी भी बढ़ती जाती है।

**मंथन**

## रूस में घटी अमेरिका जैसी डरावनी घटना

रूस में अमेरिका के 26/11 जैसा हमला एक चिंताजनक और दिल दहला देने वाली घटना है, जिसने पूरी दुनिया को भयभीत कर दिया है. यह हमला न केवल रूस के लिए, बल्कि वैश्विक सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए भी एक बड़ा संकेत है. इस प्रकार के हमले आतंकवादियों की क्रूरता और निर्दोष नागरिकों की हत्याओं की एक दुखद मिसाल पेश करते हैं. रूस में हुआ हमला, हालांकि 26/11 जैसा था, लेकिन यह रूस की सुरक्षा और आतंकवादियों के खिलाफ उसकी रणनीतियों की कमज़ोरी को उजागर करता है. 26/11 के मुंबई हमलों के बाद, जहां आतंकवादियों ने समुद्र के रास्ते भारत में घुस कर निर्दोष लोगों की जान ली थी, अब रूस में भी इसी तरह का हमला हुआ. हालांकि परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन आतंकवादियों का मकसद वही था- भय और विनाश फैलाना. यह हमला यह स्पष्ट करता है कि आतंकवाद अब केवल एक देश की समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक समस्या बन चुकी है. रूस ने हमले के तुरंत बाद इसके पीछे यूक्रेन का हाथ बताया है. रूस जैसे देश में इस प्रकार के हमले की घटना यह दर्शाती है कि कोई भी देश आतंकवाद से पूरी तरह सुरक्षित नहीं है. यह समय की मांग है कि सभी देशों को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठाने होंगे. इसके साथ ही, आतंकवादी समूहों के वित्तीय, मानसिक और भौतिक समर्थन को समाप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना होगा. यदि हम आतंकवाद का मुकाबला करना चाहते हैं, तो हमें एक समन्वित और दृढ़ नीतियों की आवश्यकता है. दुनिया आज बारूद के ढेर पर बैठी है.

**नजरिया**

## मोदी का कुवैत दौरा एक नए युग की शुरुआत

पीएम नरेंद्र मोदी का कुवैत दौरा भारत और कुवैत के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है. कुवैत, भारत का प्रमुख मित्र राष्ट्र और खाड़ी क्षेत्र में आर्थिक और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है. इस दौरे का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देना था.प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत में भारतीय समुदाय से संवाद करते हुए, वहां के भारतीय प्रवासी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला. कुवैत में भारतीय समुदाय का योगदान न केवल आर्थिक है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक स्तर पर भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है. मोदी ने कुवैत सरकार से कुवैती बाजारों में भारतीय उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सहयोग का आह्वान किया. इस दौरे में दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों को और भी सुदृढ़ करने के प्रयास किए गए, विशेष रूप से ऊर्जा क्षेत्र में. कुवैत, भारत का प्रमुख तेल आपूर्तिकर्ता देश है, और मोदी ने इस सहयोग को और विस्तार देने का प्रस्ताव किया.इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत में सुरक्षा और रक्षा सहयोग पर भी जोर दिया. इस दौरे से यह स्पष्ट होता है कि भारत और कुवैत के बीच रिश्तों में एक नया युग शुरू हो सकता है. यह दौरा भारत के विदेश नीति के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है, जिसमें सभी वैश्विक साझेदारों के साथ सहयोग और आपसी लाभ की दिशा में काम किया जा रहा है.

# उस्ताद जाकिर हुसैन : अद्वितीय कलाकार

**डॉ. आरके सिन्हा**

**स्मृति शेषः उस्ताद जाकिर हुसैन- दुनिया का बड़ा कलाकार**



उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन से सारा देश और दुनिया भर में रहने वाले उनके प्रशंसक उदास हैं. दो दिन पहले ही अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के सान फ्रांसिस्को शहर के कब्रिस्तान में उनके पार्थिव शरीर को सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया. विश्व भर के सैकड़ों प्रशंसक भरे मन से उस्ताद को मिट्टी देने पहुंचे. उनके प्रशंसकों का तो यही कहना है कि उनके जैसा तबला वादक फिर कभी नहीं होगा. यह तो भविष्य बताएगा. परंतु, अब उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिव कुमार शर्मा और पंडित हरि प्रसाद चौरसिया की जुगलबंदियां लोगों को बार-बार याद आएंगी. मैं अपनी युवावस्था में पटना के गर्दनीबाग मैदान में दशकों तक हर वर्ष दुर्गापूजा के अवसर पर इन महान कलाकारों के आयोजनकर्ताओं में एक रहा हूं. इन सभी के संघर्ष के दिनों को काफी क़रीब से देखा है. उनके जैसा तबला वादक फिर कभी नहीं होगा- यह कहना सही नहीं होगा. संगीत ऐसी चीज है, जिसकी विकास यात्रा अनवरत जारी रहती है. हो सकता है भविष्य में कोई ऐसा तबला वादक आए जो अपनी प्रतिभा और मेहनत से जाकिर हुसैन की याद दिला दे. लेकिन, अभी के लिए, यह कहना सही ही है कि उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा तबला वादक दोबारा पैदा होना मुश्किल है. वे अद्वितीय और महान कलाकार थे.

उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिव कुमार शर्मा और पंडित हरि प्रसाद चौरसिया की जुगलबंदियां कमाल की होती थीं. इन दिग्गजों का साथ-साथ मंच पर आना ही अपने आप में अद्भुत अनुभव होता था. उस्ताद जाकिर हुसैन तबले के उस्ताद थे और उनकी लयकारी का मुकाबला नहीं था. पंडित शिव कुमार शर्मा संतूर बजाते थे, जो एक मधुर और अद्वितीय वाद्य है. पंडित हरिप्रसाद चौरसिया बांसुरी के जादूगर हैं और उनकी बांसुरी की धुनें मन मोह लेती हैं. जब ये मंच पर आते तो लय, ताल और मधुरता का अद्भुत संगम होता था. इन कलाकारों के बीच जबर्दस्त सामंजस्य था. वे एक-दूसरे की कला का सम्मान करते और एक-दूसरे के साथ संवाद करते हुए संगीत बनाते. उनकी जुगलबंदी सिर्फ एक साथ बजाना मात्र नहीं थी बल्कि एक-दूसरे के साथ संगीत की महान यात्रा में शामिल होने जैसा था. इनकी जुगलबंदियों में भावनात्मक गहराई भी थी. वे संगीत के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करते थे और श्रोता भी उनसे जुड़ जाते थे. इसमें खुशी, गम, प्यार और शांति जैसे भावों का अनुभव होता था. तीनों कलाकारों की जुगलबंदियां भारतीय शास्त्रीय संगीत की अनमोल विरासत के रूप में याद रखी जाएंगी. उन्होंने दुनिया भर में भारतीय संगीत को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

मेरा मानना है कि उस्ताद जाकिर हुसैन और पंडित शिवकुमार शर्मा की जुगलबंदी भारतीय शास्त्रीय संगीत के इतिहास में अद्भुत और अद्वितीय परिघटना थी. दोनों अपने-अपने वाद्य यंत्र के महारथी थे. जब ये दोनों मंच पर एक साथ आते तो ऐसा जादुई माहौल बन जाता था, जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता था. जाकिर हुसैन की तबले की थाप और शिवकुमार शर्मा के संतूर की मधुर ध्वनियां एक साथ मिल कर ऐसा लयबद्ध मिश्रण बनाती थीं कि समां बंध जाता था. दोनों दिग्गज एक-दूसरे की लय को अच्छी तरह समझते भी थे और उसके साथ तालमेल बिठाते हुए इस साझा संगीत को नई ऊंचाइयों पर ले जाते थे. उनकी जुगलबंदी केवल संगीत नहीं बल्कि आत्मिक संवाद थी. ऐसा लगता था जैसे दोनों कलाकार अपने वाद्य यंत्रों के माध्यम से एक-दूसरे से बातें कर रहे हों. वे अपने संगीत के माध्यम से श्रोताओं को अलग भावनात्मक या यूं कहें कि आध्यात्मिक दुनिया में ले जाते थे. पंजाब घराने से संबंध रखने वाले जाकिर हुसैन अपनी जटिल और बारीक लयकारी के लिए जाने जाते थे. लय और ताल

**उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिव कुमार शर्मा और पंडित हरि प्रसाद चौरसिया की जुगलबंदियां कमाल की होती थीं. इन दिग्गजों का साथ-साथ मंच पर आना ही अपने आप में अद्भुत अनुभव होता था. उस्ताद जाकिर हुसैन तबले के उस्ताद थे.**

पर गजब की पकड़ थी. वे मुश्किल से मुश्किल तालों को आसानी से बजा लेते थे. तबला बजाते समय नए-नए प्रयोग करते, जिससे उनकी प्रस्तुति हमेशा ताजा और दिलचस्प लगती थी. जाकिर हुसैन के तबले की धुन में अलग भावना होती थी, जो सुनने वाले को छू जाती थी. जाकिर हुसैन ने तबला वादन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई. उन्होंने दुनिया भर के कई कलाकारों के साथ काम किया और तबले को वैश्विक वाद्य यंत्र बनाया.

मैंने जाकिर हुसैन के कार्यक्रमों को दिल्ली और पटना में अनेक बार निकटता से देखा है. वे हर बार छा जाते थे. उनके तबले से निकलने वाली हर ध्वनि स्पष्ट और सटीक होती थी. वे तबले के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग तरह की आवाजें निकालने में माहिर थे. उनकी उंगलियां तबले पर इतनी तेजी से चलती थीं कि देखने वाले हैरान रह जाते. वे अपनी अंगुलियों से विभिन्न तरह के बोल और लय बजाते. वह तबले के साथ संवाद करते हुए महसूस होते. इस तरह लगता था कि मानों उनकी उंगलियां तबले से जैसे कोई कहानी कह रही हों. जाकिर हुसैन शिखर पर अपनी कड़ी मेहनत के बल पर पहुंचे थे. वे अंत तक हर दिन रियाज करते, जिससे उनकी कला का निखार बना रहे. उन्होंने अलग-अलग संगीत शैलियों में काम किया, जिससे उनका संगीत और भी समृद्ध हुआ. दुनिया भर के कई प्रसिद्ध संगीतकारों के साथ काम किया. विभिन्न संस्कृतियों के संगीत को मिला कर नया रूप दिया. वे भारतीय संगीत के राजदूत थे. उन्होंने पूरी दुनिया में भारतीय संगीत को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इतने बड़े कलाकार होने के बावजूद जाकिर हुसैन बहुत सरल और विनम्र स्वभाव के थे. हमेशा दूसरों का सम्मान करते. इससे उनके प्रति सम्मान का भाव और बढ़ जाता था. वह युवा संगीतकारों के लिए प्रेरणा थे. उनसे सीख कर कई युवा तबला वादक आज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं.

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं.)**

**आज का इतिहास**

- **1851 :** आज ही के दिन भारत में पहली मालगाड़ी चलाई गई थी. इसे रुड़की से चलाया गया था.
- **1882 :** थामस अल्वा एडिसन के बनाए गए बल्बों से पहली बार 'क्रिसमस ट्री' को सजाया गया और यह रोशनी से जगमगा उठा.
- **1910 :** अमेरिका में पहली बार डाक बचत पत्र जारी किया गया.
- **1940 :** एम नाथ राय ने रेडिकल डेमोक्रेटिक पार्टी की स्थापना का एलान किया.
- **1971 :** तत्कालीन सोवियत संघ ने जमीन के नीचे परमाणु परीक्षण किया.
- **1972 :** निकारागुआ की राजधानी मानागुआ में आए 25 तीव्रता के भूकंप में 12 हजार से अधिक लोग मारे गए.
- 1972 : चिली के एक दुर्घटनाग्रस्त विमान से, 14 लोगों को दुर्घटना के दो महीने बाद देश की वायुसेना ने जीवित ढूंढ निकाला.

## खुद के फायदे के लिए नहीं, दूसरों के बारे में भी सोचें

**चिंतन**



एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया. कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पुछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पूछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का.

यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाथ डाल कर कुछ निकला और हिसाब किया. उसने दोबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने की है. वेटर ने दोबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए की सर. यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आइए. कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रख कर चला गया. उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चला गया.

जब वह वेटर वापस आया, तो वह दंग रह गया यह देख कर कि उस लड़के नें खाई हुई आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइसक्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था.

**कहानी से शिक्षाः** उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न कि अपनी आइसक्रीम के बारे में. उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए.

**इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #40YearsOfJKWhiteCement
2. #HolidayToyListonAmazon
3. #GMMTVStarlympics2024
4. WE LOVE KARANVEER
5. #AmazonMusicBestOf2024
6. #ModiKaGaurav
7. Kuwait
8. Europe
9. Saudi
10. मीनाक्षी जोशी

## साउथ फिल्म 'एनकेआर 21' में सोहेल खान का पहला लुक आया सामने




**मुंबई ।** 20 दिसंबर को बॉलीवुड एक्टर सोहेल खान अपना जन्मदिन मना रहे हैं. इस मौके पर उनकी आने वाली एक दक्षिण भारतीय फिल्म 'एनकेआर 21' का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें सोहेल का पहला लुक बिल्कुल अलग नजर आ रहा है. नंदमुरी कल्याण राम की दक्षिण भारतीय एक्शन फिल्म 'एनकेआर 21' में सोहेल खान एक अहम रोल निभाने वाले हैं. इस फिल्म का जो पोस्टर रिलीज हुआ है, उसमें सोहेल का पहला लुक काफी अलग दिख रहा है. यह लुक फिल्ममेकर्स ने सोहेल के जन्मदिन पर खास तौर पर जारी किया है. सोहेल खान का जो पहला लुक फिल्म 'एनकेआर 21' में सामने आया है, उसमें वह काफी स्टाइलिश नजर आ रहे हैं. सोहले ने चश्मा पहना हुआ है, काले रंग की ड्रेस पहनी है. वह काफी फोकस्ड नजर आ रहे हैं.



**फिल्म 'बेबी जॉन'**

## तीन सीन पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची

**मुंबई ।** वरुण धवन अभिनीत 'बेबी जॉन' 2024 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है. कलीस द्वारा निर्देशित और एटली द्वारा निर्मित, यह फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही काफी ध्यान आकर्षित कर रही है. 'बेबी जॉन' हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कीर्ति सुरेश की पहली फिल्म भी है. कलाकारों में वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. हालांकि रिलीज से पहले इसके तीन हिंसक सीन पर केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की कैंची चली है और उन्होंने कुछ डायलॉग को भी सेंसर कर दिया है. रिपोर्ट के मुताबिक, वरुण धवन की 'बेबी जॉन' को पहले ही यू/ए सर्टिफिकेट मिल चुका है. हालांकि, वीबीएफसी ने कुछ संशोधनों के लिए कहा. इसके बाद प्रारंभिक अस्वीकरण की अवधि बढ़ा दी गई. इसके अतिरिक्त, निर्माताओं को एक पंक्ति जोड़ने के लिए कहा गया, 'फिल्म का शीर्षक, बेबी जॉन, किसी भी राजनीतिक व्यक्ति या संस्था से कोई संबंध या समानता नहीं रखता है.' एक वॉयसओवर और टेक्स्ट जोड़ा गया जिसमें कहा गया कि बाल कलाकारों ने मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार प्रदर्शन किया. सीबीएफसी को एक सहमति पत्र भी जमा कराया गया.'बेबी जॉन' के दो डायलॉग को सेंसर कर दिया गया है. एक जगह महात्मा ज्योतिबा फुले के संदर्भ वाले डायलॉग में 'फुले' को म्यूट कर दिया गया. एक अन्य सीन में लाल बहादुर शास्त्री को दूसरे शब्द से बदल दिया गया है. इसके अलावा, सीबीएफसी ने निर्माताओं से चार सीन में संशोधन के लिए भी कहा. वह सीन जहां अभिनेता एक कलश (बर्तन) को लात मारता है, उसको संशोधित कर दिया गया है. आग में जलते किरदारों के सीन 50 प्रतिशत कम हो गए. तीसरा, एक किरदार द्वारा दूसरे किरदार के मुंह में सिगरेट बट मारते हुए सीन को बदल दिया गया. आखिरकार गनशॉट का एक क्लोज शॉट भी बदल दिया गया है.

**कितनी लंबी बनी 'बेबी जॉन'? :** जैसा कि सेंसर सर्टिफिकेट पर बताया गया है, फिल्म की अवधि 164.01 मिनट है. दूसरे शब्दों में, 'बेबी जॉन' का रन टाइम 2 घंटे 44 मिनट और 1 सेकंड है. एक्शन से भरपूर इस फिल्म में वरुण धवन मुख्य भूमिका में हैं. इसमें कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जारा ज्याना और जैकी श्रॉफ भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं. फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियोज, सिने1 स्टूडियोज और ए फॉर एप्पल प्रोडक्शंस द्वारा किया गया है. इसमें प्रतिभाशाली थमन एस द्वारा रचित संगीत है, जबकि किरण कौशिक सिनेमैटोग्राफी का ध्यान रख रहे हैं और रूबेन ने संपादन का प्रभार संभाला है. फिल्म 25 दिसंबर को क्रिसमस के अवसर पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी.

## जब अभिनेत्री मंदिरा बेदी को पीने पड़े अपमान के घूंट



**मुंबई ।** मंदिरा बेदी ने 1990 के दशक में बतौर कलाकार अपना सफर शुरू किया. कई चर्चित शो में अहम रोल अदा करने के बाद उन्हें साल 2003 में क्रिकेट वर्ल्ड कप में बतौर प्रस्तोता नियुक्त किया गया. इस दौरान अभिनेत्री को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा. मंदिरा बेदी ने बताया कि तब क्रिकेट की दिग्गज हस्तियों ने उन पर 'अपमानजनक' टिप्पणियां की थीं, जिनसे वे बहुत आहत हुईं और फूट-फूटकर रोया करती थीं. मंदिरा बेदी ने बताया कि 2000 के दशक में जब उन्होंने क्रिकेट प्रिजेंटर के रूप में करियर शुरू किया तो उन्हें लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ा. अभिनेत्री ने कहा कि शुरुआती कुछ दिन क्रिकेट प्रस्तोता के रूप में काम करना उनके लिए वाकई बेहद सुखद अनुभव रहा. लेकिन, फिर चुनौतियां शुरू हुईं. करीना कपूर के शो 'व्हाट वूमन वॉन्ट' में बात करते हुए अभिनेत्री ने यह खुलासा किया है. मंदिरा बेदी नेकहा, 'अब, क्रिकेट या खेल प्रसारण में हर जगह महिलाओं के लिए जगह है, लेकिन जब आप ऐसा करने वाले पहले व्यक्ति होते हैं, तो लोग आपको अलग निगाह से देखते हैं. वे आप पर कमेंट करते हैं और आपको बताते हैं कि आप वहां के लायक नहीं हैं'. ऐसी जगहों पर महिला को देखकर यही कहा जाता है, 'वो यहां क्या कर रही है? क्रिकेट पर चर्चा क्यों कर रही है'? उन्होंने आगे कहा, 'मेरे ऊपर भले कमेंट किए गए, लेकिन चैनल ने मुझे सवाल पूछने के लिए शामिल किया. वे नए दर्शक पाना चाहते थे और इसलिए उन्होंने मुझे मौका दिया. शुरुआत में यह मुश्किल था, क्योंकि बहुत कम लोग स्वीकार कर रहे थे'.

**सिर झुकाकर रोया करती थीं मंदिरा :** मंदिरा बेदी ने बताया कि उन दिनों लाइव टेलीकास्ट के बाद वे हर दिन फूट-फूटकर रोती थीं. एक्ट्रेस ने कहा, 'पहले एक हफ्ते में मेरे दिमाग में बहुत ज्यादा बोझ रहा. मैं बेहद चिंतित थी. बुरी तरह घबराई हुई. कैमरे की रेड लाइट आते ही चुप हो जाया करती. मुझे ये यकीन ही नहीं होता कि ये मैं ही हूं. मैं बस यही चाहती थी कि मुझे स्वीकार किया जाए, सिर्फ फर्नीचर का हिस्सा बनना चाहती थी. मंदिरा ने आगे कहा, 'एक हफ्ता हिचकिचाहट और गलतियों से भरा रहा. शो के आखिर में सिर झुकाकर मैं खूब रोती. अपने दोनों तरफ बैठे दिग्गजों से सवाल पूछती और वे बस मुझे देखते रहते. वे कैमरे की तरफ मुड़कर कुछ भी जवाब दे दिया करते, उसमें मेरे सवाल से जुड़ा कोई जवाब नहीं होता. शायद मेरे सवाल उनके लिए महत्पूर्ण नहीं थे. इससे मुझे बेइज्जती महसूस होती'.



## राशिफल



**आचार्य प्रणव मिश्रा**
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** निकटस्थ का सहयोग काम को गति दिला देगा. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाएं, अपने काम पर ध्यान दें. कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी.जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. शुभांक-1-3-5

**वृष :** अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. शुभांक-2-4-6

**मिथुन :** अपने काम को प्राथमिकता से करें. बुरी संगति से बचें. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है. भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है. शुभांक-4-7-9

**कर्क :** दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें. रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. शुभांक-2-4-5

**सिंह :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. यात्रा शुभ रहेगी. चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. शुभांक-4-5-6

**कन्या :** संतोषजनक सफलता मिलेगी. निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा. मेहमानों का आगमन होगा. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. नैतिक दायरे में रहें. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. वाहन चालन में सावधानी बरतें. आय के अच्छे योग बनेंगे. शुभांक-2-4-7

**तुला :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. शुभांक-3-6-8

**धनु :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं. समय व्ययकारी सिद्ध होगा. वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. अपनी परिसंपत्ति को संभाल कर रखें. शुभांक-3-5-7

**मकर :** व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा. मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा. नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी. यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. व्यापार में वृद्धि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें. कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे. किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. कार्य भार बढ़ेगा. जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है. सलाह उपयोगी सिद्ध होगी. शुभांक-2-6-9

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. शुभांक-5-6-8

**न्यूज अपडेट**

### काम से घर लौट रहे व्यवसायी को वाहन ने कुचला, मौत

**नालंदा।** नालंदा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में गोलगप्पा विक्रेता की मौत हो गई. यह घटना दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-20 पर देवीसराय मोड़ के पास हुई. मृतक की पहचान करायपरसुराय निवासी बिट्टू कुमार (32) के रूप में की गई है, जो बिहार शरीफ में गोलगप्पा बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था. घटना शुक्रवार शाम की है जब बिट्टू कुमार अपने ठेले के साथ काम खत्म कर कारगिल चौक से किराए के मकान लौट रहे थे. रास्ते में देवीसराय मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. उसके बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया. स्थानीय लोगों ने घायल बिट्टू को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया गया.

### 23 दिसंबर को पहुंचेगा जदयू का अल्पसंख्यक कारवां रथ

**अररिया ।** अररिया में आगामी 23 दिसंबर को जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न प्रखंड में कारवां रथ पहुंचेगी. इस कारवां रथ कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी मेजर इकबाल, मोजिबुल रहमान, प्रमंडलीय प्रभारी इरशाद अली आजाद भी शामिल होंगे. इस कार्यक्रम के माध्यम से सीमांचल के लोगों को सरकार के 19 वर्ष के विकास कार्य से अवगत कराया जायेगा. कार्यक्रम की तैयारी व सफलता को लेकर शनिवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष आशीष पटेल के नेतृत्व में बैठक आयोजित किया गया.जिसमें कारवां रथ कार्यक्रम की रणनीति पर भी चर्चा की गई.

### हरियाणा पुलिस ने नवादा में अपहर्ता को किया गिरफ्तार, लड़की बरामद

**नवादा।** हरियाणा के गुरुग्राम से अपहरण हुई एक नाबालिग लड़की की तलाश में हरियाणा के गुरुग्राम जिले के मानेसर थाना की पुलिस शनिवार को नवादा पहुंची, जहां कौआकोल थाना क्षेत्र के सरौनी गांव में दबिश देकर कर अपहृत नाबालिग लड़की को बरामद किया है. वहीं, हरियाणा पुलिस ने एक अपहरणकर्ता को भी धर-दबोचा है. अपहरणकर्ता कौआकोल थाना क्षेत्र के सरौनी गांव के निवासी संजय रविदास का पुत्र सोनू कुमार बताया जाता है. फिलहाल हरियाणा की पुलिस ने हरियाणा, गुरुग्राम से अपहृत नाबालिग लड़की को कौआकोल थाना क्षेत्र के सरौनी गांव में स्थित एक मकान से सकुशल बरामद कर लिया है.

### एसएसबी ने 95 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया।** एसएसबी 56वीं बटालियन की सी कम्पनी जोगबनी ने 95 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया. एसएसबी ने यह कार्रवाई फारबिसगंज थाना क्षेत्र नगर परिषद कार्यालय के सामने गुप्त सूचना पर भारत पेट्रोलियम पंप के पास की. एसएसबी की ओर से एएसआई ज्योति प्रसाद बोराह और तीन जवानों ने रेकी करते हुए हिरासत में लिया. गिरफ्तार तस्कर फारबिसगंज थाना क्षेत्र के रामपुर के रहने वाले मो.मुस्तफा के 33 वर्षीय पुत्र मो.अशफाक है.इसके पास से 95 ग्राम ब्राउन शुगर और एक विवो मोबाइल बरामद किया गया. एसएसबी ने बरामद ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार तस्कर को फारबिसगंज थाना पुलिस के हवाले कर दिया.



**हुआ समझौता :** पटना के संजय जैविक उद्यान और दानापुर रेल मंडल के बीच टॉय ट्रेन के लिए समझौता पत्र का हस्ताक्षर मंत्री प्रेम कुमार के सामने किया गया.

## दो दिन के लिए बिहार आएंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

**पटना।** गृह मंत्री अमित शाह नए साल के पहले सप्ताह में बिहार दौरे पर आ सकते हैं. वह दो दिन बिहार में रहेंगे. भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों की मानों तो छह जनवरी को वह बिहार आ रहे. इस दौरान वह बिहार भाजपा के नेताओं के साथ बैठक करेंगे. आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेंगे और कुछ स्पेशल टास्क देंगे. गृह मंत्री पटना साहिब गुरुद्वारा भी जाएंगे.

इधर, गृह मंत्री के कार्यक्रम को लेकर बिहार भाजपा की ओर से तैयारी भी शुरू कर दी गई है. हालांकि अब तक बिहार भाजपा की ओर से कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है. वहीं सूत्रों की मानें तो अमित शाह बिहार की विधानसभा सीटों पर अपनी पार्टी की स्थिति, विधायकों के कामकाज का लेखाजोखा का जायजा लेंगे. आगामी चुनाव में किसी तरह की कोई कमी न हो, इसके लिए टास्क भी दे सकते हैं. विधायकों को अधिक समय जनता के बीच रहने का निर्देश पहले ही दिया जा चुका है. चुनाव में किस तरह अपना प्रदर्शन सबसे बेहतर करना है. इसके लिए गृह मंत्री ने कई योजनाएं बनाई है. जैसे आगामी चुनाव में गठबंधन सहयोगियों के साथ सामंजस्य स्थापित करना. विपक्षी दलों के खिलाफ अभी से आक्रामक रुख अपनाने जैसे कई मुद्दों पर वह सुझाव दे सकते हैं.

**दुखद** | घटना जहानाबाद कोर्ट रेलवे स्टेशन पर हुई

## रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**संवाददाता।जहानाबाद**

जहानाबाद में पटना-गया रेलखंड में यात्री ट्रेनों की संख्या में कमी और ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ के चलते यात्रियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. यही कारण है कि ट्रेन हादसों में लगातार इजाफा हो रहा है. शनिवार को ऐसी ही एक दर्दनाक घटना जहानाबाद कोर्ट रेलवे स्टेशन पर हुई. जहां ट्रेन में चढ़ने की कोशिश के दौरान मोहम्मद असगर (शकुरगंज, परस बीघा निवासी) ट्रेन के चक्के की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. मृतक मोहम्मद असगर अपने गांव से दवा लाने गया जाने के लिए निकले थे. जैसे ही वह पटना-गया मेमू पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे, भीड़ के कारण वह डिब्बे में चढ़ नहीं पाए और ट्रेन के चक्के के नीचे आ गए. परिजनों ने बताया कि असगर नियमित रूप से गया दवा लाने जाते थे. उनकी मौत से परिवार में शोक का माहौल है. इस घटना ने रेलवे प्रशासन की ओर से ट्रेनों की कमी और यात्रियों के लिए सुरक्षित यात्रा के इंतजाम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.



....

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रेलवे ट्रैक के समीप शनिवार को पुलिस द्वारा एक युवक का शव बरामद किया गया है. मृतक की पहचान योगीवीर निवासी आकाश कुमार उर्फ कारू के रूप में हुई है. मृतक के दादा ने बताया कि बीते शाम मेरा पोता गांजा पीने घर से निकला था. देर रात तक वह घर नहीं लौटा. सुबह किसी ने मेरे पोते की मौत की सूचना दी. वहीं मृतक के दादा और भाई ने कुछ लोगों के विरूद्ध हत्या का आरोप लगाया है. उधर इस हत्या की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. जगदीशपुर हाल्ट के समीप बैसाखी कुंडी के पास उक्त युवक का शव मिला है. उधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई. मौके पर पहुंची डॉग स्क्वॉयड और एफ एस एल टीम जांच कर रही है. घटना को लेकर सीटी एस पी डॉ के रामदास ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के उपरांत जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी.

## जिस पत्नी की हत्या के आरोप में जेल गया पति, वह जिंदा मिली

**संवाददाता।नालंदा**

नालंदा में चौंकाने वाला मामला सामने आया है. जिस पत्नी की हत्या के आरोप में पति जेल गया. ससुराल वालों को समाज ने बहू की हत्या के जलील किया. वह जिंदा है. दूसरी शादी कर खुशी-खुशी रह रही है. उसका एक पांच साल का बच्चा भी है. इस बात का खुलासा तब हुआ, जब पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया. पुलिस ने सुधा को पूर्णिया से बरामद किया और न्यायालय को सुपुर्द कर दिया. मामला नगरनौसा थाना क्षेत्र के चौरासी गांव का है.

बताया जा रहा है कि चौरासी गांव निवासी युगल पासवान के पुत्र कुंदन कुमार का प्रेम विवाह वर्ष 2015 में पटना जिला के गौरीचक थाना क्षेत्र के अंडारी गांव निवासी हरिश्चंद्र पासवान की पुत्री सुधा कुमारी के साथ हुआ था. शादी के एक साल बाद ही सुधा ससुराल से गायब हो गई थी. इसके बाद हरिश्चंद्र पासवान ने हिलसा कोर्ट में वर्ष 2018 में दामाद कुंदन कुमार समेत कुल सात लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था. दहेज हत्या की धारा के कारण कुंदन कुमार को करीब चार माह जेल में गुजरना पड़ा था. फिलहाल कुंदन इस मामले में बेल पर बाहर है. यह मामला हिलसा व्यवहार न्यायालय में एडीजे-4 के न्यायालय में चल रहा है.

**ससुराल से भाग कर दूसरी शादी रचा ली थी :** पुलिस का कहना है कि महिला को गुरुवार को पूर्णिया से बरामद कर हिलसा कोर्ट में उपस्थित कराया गया. जहां से कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने सुधा को उसके दूसरे पति को सौंप दिया है. पूछताछ में पता चला कि सुधा ससुराल से भाग कर दूसरी शादी रचा ली थी. वह पूर्णिया के धमदाहा अनुमंडल इलाके में रह रही थी.

**छह साल बाद महिला जिंदा मिली महिला :** नगर नौसा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पवन ने बताया कि सुधा के पिता को पूर्व में ही ज्ञात हो गया था कि उनकी बेटी ने दूसरी शादी कर ली है. और वह पूर्णिया में रह रही है.

### बगीचे में युवक को घसीट कर पीटा, फिर गोली मार कर हत्या कर दी

**बेगूसराय :** बेगूसराय में अपराधियों ने एक बार फिर से कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए एक युवक की निर्मम हत्या कर दी. यह घटना मंझौल थाना क्षेत्र के मंझौल पंचायत 4 स्थित बूढ़ी गंडक नदी के किनारे एक आम बगीचे में हुई. अपराधियों ने युवक को बगीचे में ले जाकर पहले बर्बरतापूर्वक पीटा और फिर गोली मार दी. पुलिस के अनुसार, घटनास्थल पर पहुंचने के बाद वहां से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया.

### हनुमान मंदिर में सो रहे युवक को मार डाला

**शेखपुरा।** शेखपुरा में एक युवक की बेरहमी से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है. बदमाशों ने घटना के उस वक्त अंजाम दिया, जब शुक्रवार की देर रात्रि वह एक हनुमान मंदिर में सो रहा था. घटना शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव का है. मृतक की पहचान मिर्जापुर गांव निवासी अकल मांझी के 38 वर्षीय पुत्र अमरजीत मांझी के रूप में हुई है.

**हत्या कर भागने वाले के पैरों के निशान मिले :** शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव स्थित एक हनुमान मंदिर में सो रहे युवक की बेरहमी बदमाशों के द्वारा कर दिया है. परिजनों के अनुसार मजदूरी करने के बाद अमरजीत मांझी प्रतिदिन रात्रि में इसी मंदिर में सोता था. बीती रात्र सुसुप्ति अवस्था में अज्ञात व्यक्ति ने ईट से कूच कर हत्या कर दी. शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी मिली और उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी. इसके बाद थाना अध्यक्ष वैभव कुमार के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची. बरबीघा थाना अध्यक्ष वैभव कुमार ने बताया कि हत्या की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. हत्या कर भागने वाले व्यक्ति के पैर के निशान यहां स्पष्ट दिख रहे हैं. इसकी जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है.

## कारोबार

### इस हफ्ते सोना-चांदी में रही गिरावट 14 दिसंबर को सोना 6,922 रुपए था

**मुंबई ।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है. इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 14 दिसंबर को सोना 76,922



रुपए पर था, जो अब (21 दिसंबर) को 75,377 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है. यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,545 रुपए गिरी है. चांदी पिछले शनिवार को 89,976 रुपए पर थी, जो अब 85,133 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है. इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 4,843 रुपए घटी है. वहीं 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था.

### यूनीमेक एयरोस्पेस का आईपीओ 23 दिसंबर को ओपन होगा

**मुंबई ।** यूनीमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ 23 दिसंबर को ओपन होगा. निवेशक इस इश्यू के लिए 26 दिसंबर तक बिडिंग कर सकेंगे. 31 दिसंबर को कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे. इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 500 करोड़ जुटाना चाहती है. इसके लिए कंपनी के मौजूदा निवेशक 250 करोड़ के 31,84,712 शेयर बेच रहे हैं. इसके साथ ही कंपनी 250 करोड़ के 31,84,712 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है. यूनीमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग ने आईपीओ का प्राइस बैंड 745-785 तय किया है. रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 19 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं. यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 785 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,915 इन्वेस्ट करने होंगे.

### सीईओ सुंदर पिचाई ने गूगल में छंटनी का किया ऐलान

**मुंबई ।** गूगल के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) सुंदर पिचाई ने घोषणा की है कि कंपनी डायरेक्टर्स और वाइस प्रेसिडेंट्स समेत मैनेजरियल रोल्स में 10% जॉब्स में कटौती करेगी. ओपेन एआई जैसे कॉम्पिटिटर्स से एआई में बढ़ते कॉम्पिटिशन के बीच कंपनी अपने एम्प्लॉइज की संख्या में कटौती कर रही है. बिजनेस इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार, पिचाई ने कहा है कि गूगल ने पिछले कुछ सालों में कंपनी को एफिशिएंट बनाने और इसके स्ट्रक्चर को सरल बनाने के लिए बदलाव किए हैं. गूगल अब मैनेजर, डायरेक्टर और वाइस प्रेसिडेंट जैसे पदों पर नौकरियों में कटौती करेगी. गूगल के स्पोक्सपर्सन के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि 10% में से कुछ जॉब्स को इंडिविजुअल कंट्रीब्यूटर के रोल्स में बदल दिया गया, जबकि कुछ रोल्स को खत्म कर दिया गया. पिछले दो सालों में गूगल ने एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं.

क्रिसमस की धूम

### वॉलमार्ट व वॉलमार्ट. कॉम पर मिलेंगे भारतीय उत्पाद




**नई दिल्ली ।** क्रिसमस एवं छुट्टियों का मौसम नजदीक आने के साथ ही वॉलमार्ट अपने हॉलिडे कलेक्शन को पेश करते हुए बहुत उत्साहित है. इसमें भारत के आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त उच्च गुणवत्ता वाले मौसमी सजावट, रोज़मर्रा एवं पार्टी के कपड़े, सहायक उपकरण और उपहार शामिल हैं. ये समान अमेरिकी वॉलमार्ट स्टोरों, सैम क्लबों और वॉलमार्ट.कॉम पर उपलब्ध है. वॉलमार्ट पर उपलब्ध इस संग्रह में त्योहारी घरेलू सजावट से लेकर स्टाइलिश ठंड के मौसम के सामान, शानदार आभूषण, मजेदार खिलौने और खेल के सामान से लेकर कई तरह के उत्पाद शामिल हैं. भारत से मंगाए गए ये उत्पाद वॉलमार्ट के हॉलिडे लाइनअप में विविधता और गुणवत्ता लाते हैं, जो उपहार देने या व्यक्तिगत छुट्टियों की खरीदारी के लिए एक आदर्श विकल्प सुनिश्चित करते हैं. वॉलमार्ट में सोर्सिंग के कार्यकारी उपाध्यक्ष एंड्रिया अलब्राइट ने कहा, ₹वॉलमार्ट में हम इस छुट्टियों के मौसम में अपने अमेरिकी ग्राहकों के लिए प्रतिभाशाली भारतीय आपूर्तिकर्ताओं से उच्च गुणवत्ता वाले, त्यौहारी उत्पाद लाने पर गर्व महसूस करते हैं.


**नियमों का उल्लंघन :** मन्नापुरम पर 20 लाख रुपये का दंड

## इंडसइंड बैंक पर 27.30 लाख रुपये का लगाया गया जुर्माना

- केंद्रीय बैंक ने 31 मार्च, 2023 तक निरीक्षण किया था. इसमें उसे बैंक की गलती मिली

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

आरबीआई ने जमा पर ब्याज दरों के नियमों के उल्लंघन के मामले में इंडसइंड बैंक पर 27.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. केंद्रीय बैंक ने 31 मार्च, 2023 तक निरीक्षण किया था. इसमें उसे बैंक की गलती मिली. इसके बाद कारण बताओ नोटिस भेजा. इसके बाद इंडसइंड बैंक पर जुर्माना लगाने का फैसला किया गया. अपने ग्राहक को जानो यानी केवाईसी से जुड़े नियमों के उल्लंघन के मामले में आरबीआई ने मन्नापुरम पर 20 लाख रुपये का दंड लगाया है. मन्नापुरम की 31 मार्च, 2023 तक जांच की गई थी. इस जांच में केंद्रीय बैंक को खामी मिली. कंपनी ग्राहकों के पैन कार्ड का सत्यापन करने में विफल रही जिसके बाद उस पर जुर्माना लगाया गया है.




### बिहार में 2,300 करोड़ का अतिरिक्त निवेश करेंगे : प्रणव

बिहार बिजनेस कनेक्ट इन्वेस्टर समिट में अदाणी समूह के निदेशक प्रणव अदाणी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देखरेख में विकास का नया मॉडल तैयार हुआ है. प्रणव ने कहा कि हमने तीन क्षेत्रों, लॉजिस्टिक्स, गैस डिस्ट्रीब्यूशन और एग्री-लॉजिस्टिक्स में, अब तक लगभग 850 करोड़ रुपये का निवेश किया है और प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से करीब 25,000 लोगों को रोजगार दिया है. अब हम इन क्षेत्रों में 2,300 करोड़ का अतिरिक्त निवेश करने जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि इससे न केवल हमारी भंडारण और प्रबंधन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि ईवी, सीजीडी और सीबीजी क्षेत्रों में भी उपस्थिति बेहतर होगी. साथ ही इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 27,000 अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा होंगे. इसके अलावा हम बिहार में गति शक्ति रेलवे टर्मिनल, आईसीडी और इंडस्ट्रियल वेयर हाउसिंग पार्क जैसे रणनीतिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में संभावित रूप से 1,000 करोड़ का निवेश करने के लिए आपकी सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं.

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 652.86 अरब डॉलर रह गया

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 1.988 अरब डॉलर घटकर 652.869 अरब डॉलर रह गया. आरबीआई ने यह जानकारी दी. इससे पिछले सप्ताह समग्र विदेशी मुद्रा भंडार 3.235 बिलियन अमरीकी डॉलर घटकर 654.857 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गया था. पिछले कुछ हफ्तों से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आ रही है और इस गिरावट का कारण पुनर्मूल्यांकन के साथ-साथ रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप को माना जा रहा है. सितंबर में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था. शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.047 अरब डॉलर घटकर 562.576 अरब डॉलर रह गईं. अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है. आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 1.121 अरब डॉलर बढ़कर 68.056 अरब डॉलर हो गया. शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 17.997 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गए. शीर्ष बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 4.24 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गई.

**फैसला** | आया नया प्रस्ताव, अब लोन ऐप्स वालों की खैर नहीं

## 1 करोड़ रुपये का जुर्माना व 10 साल की जेल हो सकती है

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

केंद्र सरकार ने एक नया प्रस्ताव रखा है, जिसका लक्ष्य अनियमित लोन देने पर रोक लगाना है. इस प्रस्ताव के तहत उल्लंघन करने वालों पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना और 10 साल की जेल लग सकती है. सरकार ने ऐसा प्रस्ताव पिछले दो सालों में अनियमित लोन देने की प्रथाओं में लगे कई डिजिटल लोन ऐप पर कार्रवाई और उनके अनैतिम लोन और आक्रामक वसूली के तरीकों के बारे में कई शिकायतों के जवाब में की गई है.

वित्त मंत्रालय ने अनियमित लोन गतिविधियों पर प्रतिबंध बिल नाम से एक प्रस्ताव पब्लिक प्रतिक्रिया के लिए जारी किया है, जिस पर कमेंट्स फरवरी 2025 तक स्वीकार की जाएंगी.

पब्लिक कमेंट्स के बाद आगे प्रस्ताव को बढ़ाया जाएगा और कानून बनाया जा सकता है. प्रस्तावित बिल का मुख्य उद्देश्य किसी भी अन अथोराइज्ड पर्सन और संस्थाओं को आरबीआई या अन्य नियामक एजेंसियों की मंजूरी के बिना सार्वजनिक लोन देने में भाग लेने से रोकना है. रिश्तेदारों या जान पहचान वालों को दे सकते हैं लोन अनियमित ऋण गतिविधियों पर प्रतिबंध (बीयूएलए) प्रस्ताव के मुताकिक, ₹रिश्तेदारों को लोन देने के अलावा अन्य अनियमित लोन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने और उधारकर्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए एक व्यापक तंत्र प्रदान करने वाला अधिनियम.₹ विधेयक के अनुसार, सार्वजनिक लोन गतिविधि से मतलब व्यक्तियों द्वारा किए जाने वाले लोन बिजनेस से है, जिसमें गैर-रिश्तेदारों को ब्याज दरों पर लोन या एडवांस देना शामिल है, चाहे वह कैश हो या वस्तु के रूप में. रिश्तेदारों को दिए गए लोन को इस कैटेगरी से बाहर रखा गया है. धोखाधड़ी वाले ऋण देने वाले ऐप्स हाल ही के सालों में धोखाधड़ी वाले लोन आवेदनों के प्रसार पर चिंता बढ़ रही है.

कई रिपोर्टों ने इन प्लेटफ़ॉर्म को आक्रामक लोन वसूली प्रथाओं, उच्च ब्याज दरों और अघोषित शुल्कों से जोड़ा है, जिससे काफी परेशानी होती है और कुछ दुखद मामलों में लोन लेने वाला व्यक्ति आत्महत्या कर लेता है. सितंबर 2022 से अगस्त 2023 तक गूगल ने अपने प्ले स्टोर से 2,200 से ज़्यादा ऐसे ऐप हटा दिए हैं. साथ ही सरकार ने एड के माध्यम से ऐसे लोन ऐप्स से बचने की भी सलाह दी है.

गौरतलब है कि देश के केंद्रीय बैंक (आरबीआई ने डिजिटल लोन पर कार्रवाई के लिए पहले से योजना बना रहा है. नवंबर 2021 की अपनी रिपोर्ट में डिजिटल लोन पर प्रस्ताव रखा था. इसमें अनियमित लोन को गैरकानूनी घोषित करना भी शामिल था.

आरबीआई ने अपनी रिपोर्ट में बताया

## बिजली वितरण कंपनियां राज्यों पर वित्तीय रूप से बोझ बनीं

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली वितरण कंपनियां राज्यों के लिए वित्तीय रूप से भारी बोझ बनी हुई हैं. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राज्य डिस्कॉम का कुल संचित घाटा 2022-23 तक 6.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का 2.4 प्रतिशत है. रिपोर्ट के अनुसार, ₹बिजली वितरण कंपनियाँ (डिस्कॉम) राज्यों पर वित्तीय रूप से बोझ बनी हुई हैं.₹ रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न सुधार प्रयासों के बावजूद डिस्कॉम राज्यों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं. हालात बदलने के लिए, आरबीआई ने उत्पादकता में सुधार, ट्रांसमिशन और वितरण घाटे को कम करने और बिजली आपूर्ति की वास्तविक लागत के साथ टैरिफ को एडजस्ट करने जैसे उपायों के महत्व पर जोर दिया. आरबीआई की रिपोर्ट में पाया गया है कि राज्यों ने राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने में प्रगति की है. 2023-24 में, राज्यों का सकल राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 2.91 प्रतिशत पर सीमित रहा.

## डेचैम्ब्यू इंटरनेशनल सीरीज इंडिया में खेलेंगे

गुरुग्राम । गोल्फ स्टार ब्रायसन डेचैम्ब्यू 30 जनवरी से 02 फरवरी तक डीएलएफ द्वारा प्रस्तुत इंटरनेशनल सीरीज इंडिया में भाग लेंगे, जो पहली बार किसी मौजूदा प्रमुख चैंपियन को भारतीय उपमहाद्वीप में प्रतिस्पर्धा करते हुए चिह्नित करेगा.क्रशर्स जीसी कप्तान भारतीय टीम के साथी अनिर्बान लाहिड़ी के साथ 2025 एशियाई टूर कैलेंडर पर 10 उन्नत आयोजनों में से पहले के लिए शामिल होंगे, गुरुग्राम में डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में होने वाले 2 मिलियन डॉलर के टूर्नामेंट के लिए और भी बड़े नामों का अनावरण किया जाएगा.31 वर्षीय खिलाड़ी ने जून में पाइनहर्स्ट में यूएस ओपन जीता, जो 2020 में विंग्ड फुट में जीते गए खिताब के अलावा है.एलआईवी गोल्फ लीग में दो जीत और सात पीजीए टूर खिताबों के साथ-साथ अपने दो मेजर खिताबों के साथ, डेचैम्ब्यू आधुनिक समय के खेल में सबसे गतिशील शख्सियतों में से एक हैं.

### भारतीय बैडमिंटन के लिए निराशाजनक रहा साल 2024

# पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटे थे खिलाड़ी

एजेंसी। नई दिल्ली

क्रिकेट टीम के लिए साल 2024 जहां अच्छा रहा, वहीं भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को निराशा मिली.पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और इस स्पर्धा में खिलाड़ी एक भी पदक हासिल नहीं कर सके थे.यहां तक कि 2016 रियो ओलंपिक और टोक्यो 2020 में पदक जीतने वाली महिला एकल खिलाड़ी पीवी सिंधू भी पदक नहीं जीत सकी थीं, जबकि पुरुष एकल में लक्ष्य सेन कांस्य पदक हासिल करने से चूक गए थे.



**सात्विक-चिराग ने छोड़ी अमिट छाप**
सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शानदार जोड़ी ने हालांकि भारतीय बैडमिंटन में एक अमिट छाप छोड़ी, लेकिन यह भारतीय जोड़ी भी पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटी.सात्विक और चिराग के लिए अच्छा और बुरा दोनों समय रहे क्योंकि यह जोड़ी चार फाइनल में पहुंची और दो खिताब जीते जिससे ऐतिहासिक ओलंपिक पदक की उम्मीद जगी.लेकिन पेरिस ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के साथ उनका अभियान निराशा में समाप्त हो गया था.एशियाई खेलों के चैंपियन ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 और थाईलैंड सुपर 500 में खिताब जीतकर दुनिया की शीर्ष जोड़ियों में अपना दर्जा मजबूत किया.यह जोड़ी मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रही, लेकिन आठ साल में दूसरी दफा ओलंपिक जीतने का सपना पूरा नहीं हो पाया.

### सिंधू ने सैयद मोदी खिताब जीतकर सूखा समाप्त किया

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के लिए साल निराशाजनक रहा .उन्होंने अपने कोचिंग स्टाफ में कई बदलाव किए और महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग के लिए बंगलूरु चली गईं .लेकिन उनका टूर्नामेंट के शुरूआत में बाहर होना जारी रहा जिससे उनकी फॉर्म और फिटनेस से संघर्ष उजागर हुआ .वह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची लेकिन तीसरा ओलंपिक पदक जीतने का सपना प्री क्वार्टर फाइनल में मिली हार से खत्म हो गया .हालांकि इस 29 साल की खिलाड़ी ने अपना सत्र सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीतकर समाप्त किया और वह इस महीने के अंत में परिणय सूत्र में बंधने के लिए तैयार हैं .

**ओलंपिक पदक से चूके थे लक्ष्य**

लक्ष्य सेन के लिए यह बहुत करीब और फिर भी दूर का मामला रहा .वह पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए उम्मीद की किरण थे .साल की शुरुआत में फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियंस के सेमीफाइनल तक के सफर ने उनकी खराब फॉर्म से वापसी कराई और पहले ओलंपिक पदक के सपने को जगा दिया .हालांकि, वह ओलंपिक में कांस्य पदक मैच में हार गए, लेकिन उन्होंने सैयद मोदी इंटरनेशनल में खिताबी जीत से सत्र का समापन किया .

### डोपिंग का दंश

## ट्रिपल जंप चैंपियन एबी अरुण पर लगा चार साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** डोप टेस्ट में असफल होने के कारण राष्ट्रीय खेलों का स्वर्ण पदक गंवाने वाले सेना के ट्रिपल जंपर एबी अरुण पर चार साल का निलंबन लगाया गया है.26 वर्षीय अरुण ने पिछले साल गोवा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण चित्रवेल के 16.68 मीटर (2022) के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 16.79 मीटर की छलांग लगाकर शानदार स्वर्ण पदक जीता था.राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने 27 नवंबर, 2024 को अपने फैसले में उन पर 14 दिसंबर, 2023 से चार साल का प्रतिबंध लगा दिया है.केरल के अरुण का मेफेन्टरमाइन और इसके मेटाबोलाइट्स फेंटरमाइन के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया था, जो गैर-निर्दिष्ट उत्तेजक हैं जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिबंधित हैं.

## झेंग ने जीता फैन फेवरेट सिंगल्स खिलाड़ी का पुरस्कार

**बीजिंग।** महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) ने गुरुवार को 2024 फैन अवाड्र्स के विजेताओं की घोषणा की, जिसमें चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने फैन फेवरिट सिंगल्स और डब्ल्यूटीए 250 बेस्ट मोमेंट का पुरस्कार हासिल किया.2024 में, झेंग विश्व में नंबर 5 की करियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर पहुंच गईं, जिसमें पेरिस ओलंपिक और ऑस्ट्रेलियन ओपन और डब्ल्यूटीए फाइनल दोनों के फाइनल में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को शामिल किया गया.

### घोटाले के आरोप में जारी हुआ अरेस्ट वारंट

# अब जेल की हवा खाएंगे रॉबिन उथप्पा!

एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्व इंडियन क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया है.इसके पीछे की वजह प्रोविडेंट फंड में घोटाला बताया जा रहा है. पीएफ आयुक्त सदाक्षरी गोपाल रेड्डी ने उथप्पा के खिलाफ वारंट जारी की है. पुलकेशीनगर थाने को चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है. सीएसके के खिलाड़ी पर आरोप लगाने के पीछे सेंचुरी लाइफस्टाइल ब्रांड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों का नाम शामिल है. इस कंपनी के मैनेजमेंट को देख रहे थे. कर्मचारियों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके प्रोविडेंट फंड के पैसे काटे जा रहे थे, लेकिन वह पीएफ अकाउंट में जमा नहीं हो रहे हैं.

दरअसल, इस कंपनी के कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि उनके पीएफ खाते में पैसे जमा नहीं हो रहे हैं और कुल 23 लख रुपए का घोटाला किया गया है.बीते 4 दिसंबर को यह मामला सामने आया था जब पीएफ आयुक्त ने पुलकेशीनगर पुलिस को एक चिट्ठी के जरिए इसके बारे में बताया.लेकिन, चौंकाने वाली बात यह है कि अब तक क्रिकेटर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है.हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है इसके पीछे की असली सच्चाई क्या है.रॉबिन उथप्पा के पक्ष का भी पता नहीं है. किसी भी तरह की प्रक्रिया इस मामले को लेकर अब तक सामने नहीं आई है.



**लंबे समय तक खेल है आईपीएल**

रॉबिन उथप्पा ने काफी लंबे समय तक आईपीएल खेला है .उन्होंने 205 मैच खेलकर 27 .5 की औसत से 4952 रन बनाए हैं . इस दौरान उनके बल्ले से 27 हाफ सेंचुरी निकले हैं . उनका आईपीएल में उच्च व्यक्तिगत स्कोर 88 रन है . उन्होंने 130 .35 के स्ट्राइक रेट से किस लीग में बल्लेबाजी की है .उथप्पा ने कुल 6 टीमों के साथ आईपीएल खेला है, जिनमें कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और पुणे वारियर्स इंडिया का नाम शामिल है .

**करियर में नहीं लगाया एक भी शतक**

टीम इंडिया के लिए रॉबिन उथप्पा ने 46 ODI और 13 T20i खेला है .रॉबिन उथप्पा ने अपने इंटरनेशनल करियर में एक भी सेंचुरी नहीं लगाई है .46 ODI में उनके नाम 934 और 13 T20i में 249 रन हैं .

# मोहम्मडन एससी का सामना केरला ब्लास्टर्स एफसी से



एजेंसी। कोच्चि

केरला ब्लास्टर्स एफसी और मोहम्मडन एससी रविवार को शाम 7:30 बजे यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में भिड़ेंगी,तो ब्लास्टर्स का लक्ष्य मोहम्मडन स्पोर्टिंग पर लीग डबल दर्ज करना होगा. केरला ब्लास्टर्स एफसी ने 21 अक्टूबर को दोनों टीमों के बीच सीजन का पहला मैच 2-1 से जीता था। लेकिन ब्लास्टर्स अपने पिछले तीन मैचों में लगातार हार से निराश हैं और स्वीडिश हेड कोच मिकेल स्टाहरे से नाता तोड़ लिया. वे 2022-23 सत्र में मिली लगातार चार हार के अनचाहे आंकड़े से बचना चाहेंगे. केरला ब्लास्टर्स एफसी 12 मैचों में तीन जीत, दो ड्रा और सात हार से 11 अंक लेकर तालिका में 10वें स्थान पर है. मोहम्मडन स्पोर्टिंग के 11 मैचों में एक जीत, दो ड्रा और आठ हार से पांच अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में सबसे निचले स्थान पर है.

### केरला ब्लास्टर्स की रक्षात्मक कमजोरियों को दूर करने की कोशिश

- **नौहा पर निर्भरता:** ब्लास्टर्स हमलों के लिए नौहा सदौई निर्भर नजर आते हैं, क्योंकि मोरोक्कन विंगर आठ गोल (चार गोल और चार असिस्ट) का योगदान देकर इस सीजन में उन्हें छह अंक दिला चुका है.
- **रक्षात्मक कमजोरियां:** केरला ब्लास्टर्स की लीग में सबसे कम बचाव दर (48.9 प्रतिशत) है और उसने टारगेट पर 46 शॉट खाए हैं, जो डिफेंस में उनकी कमियों को उजागर करता है.
- मोहम्मडन स्पोर्टिंग की गोल स्कोरिंग की समस्या
- **गोल करने में असमर्थ:** मोहम्मडन स्पोर्टिंग अपने पिछले दो आईएसएल मैचों में गोल नहीं कर पाई है. उसने इस सीजन में कुल पांच गोल किए हैं.
- **डिफेंसिव कमजोरी:** मोहम्मडन एससी को अपनी डिफेंस को मजबूत करने की आवश्यकता है, क्योंकि उसने इस सीजन में 19 गोल खाए हैं.

**आमने-सामने** आईएसएल में दोनों टीमों के बीच एक मैच खेला गया है, जिसे केरला ब्लास्टर्स ने जीता है .

# भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर हुआ नाथन मैकस्वीनी, जताया दुख

एजेंसी। नई दिल्ली

आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने स्वीकार किया कि वह भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दो मैचों के लिये टीम में जगह नहीं मिलने से टूट चुके हैं लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत करके दोबारा टीम में जगह बनाने का वादा भी किया . मैकस्वीनी को बाहर करके युवा सैम कोंटास को टीम में जगह दी गई है .मैकस्वीनी ने कहा ,' हां मैं टूट चुका हूं .आस्ट्रेलिया के लिये खेलने का मेरा सपना सच हुआ लेकिन उस तरह से नहीं, जैसे मैं चाहता था. लेकिन खेल में ऐसा होता है . मैं कड़ी मेहनत करके अगले मौके के लिये खुद को तैयार करूंगा . क्रिकेट में ऐसा ही है. मौका मिलने पर अच्छा नहीं खेलते हैं तो आपकी जगह सुरक्षित नहीं है . मैं चूक गया लेकिन अब फिर मेहनत करके टीम में दोबारा जगह बनाऊंगा.'' 25 वर्ष के मैकस्वीनी ने पर्थ में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया लेकिन पिछली छह पारियों में उनका स्कोर 10, 0, 39, नाबाद 10, 9 और 4 रहा . उन्हें सीरीज में चार बार भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने आउट किया . आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज माइक हस्सी ने मैकस्वीनी से हमदर्दी जताते हुए फॉक्स क्रिकेट से कहा , मुझे उसके लिये दुख हो रहा है. यह बहुत कठिन फैसला था.



**ऑस्ट्रेलिया की टीम**

पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ट्रैविस हेड (उप-उप-कप्तान), जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झाय रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ (उप-उप-कप्तान), मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर

## द. अफ्रीका के गेंदबाज ओटनील बार्टमैन तीसरे वनडे से बाहर

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन दाएं घुटने की समस्या के कारण पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर हो गए हैं.केशव महाराज के बाद बार्टमैन दूसरे गेंदबाज हैं जो वनडे सीरीज़ में चोटिल हुए हैं और इस गर्मी में बाहर होने वाले छठे तेज गेंदबाज हैं.गेराल्ड कोएत्ज़ी, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, लिज़ाद विलियम्स और एनरिक नोर्टजे अन्य गेंदबाज हैं.टेस्ट टीम में पहली बार शामिल किए गए कॉर्बिन बॉश, वनडे टीम में बार्टमैन की जगह लेंगे और बॉक्सिंग डे पर पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू टेस्ट के लिए भी तैयार हैं.केपटाउन में गुरुवार को दूसरे वनडे से पहले गेंदबाजी करते समय बार्टमैन को रन अप के दौरान असहजता महसूस हुई.वह मैच-डे इलेवन का हिस्सा नहीं थे, लेकिन दो दिन पहले पार्ल में सीरीज के पहले मैच में खेले थे.

### विजय हजारे ट्रॉफी: 15 बाउंड्री के साथ श्रेयस अय्यर ने ठोकी तूफानी सेंचुरी

# कर्नाटक के गेंदबाजों की उड़ाई धज्जियां

एजेंसीं। अहमदाबाद

घरेलू क्रिकेट में लिमिटेड ओवरों के टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी का रोमांच शुरू हो चुका है.पहले दिन की भिड़ंत में मुंबई के कप्तान श्रेयस अय्यर ने अपनी तूफानी बैटिंग से धूम मचाकर रख दी.अय्यर ने कर्नाटक के खिलाफ दमदार बैटिंग करते हुए सिर्फ 50 गेंद में अपना शतक पूरा किया है.अय्यर मुंबई के लिए 114 रनों की पारी खेलकर नाबाद रहे.अरनी इस पारी में उन्होंने 55 गेंद का सामना करते हुए 10 चौके और 5 छक्के भी लगाए.श्रेयस अय्यर की दमदार बल्लेबाजी के कारण ही मुंबई ने कर्नाटक के खिलाफ निर्धारित 50 ओवर के खेल में 4 विकेट के नुकसान पर 382 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था.श्रेयस अय्यर इस पूरे घरेलू सीजन में लगातार दमदार खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं.ऐसे में उम्मीद है कि जल्द ही अब टीम इंडिया में अय्यर की वापसी होने वाली है.



**कर्नाटक के गेंदबाजों की हालत हुई खराब**

कर्नाटक के खिलाफ सिर्फ श्रेयस अय्यर का बल्ला ही नहीं, मुंबई के लिए आयुष म्हात्रे, हार्दिक तमोरे और शिवम दुबे ने भी खूब धूम धड़ाका किया .टीम के लिए आयुष म्हात्रे ने 82 गेंद में 6 चौके और 2 छक्के की मदद से 72 रनों की पारी खेली .इसके बाद हार्दिक ने भी अपना हाथ खोला और उन्होंने मुंबई के लिए 94 गेंद में 84 रन कूट दिए .इसके अलावा शिवम दुबे 36 गेंद में 63 रन बनाकर नाबाद रहे .शिवम दुबे ने अपनी पारी में 5 छक्के और 5 चौके भी लगाए .वहीं गेंदबाजी की बात की जाए तो कर्नाटक के लिए सभी महंगे रहे .इसमें विद्याधर पाटील को सबसे ज्यादा मार पड़ी .पाटिल ने अपने 10 ओवर के स्पेल में 103 रन लुटा दिए जिसमें सिर्फ एक विकेट मिला .इसके अलावा प्रवीण दुबे ने 10 ओवर 89 रन दिए .वहीं श्रेयस गोपाल ने भी 65 रन खर्च कर दिए .

### बार्डर गावस्कर ट्रॉफी — 17 की शर्मनाक औसत से बना रहे रन

# विदेशी जमीन पर सुपरफ्लॉप हैं शुभमन गिल

एजेंसी। नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली जा रही पांच मैचों की बार्डर गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम अबतक संघर्ष करते हुए नज़र आई है.एक तरफ जहां बल्लेबाजी में सिर्फ केएल राहुल लय में दिख रहे हैं.वहीं गेंदबाजी में उपकप्तान जसप्रीत बुमराह ने अकेले मोर्चा संभाल रखा है.इस सीरीज में भारत के लिए सबसे बड़ा चिंता का विषय उनकी बल्लेबाजी है.

**शुभमन गिल का फॉर्म चिंताजनक :** पूर्व कप्तान विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज यशसवी जायसवाल ने इस सीरीज में एक – एक शतक लगाए हैं.लेकिन शुभमन गिल, कप्तान रोहित शर्मा और विकेट कीपर ऋषभ पंत पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुए हैं.शुभमन गिल का फॉर्म चिंताजनक हैं और विदेशी जमीन पर उनका रिकॉर्ड बेहद खराब है.2022 के बाद से एशिया के बाहर गिल के आंकड़े ज्यादा अच्छे नहीं है.



**इस सीरीज में अबतक नहीं किया कुछ खास**

ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली जा रही इस सीरीज में गिल के प्रदर्शन पर नज़र डालें तो उन्होंने दो मैचों की तीन पारियों में 20 की मामूली औसत से 60 रन बनाए हैं .पर्थ में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट में गिल हिस्सा नहीं ले पाए थे .इसके बाद एडिलेड में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट की दोनों पारियों गिल ने 31 और 28 रन बनाए थे .वहीं गाबा में पहली पारी में 1 रन बनाकर आउट हुए थे .

**17.80 के शर्मनाक औसत से बना रहे रन :** गिल ने 2021 ब्रिसबेन टेस्ट के बाद से एशिया के बाहर 16 पारियों में 17.80 के शर्मनाक औसत से सिर्फ 267 रन बनाए हैं.इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर 36 रहा है.2021 में गिल ने 146 गेंदों में 91 रन की दमदार पारी खेली थी लेकिन उसके बाद से उनके बल्ले से रन नहीं निकले हैं.वह दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया देशों में एक भी शतक नहीं बना सके हैं.गिल ने सीना देशों में अब तक खेले गए 10 मैचों में 26.7 की औसत से 481 रन बनाए हैं.जिसमें 2 अर्धशतक शामिल हैं.गिल का बेस्ट स्कोर 91 रन है.इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में 319, इंग्लैंड में 88 और दक्षिण अफ्रीका में 74 रन बनाए है.

# पंजाब के खिलाड़ी अनमोलप्रीत ने तोड़ा सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड

एजेंसी। नयी दिल्ली



विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 का आगाज हो चुका है. इसका एक मुकाबला पंजाब और अरुणाचल प्रदेश के बीच खेला गया. इस मुकाबले में पंजाब ने 9 विकेट से दमदार जीत दर्ज की. उसके लिए अनमोलप्रीत सिंह ने विस्फोटक बैटिंग की. अनमोलप्रीत ने रिकॉर्ड तोड़ शतक जड़ा. उन्होंने लिस्ट ए के इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक जड़ा है. वहीं वे भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में टॉप पर आ गए हैं. अनमोलप्रीत लिस्ट में सबसे तेज शतक जड़ने वाले भारतीय बैटर बन गए हैं.दरअसल अरुणाचल ने पहले बैटिंग करते हुए 48.4 ओवरों में 164 रन बनाए. इस दौरान देवांश गुप्ता ने 22 रनों की पारी खेली. तेची नेरी ने 42 रन बनाए. उन्होंने 73 गेंदों का सामना करते हुए 2 चौके और 2 छक्के लगाए. इसके जवाब में पंजाब ने 12.5 ओवरों में 1 विकेट गंवाकर मैच जीत लिया. पंजाब के लिए कप्तान अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ओपनिंग करने आए. अभिषेक 10 रन बनाकर आउट हुए. जबकि प्रभसिमरन ने 35 रन बनाए. वहीं अनमोलप्रीत ने शतक जड़ा.

**अनमोलप्रीत का रिकॉर्ड तोड़ शतक :** अनमोलप्रीत लिस्ट ए में सबसे तेज शतक जड़ने वाले भारतीय बन गए हैं. उन्होंने 35 गेंदों में शतक जड़ा. अनमोलप्रीत ने 45 गेंदों में नाबाद 115 रन बनाए. उन्होंने 12 चौके और 9 छक्के लगाए. इस मुकाबले में एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड टूटने से बच गया. डिविलियर्स ने 31 गेंदों में शतक लगाया था.

## तुम मुझे समय दो मैं तुम्हें गणित दूंगा : महेश

रामगढ़ ।डीएवी बरकाकाना में गणित सप्ताह के छठे दिन भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ निवास रामानुजन के जन्म दिवस के अवसर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई.उनके कृतियों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया. वरीय शिक्षक महेश प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देशवासियों को आवाहन करते हुए बोला था कि तुम मुझे खून दो मैं तुझे आजादी दूंगा ठीक उसी तरह आज गणित के वरीय शिक्षक महेश प्रसाद ने बच्चों को आह्वान करते हुए या कहा कि तुम मुझे समय दो मैं तुम्हें गणित दूंगा . उन्होंने एकादश विज्ञान के विद्यार्थियों को ग्राफ विधि से जटिल प्रश्नों के हल का सरल तरीका बतलाया और बच्चों में ग्राफ के प्रति रुचि जगाने का काम किया। वर्ग तृतीय चतुर्थ एवं पंचम के बच्चों का गणित रिले रेस करवाया गया.

### कुन्दा थाना क्षेत्र से दस दिनों से लापता युवक और महिला का कोई सुराग नहीं

# परिजन और ग्रामीणों ने थाना समक्ष प्रदर्शन किया

**संवाददाता ।चतरा**



जिले के कुन्दा थाना क्षेत्र के मेदवाडीह गांव निवासी विकास कुमार यादव पिता भोला यादव पिछले 13 दिंसबर से लापता है.आठ दिन बीत जाने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं मिला है. पुलिस के भी हाथ खाली हैं। युवक के जीवित या मृत नहीं मिलने पर परिजनो ने शनिवार को प्रतापपुर थाना के समक्ष प्रदर्शन कर युवक को अति शीघ्र पता लगाने की मांग किया है.लापता युवक के पिता भोला यादव ने बताया की मेरे पुत्र विकास कुमार बिते 13 दिसंम्बर को अपने ससुराल वशिष्टनगर थाना क्षेत्र पहाड़पुर से अपने घर मेदवाडीह के लिए चला था,लेकिन आज तक वह घर वापस नहीं आया है.परिवार में सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन किया है.लापता युवक का एसप्लेन्डर प्लस बाईक JH13F 6920 प्रतापपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के कर्माचक जंगल से 15 दिसंबर की सुबह बरामद किया था.युवक का अंतिम लोकेशन प्रतापपुर के नावाडीह गांव बताया गया है. हालांकि पुलिस थाना क्षेत्र के बामी जंगल से खून के धब्बे,औरत का हार व गमछा बरामद किया है.परिजनों का आरोप है कि प्रतापपुर पुलिस युवक को खोजने में लपरवाही बरत रही है.युवक के लापता हो जाने के बाद से पुलिस द्वारा आवेदन नहीं लिया जा रहा है.हमलोग थाना दौड़-दौड़कर परेशान है,थकहार हमलोग धरना प्रदर्शन कर रहे है. मालूम हो कि बीते शनिवार को युवक के साथ बामी गांव के टोला हाथीसुढ़ निवासी आशा देवी पति केमल भारती भी लापता है. लापता युवक विकास का कोई सुराग नहीं मिलने से पत्नी के अलावे सभी परिजन परेशान है,सभी का रो-रोकर बुरा हाल है.

**क्या कहती है पुलिस :** लापता युवक के बारे में प्रतापपुर पुलिस ने बताया कि जब से परिजनों के द्वारा युवक के लापता हो जाने की सूचना मिली है.तब से पुलिस लगातार खोजबीन करने में जुटी है.बामी व देवकुन्डी के जंगल में प्रत्येक दिन पुलिस खोजी कुता का सहारा लेकर सर्च अभियान चला रही है. जंगल से खून,औरत का हार व कपड़ा बरामद किया गया है.वहीं धमकी देने वाले जोरी निवासी शाबिर मियां को पुलिस ने हिरासत में लिया है. उससे कड़ाई के साथ पुछताछ की जा रही है. पुलिस ने युवक का बाईक को कर्माचक जंगल से बरामद किया है,जल्द ही मामले का उद्भेदन कर दिया जाएगा.

### पोस्ता की खेती नष्ट कराने के आरोप पर अपहरण

लापता युवक विकास कुमार यादव के पिता भोला यादव ने बताया कि विकास के लापता होने से पूर्व में बामी जंगल मे लगे पोस्ता की खेती को पुलिस की सूचना देकर नष्ट कराया गया था . जिसके बाद पोस्ता की खेती करने वाले जोरी निवासी शाबिर मियां एवं बामी निवासी विश्वनाथ भुईया के द्वारा जान मारकर शव लापता करने का धमकी दिया गया था . पिता सहित परिजनों को आशंका है कि युवक को गायब करने में शाबिर मियां व विश्वनाथ भुईया की साजिश है . परिजनों का कहना है कि युवक का हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के लिए इन लोगों के द्वारा शव लापता कर दिया है .

## न्यूज अपडेट



### आदिम जनजाति परिवारों के बीच शिविर आयोजित

**चतरा ।** जिले के कुंदा प्रखंड अंतर्गत बौद्धाडीह पंचायत के आसेदरी गांव में आदिम जनजाति परिवारों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से शनिवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया .शिविर में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ दिया गया . इस दौरान आदिम जनजाति पेंशन योजना,राशन कार्ड,आवास,जॉब कार्ड,मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,जन्म प्रमाण पत्र का आवेदन प्राप्त हुआ .सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 34 परिवारों के बीच धोती,साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया .आदिम जनजाति परिवार के लोगों ने गांव में पक्की सड़क बनाने की मांग को लेकर आवेदन दिया . यह शिविर उपायुक्त रमेश घोलप के आदेश पर लगाया गया . मौके पर बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने आदिम जनजाति परिवारों की समस्या सुनी और इसके निवारण के लिए यथाशीघ्र समाधान करने की बात कही .

### हजारीबाग : लिंग हिंसा के विरुद्ध निकाली रैली

**हजारीबाग ।** विश्वविद्यालय शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा लिंक हिंसा के विरोध में रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया .यह रैली कौटिल्य भवन से होते हुए आर्ट्स ब्लॉक तक पहुंची और वहां नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ . जिसमें लिंग हिंसा के विरुद्ध दो नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया .'हिंसा का कोई लिंग नहीं हो होता' इस नाटक का प्रस्तुतीकरण इंटीग्रेटेड बीएड सत्र 2024–28 के छात्र–छात्राओं अनामिका, रोशन राज, अगित, करिश्मा, अमन, साक्षी, इकबाल, उदय, सुरुचि, सपना, सुनामी, अनामिका, राखी, जिज्ञासा, अभिषेक, नृपेश, जॉनसन और सीताराम उरांव ने किया .दूसरा नाटक 'समाज कब बदलेगा' का प्रस्तुतीकरण इंटीग्रेटेड बीएड और एमएड के छात्र छात्राओं पायल भारती, दिव्या, मैन्युअल, स्वाती, अपूर्वा, साक्षी, रोहित, दिलीप, राजनंदिनी, पलक, पल्लवी, पूजा, दीपक, चितरंजन और रवि द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षा शास्त्र विभाग के निदेशक डॉ .के के गुप्ता एवं शिक्षा शास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ रजनीश कुमार, डॉ अमिता कुमारी,डॉ कुमारी भारती,डॉ चौधरी प्रेम प्रकाश एवं डॉ विनीता बांकिरा ने भी महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण योगदान दिया .

### धान आधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन किया गया

**चतरा ।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड के चन्द्रीगोविंदपुर पंचायत में शनिवार को धान आधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन किया गया . प्रमुख पति कपिल पासवान,जितेन्द्र सार्थक व पंचायत समिति सदस्य मनोज यादव ने संयुक्त रूप से धान अधिप्राप्ति केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया . इस दौरान उन्होंने कहा कि चन्द्रीगोविंदपुर पंचायत में धान आधिप्राप्ति केन्द्र खुलने से पंचायत के किसानो को धान बेचने में काफी सहूलियत मिलेगी . पहले किसान दलालो के हाथो औने–पौन दामो में अपने कृषि उत्पाद बेचते थे . उन्होंने किसानों से अपने धान को पैक्स में बेचकर सरकार द्वारा निर्धारित राशि लेकर लाभ उठाने की बात कही . पैक्स केन्द्र संचालक रामककेश्वर दास ने धान आधिप्राप्ति केन्द्र में न्यूनतम दर 2300 रूपये प्रति क्विंटल वही राज्य सरकार के द्वारा 100 रूपये प्रति क्विंटल बोनस कुल 2400 रुपए प्रति पर धान खरीदे जाने की बात कही . उद्घाटन के मौके पर नितिश कुमार, आदित्य, विक्रम कुमार, शेखर पान्डेय, गौतम सिन्हा,भीम सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे .

### बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



**चतरा ।** चुनाव जीतने के बाद शनिवार को सिमरिया विधायक उज्जवल दास टंडवा पहुंचे .इस दौरान नगर भवन में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता की अगुवाई में भाजपाइयों ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया . स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल माला से उन्हें लाद दिया . नगर भवन में आयोजित सम्मान समारोह में विधायक श्री दास ने टंडवा मंडल अंतर्गत सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया . विशेष रूप से बूथों पर भाजपा प्रत्याशी को बढ़त दिलाने वाले बूथ अध्यक्षों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया .अपने संबोधन में विधायक श्री दास ने कहा कि ये हमारी जीत नहीं कार्यकर्ताओं की जीत है . कहा भजपा का एक एक कार्यकर्ता सम्मान का हकदार है .जिस बूथ में प्रत्याशी नहीं भी जा पाते हैं,वहां भी कार्यकर्ता अपने मेहनत से चुनाव जीतते हैं . विधायक ने कहा कि टंडवा की समस्याओं से अवगत है . सभी समस्याओं का समाधान होगा .विश्वास रखें, आपका विधायक आपकी परछाई बनकर आपके साथ रहेगा .

### डीडीसी की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक

**रामगढ़ ।** शनिवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया .बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी समिति के सदस्यों से ली .मौके पर जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना चंदन कुमार के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को नमामि गंगे योजना के तहत दिसंबर माह में आयोजित किये जाने वाले गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई . इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, एसएमपीओ, सीसीएल टाटा सहित अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधि अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे .

### रामगढ़ की हर गली में होगी पक्की सड़क

**रामगढ़ ।** चुनाव खत्म हुआ तो रामगढ़ जिले में विकास योजनाओं का अंबार लग गया है । डीसी चंदन कुमार ने एक झटके में 70 करोड रुपए की लागत से 121 पीसीसी सड़क निर्माण का आदेश जारी कर दिया . सभी स्थानों पर काम शुरू भी हो गया है . शनिवार को डीसी चंदन कुमार ने बताया कि चुनावी वर्ष की वजह से लगभग पूरा साल रामगढ़ जिले में विकास की गति धीमी हो गई थी . लेकिन अब विकास को दुगनी रफ़्तार से आगे बढ़ाना है । शहर से लेकर गांव तक सड़कों का जाल बिछाना है, ताकि आवागमन में किसी भी व्यक्ति को परेशानी ना हो .डीसी ने बताया कि 121 योजनाओं की सूची सार्वजनिक कर दी गई है . इसके अलावा जिस किसी गांव या शहर की गली में सड़क की आवश्यकता है, ग्रामीण अपने जनप्रतिनिधी के माध्यम से आवेदन दें, तत्काल उस इलाके में काम शुरू हो जाएगा . डीसी चंदन कुमार ने बताया कि रामगढ़ जिला के विकास एवं लोगो को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है .

### 3.88 एकड़ में लगे पोसते की फसल को किया नष्ट

**हजारीबाग ।** जिले के कटकमसांडी थाना अंतर्गत ग्राम गुरूडीह में सुराही टोंगरी नाला में पुलिस निरीक्षक पेलावल एवं वन विभाग के संयुक्त छापामारी कर करीब 3 .88 एकड़ जंगली जमीन में पोस्ता का खेती नष्ट किया गया . इस संदर्भ में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है .अफीम की खेती के खिलाफ जिले भर में बड़ा अभियान चलाया गया है . पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों के मंसूबों को बड़ा झटका लगा है . एसपी श्री अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि कटकमसांडी के गुरुडीह के आस पास अफीम तस्करों के द्वारा अफीम की खेती की जा रही थी . जिसे अभियान चलाकर नष्ट कर दिया गया .पुलिस व वन विभाग के संयुक्त कारवाई करते हुए चिन्हित स्थान पर छापेमारी की पुलिस जब स्थल पर पहुंची तो वहां पाया गया कि अफीम के छोटे–छोटे पौधे उग आए हैं . पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस के द्वारा अफीम की खेती के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की जा रही है . उसे नष्ट भी किया जा रहा है .

### अम्लीय मिट्टी सुधार के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**चतरा ।** सदर प्रखंड के हफुआ पैक्स में शनिवार को अनुमण्डल कृषि कार्यालय के द्वारा अम्लीय मिट्टी सुधार योजना के तहत जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया .प्रशिक्षण को प्रारंभ करते हुए अनुमंडल के कृषि पदाधिकारी निखत प्रवीन ने आये हुए किसानों एवं पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बताया कि डोलोमाइट में मैग्नीशियम होता है .इसलिए इसका इस्तेमाल मिट्टी की अम्लता को कम करने और पौधों को मैग्नीशियम देने के लिए किया जाता है .डोलोमाइट का इस्तेमाल चारागाहों में पीएच बढ़ाने के लिए भी किया जाता है . डोलोमाइट का सामान्य अनुप्रयोग कृषि में है,क्योंकि इसमें मैग्नीशियम की मात्रा अधिक होती है .कार्यक्रम में अम्लीय मिट्टी सुधार योजना अंतर्गत हफुआ पैक्स में 50 किसानों के बीच डोलोमाइट का वितरण 90% अनुदान पर किया गया .कार्यक्रम पर मुख्य रूप से कृषि विज्ञान केन्द्र चतरा के वैज्ञानिक धर्मा उरांव के द्वारा डोलोमाइट का उपयोग एवं उसके प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई .

### नारी-मुक्ति से नारी-उत्थान पर आयोजित हुई कार्यशाला

# अपने बारे में निर्णय लेने की स्वतंत्रता ही है नारी-मुक्ति : प्रो पूनम कुमारी

- गांधी के अलावा विश्व के सामने कोई विकल्प नहीं : डॉ सादिक रज़्ज़ाक़
- स्त्री पुरुष समान नहीं, एक दूसरे के पूरक है : डॉ अशोक राम

**संवाददाता ।हजारीबाग**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने नारी के विकास के लिए सर्वप्रथम नारी-मुक्ति की आवश्यकता को बताया था.अर्थात नारी के पास यह स्वतंत्रता विकसित हो कि वह स्वयं तय करें कि वह क्या बनना चाहती है और क्या करना चाहती है.

उक्त बातें पटना के पाटलिपुत्र विवि के प्रो पूनम कुमारी ने कही.वह विनोबा भावे विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित कर रही थी.

कार्यशाला की अध्यक्षता विभाग अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया.प्रो पूनम ने कहा की आज महिला सशक्तिकरण की खूब चर्चा होती है.यह महिला उत्थान का पश्चिमी मॉडल है.गांधी जी ने स्पष्ट किया बिना नारी-मुक्ति के नारी-उत्थान संभव नहीं है. भारत में पश्चिमी मॉडल से महिलाओं का सही अर्थ में उत्थान नहीं हो सकता है. दुर्भाग्य वश आज भारत में पश्चिम महिला उत्थान का नकल करने का होड दिखता है. इसमें नारी की स्वच्छंदता पर बहुत अधिक बल दिया गया है. यह खतरनाक हो सकता है.कार्यशाला को संबोधित करते हुए समाज विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉ सादिक रज़्ज़ाक़ ने कहा कि आज पूरी दुनिया में गांधी के बताए सूत्र स्वीकार किए जा रहे . परंतु अफसोस कि हमारे ही देश में गांधी उपेक्षित हो रहे हैं.डीएवी पब्लिक स्कूल के संस्थापक पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार श्रीवास्तव ने भी कार्यशाला को संबोधित किया. विषय प्रवेश शोधार्थी सुनीता कुमारी ने किया. डॉ अजय बहादुर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया. इस अवसर पर विभाग के शोधार्थी तथा दोनों समसत्र के विद्यार्थी अच्छी संख्या में उपस्थित थे.

### आईसेक्ट के छात्र कमलेश का इंजीनियर के रूप में चयन

**हजारीबाग।** बड़कागांव रोड स्थित आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के छात्र कमलेश कुमार का अफोर्सर्व, बैंगलोर में फ्रेशर इंजीनियर के रूप में चयन हुआ है. बता दें कि बीते शुक्रवार को रांची स्थित होटल रेडिसन ब्लू सभागार में आयोजित स्किल स्टेकहोल्डर कांफ्रेंस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद झारखंड सरकार में उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग मंत्री संजय यादव के हाथों कमलेश कुमार को नियुक्ति पत्र व एसएससी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया. आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कमलेश के चयन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत चलाये जा रहे दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र झारखंड सरकार की निः शुल्क कौशल विकास योजना है. इसी के तहत निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ प्रशिक्षार्थियों को हुनरमंद बनाने की दिशा में आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र कार्यरत है. डॉ गोविंद ने बताया कि इस कौशल विकास केन्द्र से उचित मार्गदर्शन व 100फीसदी प्लेसमेंट सपोर्ट मुहैया कराई जा रही है.

## महिला लखपति किसान पहल की डीसी ने की समीक्षा




**संवाददाता ।रामगढ़**

महिला लखपति किसान पहल के तहत शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई.बैठक के दौरान सर्वप्रथम डीपीएम जेएसएलपीएस श्रीमती रीता सिंह के द्वारा महिला लखपति किसान की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की जानकारी दी गई जिसके उपरांत उनके द्वारा रामगढ़ जिले में महिला लखपति किसानों की संख्या बढ़ाने को लेकर कार्य योजना के संबंध में जानकारी दी गई.बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा जिले में महिला लखपति किसने की संख्या बढ़ाने को लेकर डीपीएम जेएसएलपीएस को कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों तथा पशुपालन,मतस्य प्लान,उद्यान आदि के साथ समन्वय करते हुए महिला किसानों को एक साथ कई क्षेत्रों में कृषि करने व अपने आमदनी बढ़ाने को लेकर कार्य करने का निर्देश दिया.

बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में क्लस्टर चिन्हित कर मटर,स्वीट कॉर्न,मशरूम केज फार्मिंग,अंडा उत्पादन आदि की दिशा में जिला को अग्रणी बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां सभी के साथ साझा की गई. वहीं बैठक के दौरान महिला किसानों के एक्सपोजर विजिट पर भी चर्चा की गई.

### लॉयला अकादमी में 15वां वार्षिकोत्सव व क्रिसमस गेदरिंग

**हजारीबाग।** लॉयला अकादमी ने शनिवार को अपना 15वां वार्षिकोत्सव और क्रिसमस समारोह धूमधाम से मनाया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और समाजसेवी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया.इस अवसर पर उन्हें विद्यालय की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, अभिभावक उपस्थित थे. समारोह की शुरुआत स्वागत गीत से हुई. जिसके बाद छात्रों ने नृत्य,नाटक और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. क्रिसमस थीम पर आधारित नृत्य और कैरल गायन को विशेष रूप से सराहा गया. शिक्षा और संस्कारों के महत्व पर जोर मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों की सराहना की. उन्होंने कहा,शिक्षा केवल करियर निर्माण का माध्यम नहीं है,बल्कि यह एक सभ्य और सशक्त समाज के निर्माण की नींव है. स्कूल प्रबंधन ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विशेष तैयारी की थी.

पेज - 3 का शेष

### पुनर्वास के सवाल पर कोल अपर सचिव से रैयतों ने कहा...

जरेडा तहत हो रहे विस्थापन कार्य को देखा. टीम आने की खबर पाकर बैलगाड़ियां के लोग भी एकत्रित हो गए थे. लेकिन वहां भी टीम के अधिकारी ज्यादा देर नहीं रुके केवल टाउनशिप का जायजा लेकर चलते बने. अधिकारियों ने बताया कि लालटेन गंज मोहरी बांध इलाके से लोगों को हटाया गया. उनको सुरक्षित स्थान पर जरेडा के तहत बेलगरिया मैं आवास आवंटन किया गया है. उनके साथ रोहित कुमार एडिशनल सेक्रेटरी राजनाथ राम एडवाइजर, प्रतिवान डिप्टी सेक्रेटरी पीएमओ, प्रिया सिंह शैलेंद्र कुमार सिंह के सिंहा सिद्धांत संजय, निखिल प्रकाश बीसीसीएल के सी एम डी सुमिरन दत्त डीटी ओपी एस नागाचारी संजय सिंह अभिषेक राय परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र सिंह क सिंह देवाशीष शामिल थे.

कोल अपर सचिव ने सिजुआ क्षेत्र के बांसजोड़ा कोलियरी बांसजोड़ा उत्खनन परियोजना का भी निरीक्षण किया. आग व गैस के बीच कोयला उत्खनन काम होते देखा. आग व गैस रिसाव के बीच रहने वाली आबादी को भी देखा. विषम परिस्थितियों में रह रही आबादी के हालात पर चिंता जाहिर की. उन्होंने बांसजोड़ा में रैयत से बातचीत भी की. इसके बाद बांसजोड़ा 6 नंबर व 12 नंबर के बीच सालों से धधक रही आग को देखा. यहां भी आसपास आबादी का हाल देखकर टीम सकते में पड़ गयी. सचिव विस्मिता ने जल्द ही निराकरण हो जाने का आश्वासन दिया. रैयतों से कहा कि अगर आपको मुआवजे की रकम मिल जाती है तो आप लोग को यहां से हटने में कोई दिक्कत तो नही होगी. रैयतों ने कहा कि हम सब बैलगाड़िया नही जाना चाहते. भूली या बौआ में एक जगह एक साथ उचित मुआवजा के साथ बसाया जाये. हमलोग खुशी ख़ुशी चले जाएंगे. ज्ञात हो कि कनकनी कोलियरी के अग्निप्रभावित क्षेत्र झरिया मास्टर प्लान में पहले फेज में लेकिन बांसजोड़ा दूसरे फेज में पुनर्वास करने की सूची में शामिल है. कोल सचिव के साथ अपर सचिव कैबिनेट सचिवालय रोहित कुमार, सलाहकार नीति आयोग राजनाथ राम, पीएमओ सचिव पार्थीबन पी, स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज मंत्रालय के सदस्य के अलावे सीएमडी समीरण दत्ता, डीटी संजय कुमार सिंह, नागाचार्या जीएम सुधाकर प्रसाद, एजीएम केके सिंह, पीओ मंतोष कुडूं, एपीएम चंदन श्रीवास्तव, सर्वेयर एस के मित्रा,सेफ्टी ऑफिसर आलमगीर आलम आदि शामिल थे.

इससे पूर्व बांसजोड़ा मे 17 दिसंबर 2022 को कोल सचिव अमृतलाल मीणा,13 जुलाई 23 को कोयला मंत्री प्रहलाद वेकंटेश जोशी,25 जुलाई 24 को कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी,8 सितंबर 24 को कोयला राज्य मंत्री सुरेश चंद्र दुबे बांसजोड़ा का दौरा कर चुके है.

### हाई वोल्टेज ड्रामा | तस्कर महिलाओं को आगे कर वन विभाग की कार्रवाई को कर रहे अवरुद्ध

# वन विभाग ने भगहर से आरा मशीन का कल पुर्जा व चौखट किया जब्त

- प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ वन अधिनियम के तहत वनवाद दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है

**संवाददाता ।चौपारण (हजारीबाग)**

प्रादेशिक वन प्रमंडल के चौपारण वन विभाग इकाई ने गुप्त सूचना पर भगहर में आरा मशीन और चीरा हुआ चौखट बरामद किया.वन विभाग की टीम प्रभारी वनपाल पंकज कुमार के नेतृत्व में जैसे ही भगहर पहुंचे कि तस्करों ने हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू कर महिलाओं को आगे कर दिया. महिला, युवक एवं स्कूली बच्चों ने भी वन विभाग के कार्रवाई को रोकने की भरपूर कोशिश की. तस्करों के इशारे पर विरोधी कभी मशीन का पार्ट्स व लकड़ी का चौखट लदा ट्रेक्टर पर चढ़ जा रहे थे.पंकज एवं उनके टीम ने काफी मसक्कत के बाद जप्त सामान को रेंज कार्यालय सुरक्षित ला सके. मालूम हो कि चंद तस्कर बड़े-बड़े शराब की भट्टी में जंगल की लकड़ी जला कर महुवा शराब निर्माण करने के लिए जंगलों को उजाड़ रहे हैं. साथ ही जंगल उजाड़ कर लकड़ी का भी बड़े पैमाने पर तस्करी की जा रही है.जिसकी गुप्त सूचना वन विभाग को मिलते ही चौपारण प्रादेशिक वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने त्वरित कारवाई करते हुए जंगल मे गुप्त रूप से संचालित अवैध आरा मशीन पर कारवाई करते हुए बड़े पैमाने पर चिरान पटरा को जप्त किया.इस दौरान वन विभाग के टीम को विरोध का भी सामना करना पड़ा. आरा मशीन दीपक राणा पिता रघुनी राणा ग्राम भगहर का बताया जाता है. प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ वन अधिनियम के तहत वनवाद दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है. छापेमारी टीम में प्रभारी वनपाल पंकज कुमार, वनरक्षी अजीत कुमार गंझू, गृहरक्षक उमेश कुमार,अशोक शाही तथा अन्य दैनिक कर्मी शामिल थे.



वनकर्मियों से उलझते भगहर की महिलाएं.

### मंईयां सम्मान के राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरु

# हजारीबाग से दस हजार लाभुक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में होंगे शामिल

**संवाददाता ।हजारीबाग**



झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को 2500/-रुपये की प्रथम किस्त भुगतान के अवसर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 28 दिसंबर को खोजाटोली आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड, नामकुम रांची में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त नैंसी में सहाय की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में उपायुक्त ने झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को 2500/- रुपये की प्रथम किस्त भुगतान में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराया. उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम में झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कुल 10000 (दस हजार) लाभुकों को हजारीबाग जिला से कार्यक्रम स्थल नामकुम, रांची ले जाना है. इन दस हजार लाभुकों के लिए प्रर्याप्त बस, प्रखंडवार लाभुकों की सूची सहित इनके भोजनादि की व्यवस्था आदि को सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए. इस कार्यक्रम के लिए जिलास्तर पर एक टीम गठित की गई है. जिसमें उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, सहायक समाहर्ता लोकेश बारंगे, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज कुमार तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा आदि शामिल किया गया है.

**न्यूज अपडेट**

## मुंबई नीलकमल नाव हादसा : लापता सात वर्षीय बच्चे का शव बरामद

**मुंबई ।** मुंबई में गेटवे आफ इंडिया से एलीफेंटा जा रही नीलकमल नाव दुर्घटना में लापता सात वर्षीय बच्चे का शव शनिवार को दोपहर बचाव टीम ने बरामद कर लिया. इस तरह से इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है. इस घटना की छानबीन कोलाबा पुलिस स्टेशन और नौसेना की टीम कर रही है. यह जानकारी पुलिस ने दी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार बचाव टीम ने आज दोपहर में जिस लापता सात वर्षीय बच्चे का शव बरामद किया. उसकी पहचान जोहान मोहम्मद निसार अहमद पठान के रूप में हुई है. यह बच्चा 18 दिसंबर से नीलकमल नाव दुर्घटना के बाद से लापता था. बच्चे के मां की भी इसी दुर्घटना में मौत गई थी.

## नमो भारत यात्रियों के लिए किराए पर मिलेगी 10 प्रतिशत छूट

**गाजियाबाद ।** नमो भारत ट्रेन के यात्रियों के लिए खुशखबरी है अब उन्हें किराए में 10 प्रतिशत की छूट मिल सकेगी इसको लेकर एनसीआरटीसी ने लालित्य प्वाइंट प्रोगाम लॉन्च कर दिया है. एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, शलभ गोयल ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर वरिष्ठ अधिकारियों और यात्रियों की उपस्थिति में किया. नमो भारत यात्रियों के साथ जुड़ने और उन्हें नमो भारत टिकटों पर 10 प्रतिशत की छूट के लिए, एनसीआरटीसी ने 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से लॉयल्टी पॉइंट्स कार्यक्रम की शुरूआत की है. प्रत्येक रुपये के बदले 1 अंक प्राप्त होगा. प्रत्येक लॉयल्टी पॉइंट का मूल्य 0.10 (10 पैसे) है और इसे यात्रियों के 'आरआरटीएस कनेक्ट' खाते में जमा किया जाएगा.

## भारतीय जेल में दो साल की सजा काटने के बाद 15 बांग्लादेशी घर लौटे

**ढाका ।** भारत की एक जेल में दो साल की सजा काटने के बाद नौ महिलाओं सहित 15 बांग्लादेशी बेनापोल चेक पोस्ट के माध्यम से स्वदेश लौट आए. उनके छह बच्चे भी साथ आए. पेट्रापोल आव्रजन पुलिस ने उन्हें कल रात करीब साढ़े 10 बजे बेनापोल आव्रजन पुलिस को सौंपा. द डेली स्टार समाचार पत्र के अनुसार, गैरसरकारी संगठन राइट्स जशोरे ने सभी 15 व्यक्तियों को अपने यहां आश्रय दिया. बेनापोल आव्रजन पुलिस के प्रभारी इब्राहिम अहमद ने कहा, इन लोगों को बाद में उनके परिवारों को सौंपा जाएगा. यह लोग नरैल, खुलना और सथखिरा जिलों के विभिन्न क्षेत्रों के हैं. पैसे के बदले काम का वादा कर तस्कर उन्हें करीब ढाई साल पहले भारत के मुंबई ले गए थे.

## एनआईए ने खूंखार नक्सली बांद्रा ताती को किया गिरफ्तार

**बीजापुर/रायपुर ।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 10 जवानों की जान लेने वाले खूंखार नक्सली बांद्रा ताती को गुरुवार को सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया. उसे अरनपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया. पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र यादव ने यह जानकारी दी. एनआईए की विज्ञप्ति के अनुसार बांद्रा ताती अन्य नक्सलियों के साथ मिलकर आतंकी हमले की साजिश में सीधे तौर पर शामिल था. जांच में यह भी सामने आया है कि ताती आईईडी के परिवहन के अलावा घातक हमले को अंजाम देने के लिए सहायक भूमिका निभा रहा था. जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण सुराग मिले थे.

## पंजाब में गुरदासपुर के बंगा वडाला पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड हमला

**चंडीगढ़ ।** खालिस्तान समर्थक आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने पुलिस को चुनौती देते हुए गुरदासपुर जिले के बंगा वडाला गांव के पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड हमला किया है. जिले के कलानौर क्षेत्र में पिछले 48 घंटों में यह दूसरा ग्रेनेड हमला है. 28 दिनों में पंजाब में आठ बार ग्रेनेड फेंके जा चुके हैं. बंगा वडाला गांव में आधी रात हुए धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया. लोग घरों से बाहर निकले तो पता चला कि पुलिस थाने पर ग्रेनेड फेंका गया है. सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पहुंचे . रात भर पुलिस जांच करती रही. फिलहाल फॉरेंसिक जांच चल रही है. दो दिन पहले ही खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने कलानौर पुलिस पोस्ट पर हमला किया था.

## पूर्व अटॉर्नी जनरल आरिफ का 83 वर्ष की आयु में ढाका में निधन

**ढाका ।** बांग्लादेश के पूर्व अटॉर्नी जनरल और अंतरिम सरकार के नागरिक उड्डयन और पर्यटन सलाहकार एएफ हसन आरिफ का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उन्होंने कल दोपहर बाद राजधानी ढाका के लैबैड अस्पताल में अंतिम सांस ली. उनके बेटे मोअज आरिफ ने इसकी पुष्टि की. बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, हसन आरिफ को दोपहर करीब तीन बजे अस्पताल ले जाया गया था. वह खाना खाते समय गिर गए थे. परीक्षण के के बाद उन्हें अपराह्न 3:35 बजे मृत घोषित कर दिया. अस्पताल के जनसंपर्क अधिकारी चौधरी मेहर-ए-खोदा ने कहा, उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ था. सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील एएफ हसन आरिफ का जन्म 1941 में कोलकाता में हुआ था.




## कुवैत पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी, भारतीय मूल के लोगों से की मुलाकात, खुशी की लहर

प्रधानमंत्री कुवैत के शेख मेशाल अल अहमद अल जबार अल सबाह के बुलावे पर कुवैत गए हैं. यह बीते 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला कुवैत दौरा है. बता दें कि रामायण और महाभारत अरबी भाषा में प्रकाशित हुए हैं. पुस्तक के प्रकाशक अब्दुल्ला लतीफ अलनेसेफ और रामायण-महाभारत को अरबी में अनुवाद करने वाले अब्दुल्ला बैरन ने कुवैत सिटी में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की. तलीफ अलनेसेफ ने कहा, मैं बहुत खुश हूं. यह मेरे लिए सम्मान की बात है. पीएम मोदी इससे बहुत खुश हुए. ये पुस्तकें बहुत महमत्वपूर्ण हैं. उन्होंने (पीएम मोदी) दोनों पुस्तकों पर हस्ताक्षर किए. पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुवैत पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया. यह 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है और यह यात्रा निसंदेह विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कुवैत दोस्ती को मजतबूत करेगी. मैं आज और कल के लिए तय कार्यक्रमों का इंतजार कर रहा है. एक भारतीय प्रवासी महिला ने कहा, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए खुश हैं. वह एक दूरदर्शी नेता हैं. वहीं, प्रवासी भारतीय समुदाय के एक और सदस्य ने कहा, सभी भारतीय नागरिक कुवैत में पीएम मोदी का स्वागत करते हुए खुश हैं. पीएम मोदी कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के आमंत्री पर दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे हैं.

**दुःसाहस : पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला**


# खैबर पख्तूनख्वा में 16 सैनिकों की मौत, 8 घायल

- ससे पहले 5 अक्तूबर को कई आतंकी हमलों में 16 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई थी

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के अपर जिले में एक बड़ा हमला हुआ है. मकीन क्षेत्र में महीनों में हुआ यह सबसे बड़ा हमला है. इसमें पाकिस्तान के 16 सैनिकों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए. द खोरासान डायरी की रिपोर्ट के मुताबिक एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'लिटा सर क्षेत्र में एक सुरक्षा चौकी पर देर रात हमला हुआ.' पाकिस्तान में अफगानिस्तान से लगती सीमा पर लगातार आतंकी हमले देखे जा रहे हैं. यहां तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान के आतंकी आए दिन हमला करते रहते हैं.

इससे पहले 5 अक्तूबर को कई आतंकी हमलों में 16 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई थी. खुर्रम जिले में हमले में सात सैनिक मारे गए थे, वहीं दो लोग घायल हुए थे. विश्व स्तर पर नामित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने कथित तौर पर हिंसा की जिम्मेदारी ली थी. माना जा रहा है कि शनिवार को हुए हमले में भी टीटीपी आतंकियों का हाथ है. टीटीपी का हमला पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव का कारण है.





**टीटीपी पर हमलों का आरोप :** आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा में टीटीपी के नेतृत्व वाले तीव्र हमलों और बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी जातीय बलूच विद्रोहियों के परिणामस्वरूण अकेले इसी साल सैकड़ों सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई. पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी आतंकियों को अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की ओर से समर्थन मिलता है. हालांकि तालिबान कहता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए नहीं होने दे रहा है.

**दिल्ली शराब घोटाला**

# एलजी ने ईडी को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की दी मंजूरी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की इजाजत दे दी. ईडी ने 5 दिसंबर को एलजी से केजरीवाल के खिलाफ ट्रायल चलाने की अनुमति मांगी थी. पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ ईडी ने इस साल मार्च में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग (पीएमएलए) के तहत केस दर्ज किया था. 21 मार्च को 4 घंटे की पूछताछ के बाद केजरीवाल को अरेस्ट किया गया था. केजरीवाल को इस केस में जमानत मिल गई थी, लेकिन ईडी ट्रायल शुरू नहीं कर पाई थी. इधर, केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की अनुमति पर आप के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा- ईडी मंजूरी की कॉपी क्यों नहीं दिखा रही है. बाबा साहब के अपमान के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए इन्हें जुमलेबाजी बंद करनी चाहिए. केजरीवाल ने आज ही अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना शुरू की है.

### केजरीवाल ने दलित छात्रों के लिए डॉ आंबेडकर स्कॉलरशिप का किया ऐलान

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विस चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा दांव चला है. उन्होंने दलित छात्रों के लिए डॉ आंबेडकर स्कॉलरशिप का ऐलान किया है. शनिवार को प्रेस वार्ता कर केजरीवाल ने दिल्ली में दलित छात्रों के लिए डॉ आंबेडकर स्कॉलरशिप का ऐलान किया. इस मौके पर केजरीवाल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने बाबा साहेब अंबेडकर का मजाक उड़ाया.

**कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची टीम**

## उप्र के संभल में दूसरे दिन भी एएसआई का सर्वे जारी

**मुरादाबाद ।** उत्तर प्रदेश के संभल में लगातार दूसरे दिन शनिवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) टीम का सर्वे जारी रहा. एएसआई टीम शनिवार सुबह सबसे पहले कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची. इसके बाद टीम ने मंदिर के पास स्थित कृष्ण कूप का निरीक्षण किया. ऊंची-ऊंची दीवारों से घिरा हुआ कृष्ण कूप विवादित जामा मस्जिद से कुछ दूरी पर स्थित है. कूप के अंदर झाड़ियां और गंदगी फैली होने के कारण नगर पालिका की टीम के द्वारा साफ-सफाई की जा रही है. संभल के जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने एएसआई को पत्र लिखकर जिले में स्थित प्राचीन तीर्थ स्थलों और कूपों का निरीक्षण करने की मांग की थी. इसके बाद शुक्रवार को पहले दिन एएसआई टीम ने संभल में 19 कूप और 5 तीर्थ स्थलों का सर्वे किया था. यह सर्वे कार्य सुबह 06 से शाम 4 बजे तक चला था. इस दौरान टीम ने खग्गू सराय स्थित प्राचीन शिव मंदिर और वहां परिसर में बने कुंए की कार्बन डेटिंग के लिए नमूने भी लिए थे.

## धक्का-मुक्की की जांच के लिए क्राइम ब्रांच ने बनाई 7 सदस्यों की टीम

**नयी दिल्ली ।** संसद में हुए धक्का-मुक्की मामले की जांच अब गति पकड़ने लगी है. इस मामले को पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन से दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया गया है. इसकी जांच अब क्राइम ब्रांच की चाणक्यपुरी स्थित आईएससी यूनिट करेगी. संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की की जांच अब तेज हो गई है. दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है जो सात सदस्यों की होगी. पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन से दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को यह मामला ट्रांसफर कर दिया था. इस मामले की जांच अब क्राइम ब्रांच की चाणक्यपुरी स्थित आईएससी यूनिट करेगी. मामला संसद के भीतर सांसदो के बीच धक्कामुक्की का है, जिसमे बीजेपी के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो थे. दोनों ही नेताओं का अस्पताल में इलाज चल रहा है.

**संजय राउत का बड़ा संकेत**

## पार्टी अकेले लड़ सकती है बीएमसी चुनाव

**मुंबई ।** महाराष्ट्र में सियासी गलियारों में लगातार हलचल मची हुई है. इस बीच, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने संकेत दिया कि उनकी पार्टी मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव में अकेले उतर सकती है, हालांकि वे महा विकास आघाड़ी (एमवीए) का साथ नहीं छोड़ रहे हैं. उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बीएमसी चुनाव में अकेले उतरने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि इस चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या लोकसभा और विधानसभा चुनावों से ज्यादा है. उन्होंने आगे कहा, 'उद्धव ठाकरे और अन्य पार्टी नेताओं के बीच इस बारे में बातचीत चल रही है. कार्यकर्ता चाहते हैं कि हम अकेले चुनाव लड़ें.' शिवसेना ने 1997 से 2022 तक लगातार बीएमसी पर अपना नियंत्रण बनाए रखा था. पिछला मुंबई नगर निगम चुनाव मार्च 2022 में समाप्त हुआ था और अब तक नए चुनाव नहीं हुए हैं. राउत ने कहा कि मुंबई में शिवसेना की शक्ति अप्रतिबंधित है और अगर उन्हें विधानसभा चुनावों में अधिक सीटें मिलतीं तो वे जीत सकते थे. उन्होंने कहा कि जब अविभाजित शिवसेना भाजपा के साथ गठबंधन में थी, तब भी वे बीएमसी और अन्य स्थानीय चुनावों में अकेले चुनाव लड़ते थे और अब भी इसी तरह से चुनाव लड़ने की कोशिश की जा रही है.

## अमेरिका में शटडाउन संकट से उबरने के लिए लाया गया नया विधेयक

**वाशिंगटन ।** संयुक्त राज्य अमेरिका में शटडाउन संकट को टालने के प्रयास जारी हैं. इसके लिए संघीय सरकार नया विधेयक लेकर आई है. स्टॉपगैप फंडिंग विधेयक को अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की मंजूरी मिल गई है. अब इस पर उच्च सदन सीनेट में मतदान होना है. इसे सीनेट के पास भेज दिया गया है. आज अगर सीनेट की मंजूरी मिल जाती है तो अमेरिका के नागरिकों को क्रिसमस की छुट्टियों में शटडाउन की वजह से परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा. द न्यूयॉर्क टाइम्स, एनबीसी न्यूज और सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट्स में कहा है कि संघीय सरकार इस संकट को टालने के प्रयास तो कर रही है पर उसने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सलाह नहीं मानी है. ट्रंप चाहते थे कि नए विधेयक में ऋण सीमा में वृद्धि शामिल की जाए.

**मप्र के देवास में सिलेंडर विस्फोट से लगी आग**

# घर पर सो रहे पति-पत्नी समेत 4 मरे

**एजेंसी । देवास**

मध्य प्रदेश के देवास जिले में शनिवार सुबह एक घर में आग लग गई. इस हादसे में दूसरी मंजिल पर सो रहे एक ही परिवार के चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई. मृतकों में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे शामिल हैं. सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है.घ

टना नयापुरा थाना क्षेत्र में तड़के करीब 4.30 बजे हुई. बताया जा रहा है कि मकान के नीचे स्थित डेयरी में गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद आग लग गई. पहली मंजिल पर डेयरी प्रोडक्ट्स रखे थे, जिससे आग बेकाबू हो गई और दूसरी मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया. स्थानीय लोगों के अनुसार, घर में रखे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ. सूचना मिलने पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. फायर ब्रिगेड कर्मचारी दूसरी मंजिल पर सो रहे परिवार के रेस्क्यू में जुटे, लेकिन ऊपर जाने का रास्ता सकरा होने से टीम रेस्क्यू नहीं कर पाई. जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद मौके पर पहुंचे.



पुलिस अधीक्षक गेहलोद ने बताया कि हादसे में दिनेश कारपेंटर (35), उनकी पत्नी गायत्री कारपेंटर (30), बेटी इशिका (10) और बेटे चिराग (7) की मौत हो गई. उन्होंने बताया कि नयापुरा में डेयरी संचालक दिनेश कारपेंटर की दुकान नीचे थी और उनका परिवार ऊपर रहता था. आग लगने के दौरान दिनेश कारपेंटर और उनका परिवार घर में मौजूद था. अभी पुलिस की टीम मौके पर है. फॉरेंसिक टीम के साथ मिलकर आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है. ऐसी संभावना है कि कुछ इंफ्लेमेबल मटेरिल फर्स्ट फ्लोर पर स्टोर करके रखा गया था, इसकी जांच जारी है. मौके पर तीन फायर बिग्रेड पहुंची. रेस्क्यू कर एक पुरुष, एक महिला और दो बच्चों का शव निकाला. सिंगल रास्ता होने से इसमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. रास्ते पर मलबा पड़ा होने से आग बुझाने और रेस्क्यू कार्य में दिक्कत हुई. मिल्क कॉर्नर में जहां ब्लास्ट हुआ, वहां एलपीजी सिलेंडर मिला है. मौके पर अन्य एलपीजी सिलेंडर भी रखे थे. पहली मंजिल पर भी डेरी प्रोडक्ट भी रखे हुए थे.

**सवाल-जवाब** | पारंपरिक और अपारंपरिक खतरों का 'ब्लू वाटर' में मुकाबला करने में सक्षम हैं दोनों जहाज

# नौसेना को मिले सेंसर से लैस सूरत और नीलगिरी जहाज

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

देश के आत्मनिर्भर होने की यात्रा में एक और ऐतिहासिक दिन जुड़ गया, जब भारतीय नौसेना को एक साथ दो युद्धपोत सौंपे गए. इनमें एक विध्वंसक सूरत और दूसरा फ्रिगेट नीलगिरी हैं. इन जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) ने निर्मित किया है.



दो अत्याधुनिक युद्धपोतों के एक साथ समुद्री बेड़े में शामिल होने से भारतीय नौसेना की परिचालन और युद्ध क्षमता बढ़ेगी. नौसेना को मिला जहाज 'सूरत' प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम है. इससे पहले पिछले तीन वर्षों में इसी प्रोजेक्ट के तीन जहाजों विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इम्फाल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है. सूरत की डिलीवरी भारतीय नौसेना की स्वदेशी विध्वंसक निर्माण परियोजना का समापन है.

इस परियोजना की शुरुआत 2021 में हुई थी. कुल 7,400 टन वजन और 164 मीटर की लंबाई वाला निर्देशित मिसाइल विध्वंसक होने के नाते आईएनएस सूरत शक्तिशाली और बहुमुखी प्लेटफॉर्म है, जो सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जहाज रोधी मिसाइलों और टॉरपीडो सहित अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस है. इसने अपने समुद्री परीक्षणों के दौरान 30 नॉट्स (56 किमी/घंटा) से अधिक की गति प्राप्त की है. यह स्वदेशी रूप से विकसित भारतीय नौसेना का पहला एआई सक्षम युद्धपोत है, जो इसकी परिचालन दक्षता को कई गुना बढ़ाएगा.

नौसेना को सौंपा गया फ्रिगेट नीलगिरि प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ का पहला जहाज है. इस योजना के सात जहाज एमडीएल, मुंबई और जीआरएसई, कोलकाता में बनाए जा रहे हैं. ये बहु-मिशन फ्रिगेट भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और अपारंपरिक दोनों तरह के खतरों से 'ब्लू वाटर' में मुकाबला करने में सक्षम हैं. नए जहाजों को डीजल या गैस से संचालित किया जाता है. इन जहाजों में अत्याधुनिक एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म प्रबंधन प्रणाली भी है. जहाजों में सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी अपग्रेडेड गन और रैपिड फ़ायर क्लोज-इन हथियार प्रणालियों को लगाया गया है.

नौसेना को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने को ध्यान में रखते हुए इन जहाजों में 75 फीसदी स्वदेशी सामग्री लगाई गई है. इन परियोजनाओं ने देश में आत्मनिर्भरता, आर्थिक विकास, रोजगार को बढ़ावा दिया है.

## निर्माता-निर्देशक सुमित मिश्रा का निधन

**मुंबई ।** निर्माता, आर्ट डिजाइनर, पेंटर और प्रोडक्शन डिजाइनर सुमित मिश्रा नहीं रहे. सामने आई जानकारी के मुताबिक उन्होंने आत्महत्या की है. वे मणिकर्णिका फिल्म फेस्टिवल के जनक थे. सुमित मिश्रा के अचानक निधन से फैंस सदमे में हैं. सोशल मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि वे शायद आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे. सुमित मिश्रा के सोशल मीडिया अकाउंट को देखकर यह अंदाजा लगा पाना मुश्किल है कि वे किसी तरह की परेशानी में थे. वे किस तकलीफ में थे, उन्होंने किसी को इसकी भनक तक नहीं लगने दी और दुनिया को अलविदा कह दिया. उनके दोस्त सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, 'मणिकर्णिका फिल्म फेस्टिवल के जनक और अनोखे फिल्मकार और चित्रकार सुमित जी हमारे बीच नहीं रहे'.

**जयपुर में यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन**

## पुलिस व कार्यकर्ताओं में झड़प लाठीचार्ज में कई कार्यकर्ता घायल

**एजेंसी । जयपुर**

राजस्थान यूथ कांग्रेस ने शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने के उद्देश्य से बड़ा प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक से मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच किया लेकिन पहले से तैयार पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया. यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक अभिमन्यु पूनिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को पार करने का प्रयास किया.

जैसे ही पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारियों ने इसका विरोध किया. इसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और प्रदर्शनकारियों ने जबरन सुरक्षा घेरा तोड़ने का प्रयास किया. स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया. प्रदर्शनकारियों ने जवाब में पुलिस पर कुर्सियां फेंकीं, जिससे माहौल और गरमा गया. हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिसमें कई कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया.




मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)